सूर्योदय 7:11 सूर्यास्त 5:59

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.0 न्यू | 12.4 अधि |
| धर्मशाला | 4.8 न्यू | 19.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,739.13 |
| निफ्टी | 25,727.55 |
| सोना | 1,45,000 |
| चांदी | 2,53,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 4 फरवरी 2026 | 22 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 38, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सात माह बाद बिक्रमजीत मजीठिया नाभा जेल से रिहा



एजेंसी, चंडीगढ़। आय से अधिक संपत्ति मामले में नाभा जेल में सात माह से बंद अकाली नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया को सोमवार सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद मंगलवार को रिहा कर दिया गया। जेल से बाहर आते ही मजीठिया ने समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया और अपनी पत्नी गनीव कौर के साथ उपस्थित रहे। रिहाई के बाद मजीठिया ने कहा कि धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब, गुरु गोबिंद सिंह महाराज की कृपा से सरकार का दबाव हमें ताकत दे गया। उनके रिहाई से पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। (अनंत ज्ञान)

### इमरान खान की बहन को फिर गैर-जमानती वारंट



एजेंसी, इस्लामाबाद। पाकिस्तान के रावलपिंडी की एंटी-टेररिज्म कोर्ट ने नवंबर 2024 के विरोध प्रदर्शन मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान के खिलाफ एक बार फिर गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कोर्ट ने उनके दो जमानतदारों नदीम बिलाल और वाहिद महमूद के खिलाफ भी वारंट जारी किए हैं। वारंट लागू न होने पर कोर्ट ने एसपी रावल को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए गिरफ्तारी कर पेश करने के आदेश दिए। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- शीतकालीन अवकाश के बाद मिशन मोड में स्कूल -पेज 3
- कियाणी में दो मंजिला घर में लगी आग, लाखों रुपए का नुकसान -पेज 4
- शिमला में फोरलेन टनल निर्माण से जमीन धंसी, लोगों में दहशत -पेज 7
- स्मार्ट मीटरों को लेकर ग्रामीणों का विरोध -पेज 9
- अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल में हुआ हिमस्खलन -पेज 12

# हिमाचल में हेल्थ सेक्टर को बूस्टर डोज

## सीएम सुक्खू बोले-3000 करोड़ रुपए की लागत से खरीदे जाएंगे अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण



शिमला में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालने के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है। शिमला में स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार का ध्येय केवल भवनों का निर्माण नहीं, बल्कि आम जनमानस को उनके घर-द्वार के निकट विश्व स्तरीय उपचार उपलब्ध कराना है।

उन्होंने घोषणा की कि आगामी अप्रैल माह से प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों के लिए 3,000 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद प्रक्रिया शुरू की जाएगी। चिकित्सा सेवाओं में निरंतरता बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग में 300 चिकित्सकों का एक विशेष प्रशिक्षण एवं अवकाश रिजर्व कोटा सृजित करने के निर्देश दिए हैं।

इस नवाचार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जब चिकित्सक उच्च शिक्षा या पीजी कोर्स के लिए जाएं, तो उनके पीछे अस्पतालों में पद रिक्त न रहें और मरीजों का उपचार बाधित न हो। इसके साथ ही, चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए उन्होंने मेडिकल कॉलेजों में छात्रों के बैच का आकार सीमित कर अधिकतम 60 छात्र प्रति कक्षा करने और नए लेक्चर थिएटरों के निर्माण के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आईजीएमसी शिमला में जल्द ही पैट स्कैन और रोबोटिक सर्जरी की अत्याधुनिक सुविधाएं शुरू कर दी जाएंगी। वर्तमान में चमियाना सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और टांडा मेडिकल कॉलेज में यह सेवाएं पहले से ही सफलतापूर्वक प्रदान की जा रही हैं। सरकार 'आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों' की अवधारणा को धरातल पर उतार रही है, जिससे ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों के निवासियों को जटिल उपचार के लिए राज्य से बाहर जाने की मजबूरी न रहे। रिक्त पदों को भरने और आवश्यकतानुसार नए पद सृजित करने की प्रक्रिया को भी तेज कर दिया गया है ताकि स्टाफ की कमी को स्थायी रूप से दूर किया जा सके।

### हिमाचल में समयबद्ध होंगे स्वास्थ्य सुधार

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी स्वास्थ्य परियोजनाओं और पहलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने की कड़ी हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि एक विस्तृत कार्य योजना के तहत प्रदेश के हर स्वास्थ्य संस्थान को उन्नत नैदानिक सेवाओं और पर्याप्त पैरामेडिकल स्टाफ से सुसज्जित किया जा रहा है। इन प्रयासों से न केवल मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा, बल्कि स्वास्थ्य कर्मियों को भी काम करने के लिए एक अनुकूल और आधुनिक वातावरण प्राप्त होगा। बैठक में स्वास्थ्य सचिव एम सुधा देवी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ने दोहराया कि चिकित्सा क्षेत्र में किए जा रहे ये सुधार आने वाले समय में हिमाचल की स्वास्थ्य प्रणाली के लिए निर्णायक सिद्ध होंगे।

# डंगा बैठने से गहरी खाई में गिरी एचआरटीसी की बस, चार की मौत

## कई घायल, उत्तराखंड के क्वाणु में पास हुआ हादसा



घायलों को बचाने में जुटे लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

पावंटा साहिब, नाहन। जिला शिमला के चौपाल से वाया उत्तराखंड पांवटा साहिब जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस मंगलवार सुबह उत्तराखंड के क्वाणु क्षेत्र में पास लेते समय डंगा बैठने के कारण अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई।

हादसे के समय बस में करीब 32 लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद मची चीख पुकार सुन स्थाई लोग मदद को आगे आए। लोगों ने गहरी खाई में उतर कर घायलों को पीठ उठाकर सड़क पर पहुंचाया। जहां से उन्हें एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पाल पहुंचाया गया। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत की सूचना है, जबकि कई यात्री घायल बताए जा रहे हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू कर घायलों को सड़क तक पहुंचाया। हादसा इतना खतरनाक था की बस के फरखचे उड़े गए।

कंडक्टर के अनुसार बस में लगभग 32 यात्री सवार थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही शिमला और सिरमौर से एचआरटीसी के अधिकारियों का दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया।

वहीं, चौपाल से एसडीएम, डीएसपी और आरटीओ नाहन को भी मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। राहत एवं बचाव कार्य के लिए उत्तराखंड प्रशासन से भी सहयोग लिया जा रहा है। वहीं, एसडीएम पांवटा साहिब ने भी विकास नगर सिविल अस्पताल पहुंचकर कर घायलों का जाना हाल जाना। प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जिला सिरमौर के अधिकारियों को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों तथा घायलों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील से सेंसेक्स 2000 अंक उछला

एजेंसी, मुंबई



भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील के ऐलान के बाद भारतीय शेयर बाजारों में जोरदार तेजी देखने को मिली। 3 फरवरी को सेंसेक्स कारोबार के दौरान 2,500 अंक तक उछल गया और अंत में 2,073 अंक (2.54 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 83,739.13 पर बंद हुआ। निफ्टी 639 अंक (2.55 प्रतिशत) की छलांग लगाकर 25,727.55 पर बंद हुआ।

### निफ्टी 25,700 पार, अमेरिकी टैरिफ कट से बाजार में जोश

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर टैरिफ घटाने के ऐलान से निवेशकों में उत्साह देखा गया। सभी 16 प्रमुख सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में रहे। बैंकिंग, मेटल, इंफ्रास्ट्रक्चर और फाइनेंशियल शेयरों में मजबूत खरीदारी रही। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी करीब 3.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी के टॉप गेनर्स में अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट्स और जियो फाइनेंशियल शामिल रहे, जिनमें 11 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज हुई। यह 12 मई 2025 के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में सबसे बड़ी तेजी है। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका ने भारतीय सामानों पर घटाया टैरिफ कृषि, इलेक्ट्रॉनिक्स और कपड़ों में मिलेगा फायदा

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित ट्रेड डील पर सोमवार देर शाम सहमति बन गई। ऐतिहासिक इस समझौते के तहत अमेरिका ने भारतीय सामानों पर टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है, जबकि भारत भी अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे कुछ मामलों में ये शून्य तक जा सकती हैं।

### भारत भी अमेरिकी उत्पादों पर कम करेगा प्रतिबंध



इस डील से भारतीय उपभोक्ताओं को कई वस्तुओं पर कीमतों में राहत मिलने की संभावना है। कृषि उत्पाद जैसे दालें, डेयरी और प्रोसेस्ड फूड सस्ते हो सकते हैं। टेक हार्डवेयर, लैपटॉप और गैजेट्स की कीमतें भी घट सकती हैं। पैकेज्ड फूड और घरेलू उपकरणों की पहुंच आसान होगी।

निर्यात के मोर्चे पर भारत को भी लाभ मिलेगा। कपड़े, ज्वेलरी और रत्न उद्योग अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे। इंडस्ट्रियल सेक्टर जैसे स्टील, रसायन और इंजीनियरिंग सामानों की निर्यात बाधाएं कम होंगी। हालांकि, कुछ औद्योगिक उत्पाद जैसे स्टील, एल्युमीनियम, कॉपर और ऑटो कंपोनेंट अभी भी महंगे रह सकते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह डील भारतीय बाजार में कीमतों और निर्यात दोनों के लिए ऐतिहासिक बदलाव लाएगी, साथ ही उपभोक्ताओं और निर्यातकों दोनों को फायदा पहुंचेगा। (अनंत ज्ञान)

# रुपए को लगे पंख, आठ साल का टूटा रिकॉर्ड, 1 .5 प्रतिशत उछला

## अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील ने भरा जोश

एजेंसी, मुंबई



भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते का असर रुपए पर भी पड़ा है। डॉलर के मुकाबले रुपए ने शानदार मजबूती दिखाई। रुपया 90.27 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। सोमवार को क्लोजिंग लेवल 91.51 था। भारतीय रुपए में करीब 1.5 प्रतिशत की मजबूती देखी गई। इस तरह यह दिसंबर 2018 के बाद एक दिन में सबसे बड़ी तेजी मानी जा रही है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी शुल्क में कटौती से पूरी तस्वीर बदल गई है। इससे दुनिया के सामने भारत की स्थिति मजबूत हुई है और भारतीय बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों की वापसी के दरवाजे खुल गए हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.30 पर खुला, जो पिछले बंद स्तर 91.51 के मुकाबले 119 पैसे की बढ़त दर्शाता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत गिरकर 97.43 पर था। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय सेना के लिए देश में बनेंगे हेलिकॉप्टर

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत में रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अडानी ग्रुप ने इटली की दिग्गज एयरोस्पेस और डिफेंस कंपनी लियोनार्डो के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इसके तहत भारतीय सेना और सशस्त्र बलों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए देश में ही आधुनिक हेलिकॉप्टरों का निर्माण किया जाएगा।

अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस और लियोनार्डो के बीच इस साझेदारी को लेकर नई दिल्ली में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत लियोनार्डो के सैन्य उपयोग वाले एडब्ल्यू 169एम और एडब्ल्यू 109 rekkerM हेलिकॉप्टरों की मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई भारत में की जाएगी। वहीं, इटली की कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड क्लीन चिट मिलने के पांच साल बाद फिर भारत के रक्षा क्षेत्र में एंट्री करने जा रही है। यह वही कंपनी है, जिसका नाम बहुचर्चित वीवीआईपी हेलिकॉप्टर कांड से जुड़ा था। इसने करीब एक दशक तक भारतीय राजनीति को झकझोर दिया था। (अनंत ज्ञान)

# कुलदीप पठानिया बने हिमाचल कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष



अनंत ज्ञान, शिमला। कांगड़ा से अनुभवी नेता और पूर्व केंद्रीय सहकारी बैंक अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री की संस्तुति पर यह आदेश जारी किया गया।

पठानिया के नेतृत्व में बोर्ड अब मंडियों के आधुनिकीकरण, किसानों की आय बढ़ाने और डिजिटल संरचना से जोड़ने पर काम करेगा। उनके बैंकिंग और सहकारी क्षेत्र के अनुभव से बागवानों और किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद है।

# लोकसभा में राहुल की स्पीच पर दूसरे दिन भी हंगामा, कहा-मुझे नहीं बोलने दिया

एजेंसी, नई दिल्ली



लोकसभा में मंगलवार लगातार दूसरे दिन राहुल गांधी की स्पीच पर हंगामा खड़ा हो गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी है। हुआ यूं कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए नेता विपक्ष राहुल गांधी जैसे ही खड़े हुए और उन्होंने अपनी बात रखनी शुरू की। उन्होंने फिर से राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाना चाहा और कल की बात फिर से दोहराते हुए कहा कि यह चीन और पाकिस्तान के साथ जुड़ा राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आपत्ति जताते हुए कहा कि नेता विपक्ष सदन को गुमराह कर रहे हैं। स्पीकर की बैठक में हुई बातचीत का जिक्र करते हुए रिजिजू ने कहा कि हम यहां सुनने के लिए बैठे हैं लेकिन उन्हें विषय को छोड़ना चाहिए।

### समर्थन में विपक्षी सांसदों का भी बोलने से इनकार, पेपर उछाले

राहुल गांधी इस पर रुके नहीं और उन्होंने फिर से नरवणे के संस्मरण का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि में विपक्ष का नेता हूं, मुझे बोलने दिया जाए। इसके बाद उन्होंने कहा कि अगर आर्टिकल पर ऐतराज है, तो नहीं बोलूंगा। इसके बाद राहुल गांधी ने चीन का जिक्र किया और कहा कि ईस्टर्न लद्दाख में भारतीय सैनिक मारे गए।

इसी दौरान किसी सदस्य ने चेयर को संबोधित करते हुए यार बोल दिया। इस पर चेयर ने फटकार लगाते हुए कहा कि यह संसद है। उस समय आसन पर कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी बैठे थे। इस यार के मुद्दे पर लोकसभा में हंगामा होने लगा। दूसरी तरफ विपक्षी सांसद भी इस बात से भड़क उठे कि नेता विपक्ष को बोलने नहीं दिया जा रहा है। इसी दौरान आसन की तरफ पेपर भी फेंके गए। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका के मुद्दे पर गर्माया सदन, विपक्ष ने किया बहिष्कार

एजेंसी, नई दिल्ली



अमेरिका के साथ हुए समझौते की जानकारी को लेकर मंगलवार को राज्यसभा में भारी हंगामा हुआ। विपक्ष ने आरोप लगाया कि डील से जुड़ी सूचनाएं भारत के बजाय वाशिंगटन से सामने आ रही हैं। नारेबाजी के बाद विपक्षी दलों ने सदन का बहिष्कार किया।

### जेपी नड्डा बोले-यह गैर राष्ट्रवादी व्यवहार

राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने विपक्ष के रवैये को गैर जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि यह व्यवहार गैर राष्ट्रवादी है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे ट्रेड समझौते पर सदन को जानकारी देगी और संबंधित मंत्री इस विषय पर विस्तार से बयान देंगे। नड्डा ने कहा कि विपक्ष बेवजह शोर-शराबा कर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बाधित कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष देश और व्यापार के विकास में रुचि नहीं रखता और हर मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। हालांकि, नड्डा के आश्वासन के बावजूद विपक्ष संतुष्ट नहीं हुआ और नारेबाजी के बीच सदन से वॉकआउट कर गया।

# हिमाचल में पंचायतीराज संस्थाओं पर लंबे प्रशासनिक पहरे के संकेत

## चुनाव में देरी की बनी संभावना, सरकार फिर रखेगी सुप्रीम कोर्ट में अपनी बात

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में 3577 पंचायतों और 73 नगर निकायों के कार्यकाल समाप्त होने के बाद स्थानीय लोकतंत्र की स्थिति अस्थिर हो गई है। पंचायतों का कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त हो चुका है, जबकि 47 नगर निकायों का कार्यकाल 18 जनवरी को ही पूरा हो गया। वर्तमान में इन निकायों का संचालन प्रशासकों के माध्यम से हो रहा है, जो जनता की सीधी भागीदारी के लिए चिंता का विषय है।

हिमाचल हाईकोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिए हैं कि चुनाव प्रक्रिया 30 अप्रैल से पहले पूरी की जाए, लेकिन प्रशासनिक सुस्ती के कारण कई जिलों में वोटर लिस्ट अभी तक नोटिफाई नहीं हुई है। केवल चंबा, शिमला और लाहौल-स्पीति जिलों में फॉर्म-15 नोटिफाई किया गया है। नगर निकायों के लिए भी केवल 20 एसडीएम ने तैयारी पूरी की है।

सूत्रों के अनुसार, सरकार स्टेट पंचायतीराज एक्ट और डिजास्टर एक्ट के कानूनी प्रावधानों का सहारा लेकर सुप्रीम कोर्ट में जा सकती है, जिससे 28 फरवरी तक आरक्षण रोस्टर लागू करने की समयसीमा टल सकती है। ऐसे में 30 अप्रैल की डेडलाइन पर चुनाव कर पाना मुश्किल प्रतीत हो रहा है और पूरी प्रक्रिया 25 मई के बाद तक खिंच सकती है।

### सर्वोच्च न्यायालय का फैसला होना बाकी



पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने भी स्पष्ट किया है कि सर्वोच्च न्यायालय जाने पर अंतिम फैसला होना अभी बाकी है। कुल मिलाकर, वोटर लिस्ट की सुस्ती और सरकार की कानूनी कवायद यह संकेत दे रही है कि हिमाचल में स्थानीय लोकतंत्र के स्थान पर नौकरशाही का कब्जा और गहरा हो सकता है। यह स्थिति न केवल चुनावी आंकड़ों के गणित को बिगाड़ रही है, बल्कि प्रदेश में लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की भावना को भी कमजोर कर रही है।

कवायद

## सोलन सहित अन्य जिलों की बैंक शाखाओं में फंसे हैं करीब 400 करोड़ रुपए

# बघाट बैंक को आरबीआई ने दिया शेयर खरीदने का सुझाव

अनत ज्ञान





आर मोहन चौहान, सोलन। एनपीए और वित्तीय अनियमितताओं के चलते आरबीआई के प्रतिबंध झेल रहे बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक सोलन को पटरी पर उतारने की कवायद तेज हो गई है। एक तरफ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने बैंक प्रबंधन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

वहीं, आरबीआई ने बैंक को शेयर कैपिटल बढ़ाने के लिए कर्मचारियों और कलेक्शन एजेंटों को शेयर खरीदने का सुझाव दिया है। बैंक अब भावनात्मक रूप से लोगों से भी शेयर खरीदने की अपील करेगा। ऐसे में यदि सरकारी अनुदान और शेयर खरीदने से होने बैंक के खाते में जोड़ने वाली राशि और संपतियों की नीलामी से बैंक को कैपिटल टू रिस्क वेटेड एजेंट रेशों कम करने में मदद मिलेगी।

### बैंक की वित्तीय स्थिति सुधारने की कवायद तेज

अनंत ज्ञान स्पैशल

यह एक बैंकिंग का अनुपात है, जो किसी बैंक को रखने की बैंक की क्षमता दर्शाता है। आरबीआई का मानक 9 फीसदी है। बघाट बैंक का यह करार फिलहाल माइनस 18 फीसदी है। बैंक में कैपिंग लगने से करीब 80 हजार खाताधारकों और शेयर होल्डर का करीब 400 करोड़ फंसा है। हालांकि, 2 हजार से ज्यादा खाताधारकों को इंश्योरेंस के तहत 5-5 लाख रुपए मिल चुके हैं।

### शेयर पूंजी में करीब 8 से 10 करोड़ रुपए बढ़ाने की जरूरत

बैंक को करार (कैपिटल टू रिस्क वेटेड एसेट रेशो) को कम करने के लिए शेयर पूंजी में करीब 8 से 10 करोड़ रुपए बढ़ाने की जरूरत है। इसके लिए शेयर बेचेगा। यही कारण है कि बैंक ने इसकी शुरुआत अपने कर्मचारियों व कलेक्शन एजेंटों से की है। जब तक इसमें सुधार नहीं होगा, तब तक बैंक की आर्थिक स्थिति पटरी पर नहीं आएगी। यह तभी संभव है, जब बैंक की शेयर पूंजी बढ़ेगी। बघाट बैंक के अध्यक्ष अरुण शर्मा ने बताया कि आरबीआई के निर्देशों के अनुसार बैंक शेयर पूंजी को बढ़ाएगा। इसके लिए आम लोग भी बैंक के शेयर खरीद सकते हैं। बैंक के कर्मचारियों व कलेक्शन एजेंटों से भी शेयर खरीदने की अपील की गई है।

### एनपीए घटने की उम्मीद

फिलहाल एनपीए 114 करोड़ रुपए पर अटका हुआ है। बैंक की उम्मीद अब 16 प्रॉपर्टी को नीलामी से अर्जित होने वाली पूंजी से भी लगी है। बैंक के एमडी राजकुमार ने बताया कि यदि बैंक इन सभी प्रॉपर्टी को बेचने में कामयाब रहता है तो इससे करीब 5.76 करोड़ रुपए के ऋण की वसूली होगी। खाताधारकों और शेयर होल्डर का विश्वास कायम करने के लिए बैंक ने फिलहाल आरबीआई की कैपिंग के बाद पहली बार वार्षिक आमसभा बैठक 17 फरवरी को आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसमें 11 हजार शेयर होल्डर के करीब 400 डेलीगेट भाग लेंगे।

# ड्यूटी में लापरवाही पर 9 पुलिस होमगार्ड कर्मियों पर गिरी गाज

अनंत ज्ञान

◆ एसपी ने 4 पुलिस कर्मियों को किया सस्पेंड, एक को किया लाइन हाजिर

**सोलन।** ड्यूटी में कोताही बरतने वाले पुलिस कर्मियों व होमगार्ड जवानों के खिलाफ एसपी सोलन गौरव सिंह ने बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार सुबह करीब 2 बजे से 5 बजे तक किए गए औचक निरीक्षण के दौरान लापरवाही सामने आने पर कुल 9 कर्मियों पर कार्रवाई की गई। इनमें 4 पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है, जबकि 1 पुलिस कर्मी को लाइन हाजिर किया गया है। वहीं 4 होमगार्ड जवानों पर विभागीय कार्रवाई की संस्तुति भेजी गई है।

एसपी गौरव सिंह ने परवाणू, धर्मपुर और सदर थाना क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नाकाबंदी, नाइट ड्यूटी और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात पुलिस कर्मी और होमगार्ड जवान ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण में गंभीर लापरवाही सामने आने पर एसपी ने तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। निलंबित किए गए कर्मियों में एक हेड कांस्टेबल, एक एचएचसी और दो कांस्टेबल शामिल हैं, जबकि एक अन्य हेड कांस्टेबल को लाइन हाजिर किया गया है। कार्रवाई की जद में आए कर्मियों में से पांच परवाणू थाना, जबकि दो-दो कर्मी धर्मपुर और सदर थाना क्षेत्र में तैनात थे। एसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

गौरतलब है कि एसपी गौरव सिंह जिले में नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रहे हैं और साथ-साथ विभागीय अनुशासन को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। इससे पहले भी वे ड्यूटी में लापरवाही और पीड़ित के साथ दुर्व्यवहार के मामले में एक एएसआई रैंक के अधिकारी को निलंबित कर चुके हैं। एसपी ने स्पष्ट किया है कि अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# महिलाओं को अब स्वरोजगार के लिए मिलेगा 3 लाख तक का ऋण : शांडिल

## महिला विकास निगम की बैठक में स्वरोजगार ऋण सीमा तीन गुना बढ़ाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल की अध्यक्षता में आयोजित महिला विकास निगम के निदेशक मंडल की 52वीं बैठक में स्वरोज़गार ऋण की सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर सीधे 3 लाख करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को बड़े स्तर पर अपना उद्यम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना है।



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल महिला विकास निगम की योजनाओं की समीक्षा करते हुए। अनंत ज्ञान

बैठक के दौरान डॉ. शांडिल ने विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे कौशल विकास, रोज़गार सृजन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सरकार की इन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश की पात्र महिलाओं तक पूर्ण पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पहुंचना चाहिए। मंत्री ने कहा कि निगम न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करेगा, बल्कि महिलाओं को आधुनिक व्यापारिक कौशल सिखाने के लिए जागरूकता शिविर भी आयोजित करेगा।

### भविष्य की रूपरेखा पर भी की चर्चा

**निदेशक** मंडल ने महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य की रूपरेखा पर भी चर्चा की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) श्याम भगत नेगी और निगम के प्रबंध निदेशक अजय कुमार यादव सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार ने हिमाचल के विकास को दी नई गति : डॉ. राजीव बिंदल

अनंत ज्ञान

◆ कहा- कांग्रेस जनता को कर रही गुमराह

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने बजट में हिमाचल के लिए खजाना खोल दिया है, जबकि कांग्रेस सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वर्ष हिमाचल को टैक्स डेवोल्यूशन के तहत 14 हजार करोड़ दिए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में ₹2500 करोड़ अधिक है। इसके अलावा, राज्य में कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए रेलवे विस्तार हेतु 3 हजार करोड़ और फोरलेन परियोजनाओं के लिए 40 हजार करोड़ के ऐतिहासिक निवेश के साथ विकास कार्यों को गति दी जा रही है।



डॉ. बिंदल ने प्रदेश सरकार की नकारात्मक राजनीति की आलोचना करते हुए कहा कि पीएमजीएसवाई, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों के लिए भी भारी-भरकम बजट सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आपदा राहत के रूप में मिले 6 हजार करोड़ और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले मकानों के वितरण में प्रदेश सरकार पारदर्शिता बरतने में विफल रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिमाचल को फार्मा हब बनाने की घोषणा और बल्क ड्रग पार्क जैसे प्रोजेक्ट्स प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेंगे, लेकिन राज्य सरकार केवल धरने और राजनीति तक सीमित है।

# राजस्व घाटा अनुदान बंद होने से राज्य के विकास पर लगेगा अंकुश: नरेश चौहान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने केंद्र सरकार द्वारा राजस्व घाटा अनुदान बंद किए जाने पर कड़ा विरोध जताया है। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यह पहाड़ी राज्यों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। उन्होंने भाजपा सांसदों और नेताओं को घेरते हुए सवाल किया कि वे इस मुद्दे पर प्रदेश की जनता के साथ हैं या इस कटौती के पक्ष में हैं? चौहान ने स्पष्ट किया कि इस अनुदान के रुकने से हिमाचल को 40 से 50 हजार करोड़ रुपये का भारी नुकसान होगा, जिससे विकास कार्यों की रफ्तार थम जाएगी।

नरेश चौहान ने कहा कि देश की आजादी के बाद से ही हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए वित्त आयोग ने राजस्व घाटा अनुदान की व्यवस्था की थी। यह कोई खैरात नहीं, बल्कि इन राज्यों के विकास को गति देने का एक आधार था। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि जहां इस अनुदान में बढ़ोतरी की उम्मीद थी, वहीं इसे पूरी तरह बंद करना प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए घातक साबित होगा।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर पर निशाना साधते हुए नरेश चौहान ने कहा कि वह मीडिया में जो आंकड़े पेश कर रहे हैं, वे पूरी तरह राजनीति से प्रेरित और गुमराह करने वाले हैं। उन्होंने समझाया कि केंद्र सरकार राज्यों से टैक्स का पैसा जीएसटी के रूप में वसूलती है और उसका 40 प्रतिशत हिस्सा वापस करना उनकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। इसे केंद्र की विशेष मदद बताकर जनता को भ्रमित करना गलत है।

पूर्व भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए चौहान ने कहा कि पिछली सरकार की गलत नीतियों के कारण ही आज हिमाचल आर्थिक संकट से जूझ रहा है। वर्तमान कांग्रेस सरकार को 75 हजार करोड़ का कर्ज और 12 हजार करोड़ की अन्य देनदारियां विरासत में मिली हैं। उन्होंने कहा कि यह समय एक-दूसरे पर दोष लगाने का नहीं, बल्कि हिमाचल के अधिकारों के लिए एकजुट होकर लड़ने का है।

### राज्य के हितों के लिए एकजुट होने की अपील



**नरेश** चौहान ने भाजपा नेताओं से आग्रह किया कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश हित में आगे आएं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल की है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने 16वें वित्त आयोग के सामने मजबूती से प्रदेश का पक्ष रखा है। अब भाजपा सांसदों को भी केंद्र से बात कर इस अनुदान को बहाल करवाने में सहयोग करना चाहिए ताकि प्रदेश को इस वित्तीय संकट से उबारा जा सके। अंत में उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे दिल्ली के फैसलों के साथ हैं या हिमाचल की जनता के हकों के साथ। राजस्व घाटा अनुदान की बहाली ही हिमाचल के भविष्य को सुरक्षित कर सकती है।

# हिमाचल में हाई बीम का गलत इस्तेमाल पड़ेगा भारी अब कटेगा भारी चालान

◆ उल्लंघन पर लाइसेंस हो सकता है सस्पेंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अब रात के समय हाई बीम लाइट का गलत इस्तेमाल करना वाहन चालकों की जेब पर भारी पड़ने वाला है। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश के सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब राज्य में हाई बीम के दुरुपयोग को डेंजरस ड्राइविंग की श्रेणी में रखा जाएगा। पहाड़ी और घुमावदार रास्तों पर सामने से आ रहे चालकों की आंखों में पड़ने वाली तेज रोशनी की वजह से होने वाले हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने यह कदम उठाया है।

पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 1000 से 5000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। गंभीर मामलों में चालक का लाइसेंस सस्पेंड करने और बार-बार गलती दोहराने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान है। महानिदेशक अशोक तिवारी के अनुसार, सुरक्षित यात्रा के लिए लो बीम सबसे बेहतर विकल्प है। पुलिस अब नाकों और ट्रैफिक चेकिंग के दौरान विशेष रूप से हेडलाइट्स की जांच करेगी ताकि पैदल यात्रियों और अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# हिमाचल में रेल परियोजनाओं में अड़ंगे डाल रही राज्य सरकार: जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में रेलवे विस्तार के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2911 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट जारी करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट यूपीए शासन काल की तुलना में 27 गुना अधिक है, जो हिमाचल के प्रति प्रधानमंत्री की विशेष प्राथमिकता को दर्शाता है। हालांकि, ठाकुर ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र के इस भरपूर सहयोग के बावजूद राज्य सरकार विकास कार्यों में अड़ंगे लगा रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार अपने हिस्से के कार्यों और नियमों के निर्वहन में लापरवाही बरत रही है, जिससे रेल परियोजनाएं लटकी हुई हैं और समय के साथ इनकी लागत भी बढ़ती जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से राजनीतिक द्वेष त्याग कर प्रदेश के हित में इन परियोजनाओं को गति देने का आग्रह किया।

पंचायत चुनाव के मुद्दे पर जयराम ठाकुर ने सरकार की मंशा पर कड़े सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद अभी तक 12 में से 10 जिलों में मतदाता सूची का प्रकाशन नहीं हो पाया है। ठाकुर ने पूछा कि क्या यह देरी मुख्यमंत्री की इच्छा पर हो रही है या अधिकारी जानबूझकर न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं? उन्होंने इसे प्रदेशवासियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन बताया। वहीं दूसरी ओर, जयराम ठाकुर ने अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर टैरिफ कम करने के फैसले को प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी कूटनीतिक जीत करार दिया। उन्होंने कहा कि शुल्क में कटौती से भारतीय स्टार्टअप्स, किसानों और लघु उद्योगों को वैश्विक बाजार में नई पहचान मिलेगी और यह 'विकसित भारत' के संकल्प को और मजबूती प्रदान करेगा।

### उत्तराखंड बस हादसे पर जताया गहरा दुख



**नेता** प्रतिपक्ष ने चौपाल से पांवटा साहिब जा रही एचआरटीसी बस के उत्तराखंड के क्वाणु में दुर्घटनाग्रस्त होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस हादसे में प्रभावित हुए यात्रियों और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। जयराम ठाकुर ने उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सरकारों से इस संकट की घड़ी में समन्वय स्थापित करने और पीड़ित परिवारों को हर संभव चिकित्सा सहायता व राहत प्रदान करने का विशेष अनुरोध किया है।

# केंद्र सरकार ने हिमाचल को दिया हजारों करोड़ का फंड: हर्ष महाजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सांसद डॉ. हर्ष महाजन ने राज्यसभा में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश को विभिन्न योजनाओं के लिए निरंतर वित्तीय मदद दे रही है। आंकड़ों के अनुसार, जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2022-23 में हिमाचल को 2163.83 करोड़ उपलब्ध कराए गए, जिसमें से 1615.65 करोड़ खर्च किए गए। इसी तरह 2023-24 और 2024-25 में भी करोड़ों की राशि जारी की गई, जो राज्य के ग्रामीण विकास और पेयजल आपूर्ति के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



केंद्र सरकार ने केवल पेयजल ही नहीं, बल्कि कृषि और आपदा प्रबंधन के लिए भी हिमाचल की झोली भरी है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत पिछले तीन वर्षों में कुल ₹450.56 करोड़ की सहायता दी गई है। इसके अलावा, बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम के लिए 30.16 करोड़ और ऊना जिले के हरोली ब्लॉक में कमांड एरिया विकास परियोजना के लिए 4.37 करोड़ की राशि जारी की गई है। इन आंकड़ों ने स्पष्ट कर दिया है कि केंद्र से फंड का प्रवाह नियमित रूप से जारी है। राज्यसभा सांसद डॉ. हर्ष महाजन ने कहा कि राज्यसभा में प्रस्तुत ये तथ्य कांग्रेस सरकार के उस प्रचार को पूरी तरह निराधार साबित करते हैं, जिसमें बार-बार केंद्र से पैसा न मिलने की बात कही जाती थी। उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग द्वारा 9 उपयोगिता प्रमाणपत्र केंद्र को जमा करवाना इस बात का पक्का प्रमाण है कि केंद्र से न केवल धन मिला, बल्कि उसका उपयोग भी किया जा रहा है। महाजन ने राज्य सरकार को नसीहत दी कि वे राजनीति करने के बजाय इन योजनाओं को समय पर पूरा कर जनता को लाभ पहुंचाएं।

## अपने सिपहसालार केसीसीबी के पूर्व चेयरमैन को बड़ी जिम्मेदारी देकर बख्शी इज्जत

# कुलदीप पठानिया का रुतबा बढ़ा गए सीएम

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** केसीसीबी के पूर्व चेयरमैन कुलदीप पठानिया का 'रुतबा' बहाल हो गया है। उन्हें सरकार ने हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड का अध्यक्ष बनाया है। गौरतलब है कि केसीसीबी के बोर्ड को कुछ समय पहले विवादों के चलते भंग कर दिया गया था और वहां एडमिनिस्ट्रेटर लगा दिए जाने की वजह से कुलदीप पठानिया पिछले कुछ समय से नई जिम्मेवारी की इंतजार में थे। पूर्व विधायक रहे पठानिया मुख्यमंत्री के सिपहसालारों में 'खास' हैं। हमीरपुर जिला में पठानिया का कांग्रेस के भीतर अपना अलग 'रुतबा' है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

उन्हें नए और पुराने सभी कांग्रेसियों में 'समन्वय' बनाने के नाम से भी अव्वल माना जाता है। यही वजह है कि एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के माध्यम से पठानिया को फिर से 'ताकत' देने का सरकार ने प्रयास किया है। जिला कांग्रेस में पठानिया की मौजूदगी किसी से छिपी नहीं है, वह हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहकर मुख्यमंत्री सुक्खू खेमे में खास भूमिका में रहते आए हैं। पिछले विधानसभा चुनावों से पहले भी पठानिया सुक्खू समर्थकों में जिस माहौल में जिला के कांग्रेसियों को मजबूती देने का प्रयास करते रहे हैं, शायद यह उसी कड़ी का नया हिस्सा बना है।

### विरोधियों के कयासों पर लगाया विराम



**केसीसीबी** के बोर्ड को कुछ समय पहले कंट्रोवर्सी की वजह से जब भंग कर दिया गया था, तो उस समय के बाद उनके विरोधियों को शायद यह लगा कि अपनी सरकार के सत्ता के दो और वर्षों में पठानिया अब शायद ही कोई पद हासिल कर पाएंगे? लेकिन उनके 'रुतबे' की जिस खास अंदाज में अब बहाली हुई है, वह भी कम नहीं आंकी जा सकती।

### हमीरपुर में सुक्खू सरकार का संतुलन

**हमीरपुर** जिला की राजनीति में सत्ता सुख भोगने वालों की सूची में कई और नाम भी हैं, लेकिन इतना तय है कि दिवंगत वीरभद्र खेमे के लोगों को सुक्खू सरकार में इस जिले से लगभग 'फासले' पर रखा गया है। सीएम सुक्खू ने पिछले विधानसभा उपचुनावों में जिन लोगों ने अपने ग्रुप का मुकम्मल तौर पर साथ दिया, उन्हें सत्ता सुख से जोड़ने में कतई कोर-कसर नहीं छोड़ी।

### एपीएमसी व मार्केटिंग बोर्ड में कुलदीप पठानिया की स्थिति

**हिमाचल** प्रदेश में एपीएमसी की 10 इकाइयों को इसी मार्केटिंग बोर्ड का सदस्य माना जाता है। इसी के तहत एपीएमसी काम करती हैं। हालांकि, इनके इंडिपेंडेंट उपाध्यक्ष भी होते हैं, इनकी लगभग सभी जिलों में इकाइयां हैं। हमीरपुर से अजय शर्मा उसी के अध्यक्ष हैं। मार्केटिंग बोर्ड का शिमला के खलिणी में कार्यालय है और केसीसी बैंक के जिस रुतबे का प्रभाव पहले था, पठानिया को लगभग उसी में फिर से शुमार कर दिया गया है।

### आने वाले चुनावों में पठानिया और समर्थकों की होगी परीक्षा

**अब** देखना यही है कि जिन लोगों को इस जिला की कांग्रेस राजनीति में सुक्खू सरकार ने मान-सम्मान और ताकत देने का प्रयास किया है। आने वाले पंचायत चुनावों और उसके बाद विस चुनावों में इसका कितना फल मिल पाएगा? इस पर भी उनकी परीक्षा तो होगी ही।

# डॉ. सिकंदर कुमार ने सदन में पूर्व सैनिकों की उठाईं समस्याएं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने सदन में प्रदेश के सैनिकों, पूर्व सैनिकों, बुजुर्गों और बीमार सैनिकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान हमीरपुर जिले की विषम परिस्थितियों की ओर खींचते हुए कहा कि वर्तमान में वहां दो पूर्व सैनिक कैंटीन संचालित हैं। उन्होंने विशेष रूप से बड़सर कैंटीन का उल्लेख करते हुए बताया कि इस पर बड़सर, ढटवाल, बंगाणा और झंडूता क्षेत्र के हजारों कार्डधारक निर्भर हैं, जिससे व्यवस्था पर अत्यधिक बोझ पड़ रहा है।



सांसद ने बताया कि बड़सर कैंटीन पर कुल तेरह हजार पांच सौ से अधिक कार्डधारकों की निर्भरता है, जिनमें से लगभग चार हजार कार्डधारक अकेले ढटवाल तहसील से संबंध रखते हैं। ढटवाल तहसील की बड़सर कैंटीन से दूरी कुछ गांवों के लिए पैंतीस किलोमीटर तक है। वर्तमान में कैंटीन की प्रतिदिन की क्षमता केवल ढाई सौ कार्डों के निपटान की है, जबकि मांग इससे कहीं अधिक है। इस कारण महीने के मुख्य दिनों में भारी भीड़ और अव्यवस्था उत्पन्न होती है, जिसका सबसे बुरा प्रभाव बुजुर्ग और बीमार पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य और सुविधा पर पड़ता है। डॉ. सिकंदर कुमार ने सदन के माध्यम से भारत सरकार से विनम्र आग्रह किया कि इन कठिनाइयों के स्थाई समाधान के लिए ढटवाल तहसील में एक पूर्व सैनिक कैंटीन विस्तार काउंटर खोला जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की सेवा करने वाले इन वीरों और उनके आश्रितों को सम्मानजनक, सुविधाजनक और सुचारू सेवाएं मिलना अत्यंत आवश्यक है। इस विस्तार काउंटर के खुलने से न केवल भीड़ कम होगी, बल्कि दूरदराज के इलाकों में रहने वाले पूर्व सैनिकों को अपने घर के समीप ही आवश्यक सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

## युवा चेंज मेकर्स | 25 जनवरी से उठा बदलाव का तूफान, युवाओं ने थामा मोर्चा

# अनुराग ने हिमाचल की राजनीति को दी नई चुनौती

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** 25 जनवरी से शुरू हुआ 'युवा चेंज मेकर्स' अभियान महज एक सरकारी या संगठनात्मक कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि हिमाचल की राजनीति के जड़ हो चुके ढांचे को सीधी चुनौती है। दस हजार युवाओं की भागीदारी के साथ यह साफ हो गया है कि प्रदेश का युवा अब सिर्फ दर्शक नहीं रहना चाहता—वह निर्णय की मेज़ पर जगह चाहता है।

इस पूरी पहल के पीछे एक स्पष्ट सोच है अनुराग सिंह ठाकुर की सोच। वहीं अनुराग ठाकुर, जिन्होंने पहले खेल महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों के ज़रिये युवाओं को मैदान में उतारा और अब उन्हें नीति, राजनीति और नेतृत्व के केंद्र में लाने का रास्ता खोल रहे हैं।

आज की राजनीति में युवाओं को अक्सर नारे लगाने और सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने तक सीमित कर दिया गया है। 'युवा चेंज मेकर्स' इस सोच को उलट देता है। यह कार्यक्रम युवाओं से सिर्फ समर्थन नहीं, समझ और जिम्मेदारी मांगता है।

सांसद अनुराग ठाकुर का मानना है कि अगर भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवा देश है, तो उसकी राजनीति भी युवाओं की सोच से संचालित होनी चाहिए—वरना लोकतंत्र सिर्फ उम्रदराज़ चेहरों का क्लब बनकर रह जाएगा। खेल महाकुंभ के जरिये युवाओं को मैदान से जोड़ने के बाद अब अनुराग ठाकुर उन्हें उस जगह तक ले जाना चाहते हैं, जहां नियम बनते हैं, नीतियां तय होती हैं और फैसले लिए जाते हैं।

यह बदलाव आकस्मिक नहीं है, बल्कि एक निरंतर प्रयोग का अगला चरण है—जिसका उद्देश्य है युवाओं को अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और नेतृत्व तीनों से लैस करना। युवा चेंज मेकर्स को चार स्पष्ट आधारों पर खड़ा किया गया है—युवा जुड़ाव, सामुदायिक प्रभाव, नेतृत्व विकास और प्रतिभा पाइपलाइन। यह ढांचा बताता है कि कार्यक्रम का लक्ष्य तात्कालिक लोकप्रियता नहीं, बल्कि दीर्घकालिक नेतृत्व निर्माण है।

कार्यक्रम के तहत चुने गए शीर्ष 21 युवाओं को 1 लाख 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। यह रकम प्रतीक है उस भरोसे का, जो युवाओं की सोच और सामाजिक पहल पर जताया गया है। संदेश साफ है—अगर विचार मजबूत है, तो संसाधन रास्ता खुद बना लेंगे।

### पुरानी राजनीति बनाम नई पीढ़ी



**'युवा** चेंज मेकर्स' के साथ हिमाचल की राजनीति दो साफ़ ध्रुवों में बंटती दिख रही है—एक तरफ़ वह राजनीति जो युवाओं को सिर्फ वोट बैंक मानती है, दूसरी तरफ़ वह सोच जो उन्हें नीति निर्माता के रूप में देखती है। अनुराग ठाकुर की यह पहल सवाल खड़े करती है—क्या हिमाचल अब भी वही पुरानी राजनीति चाहता है, या वह नई पीढ़ी को नेतृत्व सौंपने के लिए तैयार है? धर्मशाला से उठी यह आवाज़ अब पहाड़ों तक सीमित नहीं रही। दस हजार युवाओं की भागीदारी ने इसे आंदोलन का स्वरूप दे दिया है। यह शुरुआत है उस बदलाव की, जिसमें हिमाचल सिर्फ राजनीतिक बहसों का विषय नहीं, बल्कि राजनीतिक दिशा तय करने वाला राज्य बनेगा। यह कहा जा सकता है कि यह कहानी किसी एक व्यक्ति की नहीं है यह कहानी उस पीढ़ी की है, जो अब इंतजार नहीं करेगी।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

# एचपी सैट आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी तक बढ़ी

**आनंद ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने राज्य पात्रता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अभ्यर्थियों से प्राप्त अनुरोधों को देखते हुए आयोग ने पोर्टल को दोबारा खोलते हुए आवेदन की समय सीमा 10 फरवरी 2026 तक बढ़ाकर उम्मीदवारों को बड़ी राहत दी है। जानकारी के अनुसार जो पात्र उम्मीदवार पहले आवेदन नहीं कर पाए थे, वे अब आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से 10 फरवरी रात 11:59 बजे तक फॉर्म भर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में आवेदन कर दिया है, उन्हें दोबारा प्रक्रिया दोहराने की आवश्यकता नहीं है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल के जरिए ही स्वीकार किए जाएंगे और अन्य किसी माध्यम से भेजे गए आवेदनों को सीधे खारिज कर दिया जाएगा। किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए उम्मीदवार आयोग के टोल फ्री नंबर 1800-180-8004 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कांग्रेस करे तथ्यों पर आधारित राजनीति : रणधीर

## बोले-टैक्स डिवोल्यूशन के तहत राज्य को इस बार मिले 13,949 करोड़

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं विधायक रणधीर शर्मा ने केंद्रीय बजट 2026-27 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज करार दिया है। शिमला में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट लोकलुभावन घोषणाओं से ऊपर उठकर दूरदर्शी सुधारों पर केंद्रित है, जो भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों जैसे अमेरिका के टैरिफ संबंधी खतरों और चीन की सप्लाई चैन बाधाओं का जिक्र करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी भारत का आर्थिक सशक्तिकरण मोदी के मजबूत नेतृत्व का प्रमाण है।

शर्मा ने हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में कांग्रेस सरकार के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि राज्य को केंद्र से मिलने वाली सहायता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि टैक्स डिवोल्यूशन के तहत प्रदेश को इस बार 13,949 करोड़ मिले हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2,500 करोड़ अधिक है। रेलवे के क्षेत्र में भी हिमाचल को 2,911 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है, जो कांग्रेस के शासनकाल की तुलना में 27 गुना अधिक है। वर्तमान में राज्य में 17,711 करोड़ के रेल प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं और 100 फीसदी विद्युतीकरण का लक्ष्य पूरा हो चुका है, जो प्रदेश की कनेक्टिविटी में मील का पत्थर साबित होगा।




### सुक्खू सरकार कर रही आर्थिक कुप्रबंधन

**रणधीर** शर्मा ने राज्य की सुक्खू सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस केवल आलोचना के लिए आलोचना की नीति अपना रही है। उन्होंने याद दिलाया कि हिमाचल से 'विशेष राज्य का दर्जा' और 90:10 की फंडिंग व्यवस्था कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने छीनी थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने पुनः बहाल किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार रेलवे विस्तार में सहयोग नहीं कर रही और 1,900 करोड़ की अपनी देनदारी को लटकाए बैठी है। शर्मा ने अंत में कहा कि राजस्व घाटा अनुदान एक अस्थायी व्यवस्था थी और यदि राज्य सरकार आर्थिक कुप्रबंधन कर रही है, तो इसका दोष केंद्र पर मढ़ना तर्कहीन है।

# आउटसोर्स कर्मचारियों को हर महीने 7 तारीख को मिलेगा मानदेय: सुक्खू

## एचपीएसईडीसी की बैठक में लिया फैसला, निगम में 18 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के निदेशक मंडल की अध्यक्षता करते हुए निगम के कामकाज को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में जहां कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता दी गई, वहीं निगम की कार्यप्रणाली में अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला पारदर्शिता और व्यावहारिकता लाने के लिए तकनीकी शुल्क के ढांचे में भी बड़े बदलाव किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने निगम के तहत कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए कि उनका मानदेय हर महीने की 7 तारीख तक अनिवार्य रूप से जारी किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानदेय में देरी से कर्मचारियों को अपने दैनिक खर्चों को पूरा करने में कठिनाई होती है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि हर कर्मचारी को समय पर भुगतान मिले ताकि वे आर्थिक रूप से सुरक्षित महसूस कर सकें।

बैठक के दौरान निगम की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि एचपीएसईडीसी लगातार उन्नति की राह पर है। वित्त वर्ष 2023-24 में निगम ने 275 करोड़ के टर्नओवर के साथ 15 करोड़ का लाभ कमाया था, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 300 करोड़ के टर्नओवर और 18 करोड़ के शुद्ध लाभ तक पहुंच गया है। चालू वित्त वर्ष में 31 दिसंबर 2025 तक निगम 199.25 करोड़ रुपए का कारोबार कर चुका है, जो इसकी मजबूत वित्तीय स्थिति को दर्शाता है।



### टेंडर प्रक्रिया में बदलाव व निगम का नया नामकरण

**प्रशासनिक** सुधार की दृष्टि से मुख्यमंत्री ने निविदाओं पर लागू तकनीकी शुल्क में संशोधन के निर्देश दिए। अब 5 करोड़ तक के टेंडरों पर 5फीसदी, 5 से 10 करोड़ के बीच 3 फीसदी और 10 करोड़ से अधिक के टेंडरों पर 2 फीसदी शुल्क लागू होगा। साथ ही, युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाने की निगम की नई भूमिका को देखते हुए इसका नाम बदलकर अब हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स मैनपावर एवं ओवरसीज एम्प्लॉयमेंट कॉरपोरेशन करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई है।

# युवक के यूरिन और ब्लड सैंपल की जांच में ड्रग्स ट्रेसिस की पुष्टि, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के बीएसएल कॉलोनी क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक के यूरिन और ब्लड सैंपल की मेडिकल जांच में ड्रग्स के ट्रेसिस की पुष्टि होने पर एफआईआर दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी की टीम बीते 3 दिसंबर को क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान बीएसएल कॉलोनी के पास संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर पुलिस ने मंडी जिला के सरकाघाट क्षेत्र के रहने वाले सतीश के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई गई थी। इस दौरान पुलिस ने आरोपी की तलाशी में उससे जला हुआ फॉयल पेपर तथा 20 रुपए का करंसी नोट बरामद किया गया, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया। इसके बाद आरोपी का सिविल अस्पताल सुंदरनगर में मेडिकल परीक्षण करवाया गया था। वहीं मेडिकल जांच में नशीले पदार्थ पाए गए। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। मामले की पुष्टि एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने की है।

# शीतकालीन अवकाश के बाद मिशन मोड में स्कूल

## पहले ही दिन चौक-चौराहों पर नहीं, क्लासरूम में दिखेंगे विद्यार्थी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के उच्च शिक्षा निदेशालय ने सर्दियों की छुट्टियों के बाद खुलने वाले स्कूलों के लिए एक सख्त और स्पष्ट रोडमैप तैयार किया है। प्रदेश सरकार की मंशा साफ है कि छुट्टियों की सुस्ती को दरकिनार कर शैक्षणिक सत्र के बहुमूल्य समय का सदुपयोग किया जाए। इसी कड़ी में मंगलवार को उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा सभी जिला उप-निदेशकों को कड़े फरमान जारी किए गए हैं, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि 12 फरवरी को स्कूल खुलते ही बिना किसी औपचारिकता या देरी के नियमित पढ़ाई का पहिया घूमना शुरू हो जाना चाहिए। यह निर्देश न केवल शिक्षकों बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही भी तय करता है।

शिक्षा निदेशालय के नए निर्देशों का मुख्य केंद्र बिंदु समय की बचत करना है। अक्सर देखा जाता है कि लंबी छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने पर शुरुआती कुछ दिन प्रशासनिक तालमेल और सफाई व्यवस्था में ही बीत जाते हैं, जिससे छात्रों का नुकसान होता है। इस बार निदेशालय ने स्पष्ट कर दिया है कि टीचिंग-लर्निंग प्रोसेस यानी शिक्षण प्रक्रिया में एक घंटे का भी विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। सभी प्रधानाचार्यों और प्रभारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि छात्र जैसे ही परिसर में कदम रखें, उन्हें सीधे शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ा जाए ताकि उनके सीखने की निरंतरता बनी रहे। केवल कागजी निर्देशों तक सीमित न रहते हुए विभाग ने धरातल पर निगरानी की भी पुख्ता योजना बनाई है। फरवरी के पूरे महीने में जिला उप-शिक्षा निदेशकों, कॉम्प्लेक्स स्कूलों के प्रिंसिपलों और ब्लॉक एलीमेंट्री एजुकेशन अधिकारियों को फील्ड में रहने के आदेश दिए गए हैं। ये अधिकारी विभिन्न स्कूलों का औचक दौरा करेंगे और यह सत्यापित करेंगे कि स्कूल पूरी तरह से संचालित हो रहे हैं या नहीं। निरीक्षण के दौरान केवल उपस्थिति ही नहीं, बल्कि कक्षाओं में चल रहे वास्तविक शिक्षण कार्य की गुणवत्ता की भी जांच की जाएगी।

### समन्वय व संचार के माध्यम से जवाबदेही तय

**निदेशालय** ने प्रशासन के हर स्तर पर सूचना के प्रवाह को अनिवार्य बना दिया है। सभी उप-निदेशकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे इन निर्देशों को अपने अधिकार क्षेत्र के हर स्कूल, शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारी तक तत्काल पहुंचाएं। इसका उद्देश्य यह है कि 12 फरवरी की सुबह किसी भी स्तर पर संवादहीनता का बहाना न बचे।

### मल्टी टास्क वर्करों की भूमिका पर स्थिति स्पष्ट

**शैक्षणिक** व्यवस्था को सुचारू बनाने के साथ-साथ विभाग ने अन्य सहायक पहलुओं पर भी ध्यान केंद्रित किया है। इससे पहले निदेशालय ने पार्ट-टाइम मल्टी टास्क वर्करों की सेवाओं को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की थी ताकि छुट्टियों और स्कूल खुलने के समय उनके कार्यों को लेकर कोई भ्रम न रहे।

# इंडोनेशिया की दोस्त से संपर्क न होने पर नाबालिग ने की खुदकुशी

◆ पश्चिम बंगाल का था मृतक, शमशी में किराये के कमरे में रहता था

अनंत ज्ञान

**भुंतर।** कुल्लू जिला के शमशी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शमशी में वर्कशॉप के पास किराए के कमरे में रहने वाले एक नाबालिग लड़के ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।

पुलिस जानकारी के अनुसार इंडोनेशिया की लड़की से कुछ दिनों से संपर्क न होने से शमशी में एक नाबालिग ने खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस आगामी कार्रवाई में जुटी है। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो लड़का किराए के कमरे में मृत पड़ा हुआ था। मृतक यहां पर अपनी बहन के साथ रहता था। नाबालिग लड़का पश्चिम बंगाल का रहने वाला था। उसके माता-पिता निजी कार्य से पश्चिम बंगाल गए हुए थे। मृतक की पहचान कौशिक राय (15) पुत्र रतन कुमार निवासी दक्षिण झलारा बंदानी जिला जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल) के रूप में हुई है।

### इंस्टाग्राम पर इंडोनेशिया की लड़की से हुई थी दोस्ती

**मृतक** की बहन ने बताया कि उसका भाई ऑनलाइन गेम खेलता था। इस दौरान उसकी दोस्ती इंडोनेशिया की युकी नामक लड़की से हुई, जिससे वह इंस्टाग्राम पर चैट भी करता था। पिछले कुछ दिनों से लड़की से संपर्क नहीं होने पर वह मानसिक तौर पर परेशान रहने लगा था। उसके बाद अब उसने खुदकुशी जैसा खौफनाक कदम उठाया।

**इस** मामले में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में आगामी कार्रवाई अमल में लाई रही है। आजकल अधिकतर युवा ऑनलाइन गेम और ऑनलाइन साइट पर अधिक व्यस्त रहते हैं जोकि चिंतनीय विषय है। परिजनों को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

-मदन लाल कौशल, एसपी कुल्लू।

# आरएलए फर्जी वाहन रजिस्ट्रेशन मामले में एसडीएम कार्यालय झंडूता का लिपिक निलंबित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आरएलए फर्जी वाहन रजिस्ट्रेशन कांड की जांच अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचती नजर आ रही है। इस बहुचर्चित मामले की आंच बिलासपुर जिले के प्रशासनिक तंत्र तक पहुंच गई है। एसडीएम कार्यालय झंडूता में कार्यरत लिपिक गौरव भारद्वाज को गंभीर आपराधिक मामले में संलिप्त पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई निदेशक, भूमि अभिलेख हिमाचल प्रदेश, शिमला द्वारा की गई है।

गौरव भारद्वाज के खिलाफ एफआईआर संख्या 07/2026 थाना क्राइम ब्रांच नई दिल्ली में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई है। मामला आरएलए से जुड़े फर्जी वाहन पंजीकरण नेटवर्क से संबंधित बताया जा रहा है, जिसमें दस्तावेजों की हेराफेरी और नियमों को ताक पर रखकर रजिस्ट्रेशन किए जाने की आशंका है।

मामले को और गंभीर बनाते हुए यह तथ्य भी सामने आया है कि संबंधित लिपिक 21 जनवरी, 2026 से बिना किसी सूचना और सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के ड्यूटी से अनुपस्थित था। इससे यह संदेह और गहराता है कि वह जांच से बचने की कोशिश कर रहा था।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1965 के नियम 10(1) के तहत कार्रवाई करते हुए गौरव भारद्वाज, लिपिक, कार्यालय उपमंडल दंडाधिकारी (सिविल), झंडूता को निलंबित किया गया है।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्थापित होगी गुरु तेग बहादुर पीठ

## युवाओं तक साहित्य पहुंचाने पर होगा कार्य, केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय से मंजूरी का इंतजार: बंसल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय में गुरु तेग बहादुर की पीठ स्थापित की जाएगी। इस संदर्भ में केंद्रीय विश्वविद्यालय ने हाल ही में निर्णय लिया है। यह बात केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने मंगलवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के पंजाबी एवं डोगरी विभाग की ओर से भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के सहयोग से गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में गुरु तेग बहादुर : जीवन, वाणी और शहादत विषयक दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर पीठ स्थापना के संबंध में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के समक्ष आग्रह किया गया है, जहां से स्वीकृति आने का इंतजार है। संगोष्ठी में जापान, कनाडा सहित अन्य देशों से स्कॉलर भाग लेने पहुंचे हैं। गुरु तेग बहादुर और उनके बच्चों ने जिस तरह देश के लिए कुर्बानी दी है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति की वेल्यू एजुकेशन में इस विषय को भी पढ़ाया जाता है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 विकसित भारत का एक एजेंडा तैयार किया जा रहा है युवा शक्ति के लिए, जिसमें गुरु तेग बहादुर की शहाहद पाठयक्रम का हिस्सा बने, इसके लिए हमारा उद्देश्य यह है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय में इस तरह की रिसर्च की जाए और उनका साहित्य युवा पीढ़ी तक पहुंचे, इसके लिए कार्य किया जाएगा। गौरतलब है कि दो दिवसीय संगोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य गुरु तेग बहादुर जी के जीवन-दर्शन, उनकी वाणी में निहित नैतिक एवं मानवीय मूल्यों, धार्मिक स्वतंत्रता, मानवाधिकारों तथा भारतीय ज्ञान-परंपरा में उनके बहुआयामी योगदान पर गंभीर एवं सारगर्भित अकादमिक विमर्श को प्रोत्साहित करना है। संगोष्ठी में भौगोलिक सीमाओं को लांघते हुए भारत के विभिन्न राज्यों (पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर) के साथ-साथ कनाडा, जापान और अमेरिका जैसे देशों से भी प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे हैं। इसमें 54 शिक्षाविद एवं शोधार्थी ऑनलाइन माध्यम से तथा 20 शिक्षाविद ऑफलाइन माध्यम से शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे।



अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेते हुए। अनंत ज्ञान

### ब्रज भाषा के सर्वोत्तम कवि रहे गुरु तेग बहादुर: बेदी

**संगोष्ठी** में शिरकत करते हुए केंद्रीय विश्वविद्यालय के चांसलर पदमश्री डॉ. हरमोहिंद्र सिंह बेदी ने कहा कि ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो गुरु तेग बहादुर की शहादत और उनका व्यक्तित्व, भारतीय संस्कृति और अध्यात्म, भारतीय दर्शन से जुड़ा हुआ है। यही नहीं गुरु तेग बहादुर ब्रज भाषा के सर्वोत्तम कवि हैं। सिंधी के माध्यम से उन्होंने भारतीय दर्शन और चिंतन पर अपनी बात रखी है, जो युवा पीढ़ी के लिए ऐसा मार्ग प्रशस्त करें कि युवा अपने जीवन में उन्हें ढाल लें तो वे के बेहतरीन नागरिक बनेंगे। गुरुओं के साथ पूरा हिमाचल, गुरुद्वारों, उनके स्मारकों के रूप में जुड़ा हुआ है। गुरु तेग बहादुर और गुरु गोविंद सिंह का हिमाचल के साथ रिश्ता विशिष्ट है, पांवटा साहिब इसका विशिष्ट उदाहरण है।



# कियाणी में दो मंजिला घर में लगी आग, लाखों रुपए का नुकसान

## सारा सामान जलकर राख, शॉर्ट सर्किट से लगी आग, प्रशासन ने दी फौरी राहत

अपंत अनंत

**कियाणी/चंबा।** चंबा शहर से सटी कियाणी पंचायत जो जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर मंगलवार रात हंसराज के दो मंजिला मकान में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग इतनी भीषण थी कि घर में रखा घरेलू सामान, बिस्तर, सोफा, अलमारी, कपड़े, टीवी, फ्रिज और लगभग 7-8 लाख रुपये के जेवरात जलकर राख हो गए। इसके अलावा लगभग 1 लाख रुपए नकदी भी जल गई।

हालांकि, परिवार के सदस्य उस समय किसी भी कमरे में मौजूद नहीं थे, जिससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। शुरुआती जानकारी के अनुसार, आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है। इस अग्निकांड के दौरान जलशक्ति विभाग की भूमिका सराहनीय रही। सामान्यत: कियाणी में शाम के बाद पेयजल आपूर्ति बंद कर दी जाती है, लेकिन आग की सूचना मिलते ही पानी की सप्लाई चालू कर दी गई। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने बाल्टियों और पाइपों की मदद से आग बुझाने में तत्परता दिखाई, जिससे आग को निचली मंजिल तक सीमित रखा जा सका और ऊपरी मंजिल को जलने से बचाया गया। अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और फायरकर्मियों ने आग पर काबू पाया, इसे आसपास की बस्तियों में फैलने से रोका। बुधवार सुबह प्रशासन की टीम ने घटनास्थल का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। तहसीलदार ,पटवारी एवं एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती ने बताया कि प्रभावित परिवार को फौरी राहत के तौर पर 10,000 रुपए प्रदान किए गए हैं और विस्तृत आकलन किया जा रहा है।



आग लगने से घर का जला हुआ सामान — अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### एचआईवी संक्रमण व रोकथाम की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा और जिला एड्स कंट्रोल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा के फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए एचआईवी प्रिवेंशन और एचआईवी/एड्स एक्ट-2017 पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने की। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कविता महाजन उपस्थित रहे। डॉ. भारद्वाज ने एचआईवी/एड्स के लक्षण, रोकथाम और उपचार के साथ एक्ट-2017 के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। जिला एड्स अधिकारी डॉ. हरित पूरी ने टोल फ्री नंबर 1097 के माध्यम से सहायता की जानकारी दी।

### चंबा पुलिस ने दर्ज किए चार मामले

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 4 अभियोग दर्ज किए हैं। पुलिस थाना चुवाड़ी में शिकायतकर्ता अनिल कुमार ने पुन्नू राम के खिलाफ घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस थाना तीसा में नरलो निवासी सेरू ने घन्नो निवासी पर रास्ता रोकने और हमला करने का आरोप लगाया (अभियोग संख्या 17/2026)। वहीं एचपी एक्साइज एक्ट के तहत तेज लाल की दुकान से 2500 एमएल अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस थाना चुवाड़ी में कुलदीप सिंह ने मदन सिंह और 4 अन्य पर रास्ता रोककर मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने कहा कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### ऊतकों के ट्यूमर के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान,चंबा।** विश्व कैंसर दिवस पर डॉ. मणिक सहगल, आर्थोपेडिक्स विभाग, पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, चंबा ने हड्डियों और नरम ऊतकों के ट्यूमर के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि लगातार जोड़ या हड्डी में दर्द, अंग में सूजन या गांठ, बिना चोट के हड्डी टूटना, और गतिशीलता में कमी जैसे लक्षण दो सप्ताह से अधिक बने रहें तो तुरंत विशेषज्ञ से परामर्श लें। डॉ. सहगल ने समय पर पहचान और उपचार की आवश्यकता पर जोर देते हुए रोगियों के जीवन और अंगों की सुरक्षा पर बल दिया।

## डलहौजी में बर्फबारी के बाद उमड़ रहा सैलानियों का सैलाब

**अनंत ज्ञान, डलहौजी/चंबा।** चंबा जिले की पर्यटन नगरी डलहौजी में हाल ही में हुई बर्फबारी के बाद अब देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक पहुंच रहे हैं। दूरदराज के प्रदेशों से आए सैलानी बर्फबारी का भरपूर आनंद ले रहे हैं। चारों ओर फैली सफेद बर्फ की चादर से ढकी पहाड़ियां, मकान, पेड़-पौधे और वाहन डलहौजी की प्राकृतिक सुंदरता को और निखार रहे हैं। बर्फ से लकदक डलहौजी के दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। पूरी वादियां स्विट्जरलैंड जैसी नजर आ रही हैं, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग यहां आ रहे हैं। बर्फबारी के बाद पर्यटन में तेजी आई है और हजारों सैलानी डलहौजी का रुख कर चुके हैं। पर्यटक बताते हैं कि लंबे समय से बर्फबारी का इंतजार था और यहां आकर उनका सपना पूरा हुआ। बर्फ से ढकी पहाड़ियों और खूबसूरत वादियों का दृश्य उन्हें यादगार अनुभव दे रहा है।

## मैहला में कार दुर्घटनाग्रस्त बाल-बाल बचा दंपती

**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान, धरवाला।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग पठानकोट-भरमौर रोड पर मैहला के समीप मंगलवार दोपहर 1:30 बजे आल्टो कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। भरमौर से चंबा जा रही तेज रफ्तार कार अचानक रोड की साइट पर खड़ी पिकअप से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के दोनों एयरबैग खुल गए और इससे गाड़ी में बैठे दंपती की जान बच गई। जानकारी के अनुसार गाड़ी नरेश कुमार पुत्र धौदी राम, डाकघर किलोड की थी। प्रारंभिक जांच में गाड़ी में तकनीकी खराबी और ब्रेक फेल होने की संभावना बताई जा रही है। यदि गाड़ी पिकअप से नहीं टकराती, तो यह सीधे रावी नदी में जा गिरती और बड़ा हादसा हो सकता था। सौभाग्य से इस दुर्घटना में दंपति को केवल मामूली चोटें आई हैं और कोई गंभीर घटना नहीं हुई। यह घटना हाईवे पर वाहन चालकों की सतर्कता और सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर करती है।

## द्रोबी नाग मंदिर में स्थापित हुआ 'जय द्रोबी नाग' सेल्फी प्वॉइंट




'जय द्रोबी नाग' सेल्फी प्वाइंट स्थापित किया गया। — अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**साहो।** जिला परिषद करियां वार्ड के अंतर्गत सराहन पंचायत के द्रोबी स्थित नाग मंदिर परिसर में 'जय द्रोबी नाग' सेल्फी प्वाइंट स्थापित किया गया है। इसे करियां वार्ड के पूर्व जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार के प्रयासों से स्थापित करवाया गया।

इस परियोजना पर जिला परिषद की ओर से 15वें वित्त आयोग की मद से लगभग 20 हजार रुपए व्यय किए गए। मुख्य सड़क से द्रोबी तक सेल्फी प्वाइंट को पहुंचाने और इसे स्थापित करने में स्थानीय लोगों ने श्रमदान कर सराहनीय योगदान दिया। मनोज ने बताया कि यह स्थल पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस अवसर पर स्थानीय युवाओं अजय कुमार, स्वर्ण कुमार, सोनू, जीवन, कुलदीप, अजय कुमार, अशोक कुमार, राकेश कुमार, भगतो और धनी राज सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## अमेरिका के साथ हुए कृषि समझौते से किसानों पर पड़ेगा विपरीत प्रभाव: दिनेश

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** अमेरिका के साथ टैरिफ घटाने और अमेरिकी किसानों के उत्पाद सीधे भारतीय बाजार में आने की खबर के बाद हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर एवं हिमाचल किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह जानना जरूरी है कि कृषि क्षेत्र में अमेरिका के साथ किस प्रकार का समझौता हुआ और क्या इसमें भारतीय किसानों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी और किसान कांग्रेस मिलकर किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने सेब बागवानों के उदाहरण का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने विदेश से आयात होने वाले सेब पर आयात शुल्क घटाकर मात्र 20 प्रतिशत कर दिया, जबकि इसे 100 प्रतिशत करना चाहिए था। इससे भारतीय बागवानों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने आशंका जताई कि अमेरिका के साथ हुए समझौते से भारतीय किसानों के हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि समय रहते किसानों को जागरूक होकर अपने क्षेत्रीय सांसदों से जवाब मांगना चाहिए और केंद्र सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

## खजियार में मोबाइल नेटवर्क ठप होने से सैलानी और स्थानीय नागरिक परेशान

**अनंत ज्ञान, खजियार।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजियार इस बार अपने प्राकृति सौंदर्य के बजाय मोबाइल नेटवर्क की समस्या को लेकर सुर्खियों में है। पर्यटन मानचित्र पर अंतरराष्ट्रीय पहचान रखने वाले इस क्षेत्र में जियो का मोबाइल टावर स्थापित होने के बावजूद नेटवर्क पूरी तरह ठप है, जिससे आम जनजीवन और पर्यटन व्यवस्था दोनों प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों और होटल कारोबारियों ने बताया कि मोबाइल सिग्नल की कमी के कारण रोजमर्रा की जिंदगी में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आपातकालीन स्थितियों में मदद लेना मुश्किल हो गया है, डिजिटल भुगतान बाधित है, होटल बुकिंग और ऑनलाइन सेवाएं बीच बीच में ठप हैं और परिजनों से संपर्क तक नहीं हो पा रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय नागरिक कृष शर्मा, रोविन कुमार, पवन कुमार, सोनू कुमार, अमर चंद और पृथी पाल ने प्रशासन और दूरसंचार विभाग के समक्ष कड़ा रोष जताया है।

उनका कहना है कि विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पर ऐसी अव्यवस्था खजियार की छवि को नुकसान पहुंचा रही है और पर्यटन उद्योग पर प्रतिकूल असर डाल रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की कि जियो नेटवर्क की तकनीकी खामियों को तत्काल दूर किया जाए। क्षेत्र में मजबूत और स्थायी सिग्नल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खजियार को पर्यटन स्थल होने के नाते प्राथमिकता दी जाए। विशेषज्ञ और स्थानीय लोग सवाल कर रहे हैं कि जब टावर मौजूद है, तो नेटवर्क गायब क्यों है? प्रशासन और कंपनी कब इस गंभीर समस्या पर ठोस कदम उठाएंगे।

## अंजुमन इस्लामिया का स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले में अंजुमन इस्लामिया समाजसेवा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम बनकर उभरी है। यंग मुस्लिम एसोसिएशन के अध्यक्ष शाकिर अली शाह ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल समाजसेवा तक सीमित नहीं, बल्कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है। अंजुमन इस्लामिया द्वारा दरबार डेटा जमाल शाह, राजपुरा में हर वर्ष नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाता है, जिसमें सैकड़ों लोगों की स्वास्थ्य जांच की जाती है। संस्था अपने पूर्व सदर सैय्यद दिलदार शाह की स्मृति में रक्तदान शिविर भी आयोजित करती है। पिछले छह वर्षों में लगभग 400 यूनिट रक्त पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, चंबा को प्रदान किया गया, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर जीवनरक्षक सहायता मिली। शाकिर अली शाह ने सहयोग देने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया।

## चंबा शहर में जल्द होगा बहुमंजिला पार्किंग भवन का निर्माण: नीरज

### कहा- सभी आवश्यक औपचारिकताएं अंतिम चरण में

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** चंबा शहर में वर्षों से चली आ रही पार्किंग की समस्या का जल्द हल हो जाएगा। बढ़ते ट्रैफिक और बदलते शहरी परिदृश्य को समझते हुए सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने इस गंभीर समस्या को न केवल महसूस किया, बल्कि इसे प्राथमिकता देते हुए ठोस पहल भी की। परिणामस्वरूप चंबा को अब बहुप्रतीक्षित मल्टी-स्टोरी पार्किंग भवन की सौगात मिलने जा रही है। विधायक नीरज नैय्यर ने बताया कि बहुमंजिला पार्किंग भवन के निर्माण को लेकर सभी आवश्यक औपचारिकताएं अंतिम चरण में हैं और शीघ्र ही निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रहे वाहनों के कारण चंबा शहर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है, जिसे सुधारने के लिए यह परियोजना अत्यंत आवश्यक थी। उन्होंने बताया कि निर्धारित स्थल पर सोइल टेस्टिंग का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि यह परियोजना अब केवल घोषणा तक सीमित नहीं, बल्कि कार्यान्वयन के ठोस चरण में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने कहा कि मल्टी-स्टोरी पार्किंग के निर्माण से न केवल चंबा की पुरानी पार्किंग समस्या का स्थायी समाधान होगा, बल्कि यातायात व्यवस्था को भी नया स्वरूप मिलेगा। नीरज ने कहा कि प्रदेश सरकार चंबा शहर के विकास को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जनसुविधाओं से जुड़े प्रत्येक कार्य को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा किया जा रहा है।



## वेटलैंड डे प्रतियोगिता में तृप्ता स्कूल चलवाड़ा के छात्र ओवरऑल विजेता



तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के होनहारों ने प्रतिभा का लोहा मनवाया। — अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के होनहारों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रदेश वन विभाग वाइल्ड लाइफ डिवीजन हमीरपुर की ओर से 2 फरवरी को वेट लैंड-डे पर वाइल्ड लाइफ इंटरप्रिटेशन सेंटर नगरोटा सूरियां में आयोजित प्रतियोगिता में ओवरऑल विजेता बनकर उभरे हैं। इस प्रतियोगिता में जवाली और नगरोटा सूरियां क्षेत्र के लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। तृप्ता स्कूल के स्किट स्पर्धा में कक्षा नौवीं के 9 बच्चों ने भाग लिया।

इसमें काशवी राजपूत, अनन्या देवी, आकृत, विनायक, सुमेधा, दक्ष, ओजस्व, कनिका, ने प्रथम स्थान हासिल किया।

पेंटिंग स्पर्धा में बारहवीं कक्षा की विभूति धीमान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और आर्ट एंड क्राफ्ट में कनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने बच्चों को इस सफलता पर बधाई दी है।

यह बच्चों की कड़ी मेहनत और परिश्रम का परिणाम है, जिन्होंने विद्यालय से बाहर होने वाली इस प्रकार की परीक्षा में अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## कांग्रेस अपनी नाकामी का ठीकरा केंद्र पर फोड़ रही है : सुधीर शर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व मंत्री एवं विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को कर्ज, घाटे और अव्यवस्था के दलदल में धकेल दिया है और अब अपनी पूरी नाकामी छिपाने के लिए 16वें वित्त आयोग तथा केंद्र सरकार पर झूठे और भ्रामक आरोप लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस सरकार को यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि राजस्व घाटा अनुदान कोई भीख नहीं था और न ही स्थायी व्यवस्था।

यह 15वें वित्त आयोग द्वारा दिया गया अस्थायी सहारा था, ताकि राज्य सरकारें अपनी वित्तीय हालत सुधार सकें, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इस अवसर को लूट, फिजूलखर्ची और तुष्टिकरण में बर्बाद कर दिया।

सुधीर ने कहा कि 16वें वित्त आयोग ने शब्दों में कहा कि जिन राज्यों को वर्षों तक राजस्व घाटा अनुदान मिला, उन्होंने न तो कर-संग्रह बढ़ाने की ईमानदार कोशिश की और न ही सरकारी खर्चों पर लगाम लगाई। हिमाचल प्रदेश इसका सबसे बड़ा उदाहरण बनकर उभरा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार जनता को यह नहीं बताती कि 16वें वित्त आयोग की नई व्यवस्था में हिमाचल प्रदेश की केंद्रीय करों में हिस्सेदारी बढ़ी है। अगर फिर भी सरकार के पास वेतन, पेंशन और विकास के लिए पैसा नहीं है, तो इसका सीधा अर्थ है कि सरकार चलाने वालों को वित्त प्रबंधन की समझ ही नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के भविष्य के साथ खिलवाड़ की स्थिति में ला खड़ा किया है। वेतन और पेंशन का संकट खुद सरकार की नीतिगत विफलता का परिणाम है, न कि केंद्र सरकार का।

उन्होंने कहा कि वित्त आयोग ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि अब मुफ्तखोरी और बेलगाम खर्च का युग समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद कांग्रेस सरकार सुधार करने के बजाय केंद्र को कोसने में व्यस्त है।

## भरमौर-पांगी में बर्फबारी से बिगड़े हालात सड़क, बिजली और पानी की आपूर्ति ठप

### विधायक डॉ. जनक राज ने डीसी को सौंपा ज्ञापन, कहा- जल्द हो बहाली



उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते विधायक डॉ. जनराज एवं उनके साथ प्रतिनिधिमंडल। — अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** पांगी-भरमौर विधानसभा क्षेत्र में हालिया भारी बर्फबारी और बारिश के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है।

हालात को सामान्य बनाने और प्रभावित लोगों को राहत दिलाने के लिए क्षेत्रीय विधायक डॉ. जनक राज ने मंगलवार को प्रशासन के समक्ष मजबूती से आवाज उठाई है। विधायक डॉ. जनक राज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। विधायक ने उपायुक्त को अवगत कराया कि खराब मौसम के कारण क्षेत्र की कई सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं, जिससे दूरदराज के इलाकों का संपर्क टूट गया है। इसके साथ ही बिजली और पेयजल आपूर्ति भी बाधित होने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से विधायक ने प्रशासन से आग्रह किया कि संबंधित विभागों को कड़े निर्देश जारी कर युद्धस्तर पर कार्य किया जाए। इसमें बर्फबारी से बंद सड़कों को शीघ्र खोलने, बाधित विद्युत आपूर्ति को तुरंत बहाल करने तथा ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं को सुचारु करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। विधायक की ओर से उठाए गए मुद्दों पर जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सभी संबंधित विभागों के साथ स्थिति की समीक्षा कर प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## बारी कलां स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली सड़क सुरक्षा रैली




सड़क सुरक्षा रैली निकालते विद्यार्थी — अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बारी कलां के विद्यार्थियों की ओर से विद्यालय क्षेत्र के आसपास सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नारे लगाकर लोगों को नियमों का पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम को शिक्षकों की पूर्ण देखरेख और मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना विकसित करने में सहायक होते हैं।

## हिम-आंचल पेंशनर संघ ने जताया दुख

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिम-आंचल पेंशनर्स संघ चंबा एवं तीसा ईकाई ने अध्यक्ष प्रेम सिंह बेदी की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की। इसमें संस्थापक बीडी शर्मा निवासी हमीरपुर के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। सभा में आगामी शनिवार को लक्ष्मण क्लब, चंबा में डिजिटल जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी भी दी गई।

## धौलाधार कॉन्वेंट स्कूल भवारना में लगाया गया नेत्र जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, डरोह।** धौलाधार कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना में साईं समिति मनसिंबल द्वारा रोटरी आई हॉस्पिटल मारंडा के सहयोग से एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रोटरी आई हॉस्पिटल मारंडा से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने स्कूल के विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की आंखों का परीक्षण किया। लोगों को निशुल्क दवाइयां भी बांटी। साईं समिति मनसिंबल के संस्थापक रोशन रैना ने बताया कि जिन बच्चों को डॉक्टरों द्वारा चश्मे का नंबर बताया गया है, उन्हें रोशन रैना अपनी तरफ से निशुल्क चश्मे उपलब्ध करवाएंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुपम मेहरा ने इस जनकल्याणकारी शिविर के सफल आयोजन के लिए रोटरी आई हॉस्पिटल मारंडा के निदेशक सुधीर सल्होत्रा, जीएम राघव शर्मा, एसोसिएट डायरेक्टर रोहित गर्ग तथा डॉ. विपुल राणा तथा साईं समिति मनसिंबल के संस्थापक रोशन रैना का धन्यवाद किया।

**सफलता** डॉ. नरेंद्र ने उद्यान विभाग के सहयोग से पूर्वोत्तर का फूल उगाकर रचा इतिहास

# पालमपुर के राख में लहराया सिंबिडियम ऑर्किड फूल

अनंत ज्ञान,

**अजय पाल, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश की सुरम्य वादियों में बागवानी मात्र फलों के उत्पादन तक सीमित होकर नहीं रह गई है, बल्कि फूलों की खुशबू भी स्वरोजगार के नए द्वार खोल रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उद्यान विभाग की पुष्प क्रांति सहित विभिन्न योजनाएं बागवानों के सपनों को पंख दे रही है। इसका उदाहरण डॉ. नरेंद्र पाठक हैं।

ऊना जिले के कुटलैहड़ के रहने वाले डॉ. नरेंद्र पाठक ने फ्लोरीकल्चर में पीएचडी की है। उनकी शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रही, बल्कि उन्होंने मिट्टी से जुड़कर कुछ नया करने की ठानी। अपने जुनून को हकीकत में बदलने के लिए उन्होंने पालमपुर के राख क्षेत्र में जमीन लीज पर लेकर पॉलीहाउस स्थापित कर फूलों की खेती शुरू की। सिंबिडियम ऑर्किड को अपनी खूबसूरती और लंबे जीवनकाल के लिए जाना जाता है। एक बार गमले से तोड़ने के बाद फूल 5 से 7 सप्ताह तक तरोताजा रहता है। शादी सहित अन्य समारोहों और होटल उद्योग में इन फूलों की अच्छी खासी मांग है। यूं तो यह हिमालयी क्षेत्र का फूल है लेकिन अमूमन भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में ही फलता-फूलता और उगाया जाता है। डॉ. नरेंद्र ने इस चुनौती को स्वीकार किया और इसके कंद (बीज) नॉर्थ-ईस्ट से लेकर आए और आज पालमपुर के राख में उनके तीन अत्याधुनिक पॉलीहाउस में सिंबिडियम के फूलों की 50 से ज्यादा रंग-बिरंगी प्रजातियां लहलहा रही हैं। लगभग 1000 स्क्वायर फीट में फैली यह खेती न केवल डॉ. नरेंद्र की मेहनत का परिणाम है, बल्कि उत्तर भारत में विविधतापूर्ण बागवानी का एक नया और अनूठा मॉडल भी है।



राख में लहलहा रही 50 से ज्यादा रंग-बिरंगी — अनंत ज्ञान

### विभाग ने दिया 18.50 लाख का अनुदान

**किसी** भी बड़े सपने को धरातल पर उतारने के लिए संसाधनों की आवश्यकता होती है। डॉ. नरेंद्र के इस प्रोजेक्ट में प्रदेश बागवानी विभाग ने पुष्प क्रांति योजना और अन्य योजनाओं की विभिन्न मदों में लगभग 18.50 लाख रुपए की सब्सिडी प्रदान की गई। उन्होंने इस सफलता के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू और बागवानी विभाग के अधिकारियों का आभार जताया है। अब डॉ. नरेंद्र अब इसका कंद (बीज) स्वंय तैयार भी कर रहे हैं। वर्तमान में, बाजार में इसकी भारी मांग को देखते हुए सिंबिडियम की एक स्टिक करीब 500 रुपए तक बिकती है, जबकि पूरा गमला 1500 से 2000 रुपए तक की कीमत प्राप्त करता है। मुख्य रूप से दिल्ली जैसे मेट्रोपॉलिटन शहरों में इन फूलों की भारी मांग है।

"**सिंबिडियम** की खेती स्वरोजगार के द्वार खोलती है और यदि कोई बागवान इस आधुनिक खेती को शुरू करना चाहता है, तो वह कांगड़ा जिले के बागवानी विभाग में संपर्क कर सकता है।
**-डॉ. सरिता शर्मा, विषय विशेषज्ञ उद्यान पालमपुर**

"विभाग पुष्पखेती के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत बागवानों की सहायता के लिए तत्पर है। डॉ. नरेंद्र पाठक ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है।
**-डॉ. अलक्ष पठानिया, उप निदेशक उद्यान जिला कांगड़ा।**

"**जिला** कांगड़ा के विकास खंड रैत, धर्मशाला, बैजनाथ व भवारना के ठंडे ऊंचाई वाले क्षेत्र इस फूल की खेती के लिए उपयुक्त हैं। इसलिए बेरोजगार युवा सिंबिडियम की खेती को स्वरोजगार के तौर पर अपना सकते हैं।
**-डॉ. कमलशील नेगी, संयुक्त निदेशक बागवानी विभाग धर्मशाला**

# पौंग बांध में बीसीएस के जरिए नई गतिविधियों की कवायद

## चाटा और नंगल चौक के लिए प्रपोजल हो रहे तैयार

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** पौंग बांध जलाशय में बायोडायवर्सिटी कंजरवेशन सोसायटी (बीसीएस) के जरिए नई गतिविधियों की कवायद शुरू हो गई है।

इसके लिए चाटा और नंगल चौक के लिए प्रपोजल तैयार किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बायोडायवर्सिटी कंजरवेशन सोसायटी (बीसीएस) और जिला वाटर स्पोर्टस एंड अलाइड एक्टिविटी सोसायटी (डीडब्ल्यूएसएएएस) के मध्य जल्द एमओयू हस्ताक्षरित होने की संभावना है। इससे पहले बीसीएस की अहम बैठक भी होगी। बीसीएस के सौजन्य से पौंग बांध एरिया में कुछ और गतिविधियां शुरू करने की संभावनाएं तलाशी जा रही



◆ **बायोडायवर्सिटी कंजरवेशन सोसायटी व डीडब्ल्यूएसएएएस के मध्य एमओयू जल्द**

हैं। इसमें धमेटा के पास चाटा और डाडासीबा के पास नंगल चौक के लिए प्रपोजल तैयार किए जा रहे हैं। इनका सारा मैनेमजेंट प्लान बायोडायवर्सिटी कंजरवेशन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। गौरतलब है कि वर्तमान में पौंग बांध स्थित वाटर स्पोर्ट्स सेंटर में पर्यटकों के लिए कमर्शियल गतिविधियां रजिस्टर्ड आपरेटर की ओर से संचालित की जा रही हैं। जिला वाटर स्पोर्ट्स एंड अलाइड एक्टिविटी सोसायटी द्वारा इन गतिविधियों को आउटसोर्स किया गया है। वहां पर स्पीड बोट के अलावा पैडन बोट, फ्लोटिंग डेक है, जो वर्ड वाचिंग डेक के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। उधर, जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान का कहना है कि पौंग बांध एरिया में बायोडायवर्सिटी कंजरवेशन को ध्यान में रखते हुए पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए दोनों सोसायटीज बीसीएस और डीडब्ल्यूएसएएएस मिलकर प्लान तैयार करेंगी।

### छात्रा मौत मामला

# पुलिस को आरोपी प्रोफेसर के ब्रेन और वॉयस टेस्ट रिपोर्ट का इंतजार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की छात्रा मौत, रैगिंग और यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी सहायक प्रोफेसर के लाइ डिटेक्ट सहित ब्रेन व वॉयस टेस्ट शिमला में हुआ है। तीन दिनों तक शिमला में हुए टेस्टों के दौरान पुलिस की तरफ से जांच अधिकारी डीएसपी निशा कुमारी मौके पर मौजूद रहीं।

जानकारी के अनुसार इस टेस्ट के लिए पुलिस ने कोर्ट से इजाजत ली थी। इसके बाद 29, 30 व 31 जनवरी को यह टेस्ट शिमला में हुआ। अब पुलिस इस टेस्ट की रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। इसके बाद पुलिस मामले के लिए गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट, आरएफएसएल से प्राप्त डिजिटल रिपोर्ट व इन टेस्टों से आने वाली रिपोर्टों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाएगी। इस मामले में तीन मोबाइल फोन की डिजिटल रिपोर्ट अभी तक आना बाकी है, जबकि इस मामले में आरोपी सहायक प्रोफेसर सहित दो छात्राओं को 13 फरवरी तक अंतरिम जमानत मिली है और आरोपी पुलिस जांच में पुलिस को सहयोग कर रहे हैं। गौरतलब है कि धर्मशाला की 19 वर्षीय छात्रा की 26 दिसंबर को संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के बाद इस मामले ने 31 दिसंबर व 1 जनवरी को वीडियो वायरल होने के बाद तूल पकड़ा था। इसके पश्चात 1 जनवरी को धर्मशाला कालेज की 4 छात्राओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इसके बाद यूजीसी, महिला आयोग व राज्य शिक्षा निदेशालय ने इस प्रकरण का संज्ञान लिया था। मेडिकल बोर्ड ने छात्रा से जुड़े मामले में अपनी रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले के हर पहलू की गहनता से छानबीन कर रही है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

# बिना दस्तावेजों के पकड़ा चीनी नागरिक पुलिस रिमांड पर भेजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** मैक्लोडगंज के साथ लगते एक गांव में बिना वैध दस्तावेजों के पकड़े गए चीनी नागरिक को तीन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। करीब तीन माह से किराए के मकान में रहने के संदर्भ में खुलासा पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए चीनी नागरिक से पूछताछ के दौरान हुआ है। पुलिस प्राप्त जानकारी के अनुसार, संबंधित चीनी नागरिक नेपाल के रास्ते से होकर पहले भारतीय राज्य कोलकाता गया था।

इसके बाद यह चीनी नागरिक मैक्लोडगंज पहुंचा है। उसने यह भी बताया है कि वे इससे पहले विदेशी देशों मिस्त्र, आर्मेनिया, तुर्की, इंडोनेशिया, मलेशिया, थाइलैंड आदि देशों को भम्रण कर चुका है। अब पुलिस विभाग सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां संबंधित चीनी व्यक्ति के यहां पहुंचने से लेकर उसकी गतिविधियों के साथ जांच को आगे बढ़ा रही है। सोमवार को धर्मशाला स्थित एसपी कार्यालय में चीनी व्यक्ति लू वेननियन पहुंचा था। चीनी भाषा में बात करने व हिंदी न समझ पाने के बाद इस सारे बारे में मैक्लोडगंज थाना पुलिस को सूचित किया गया था। इसके बाद प्रारंभिक तौर पर चीनी नागरिक कोई वैध दस्तावेज नहीं बता पाया था। पूछताछ में अपना पासपोर्ट प्रस्तुत कर अपने बारे में बताया था। जिसके पता चला था कि वे बिना भारतीय वीजा 130 दिनों से भारत में यहां ठहरा हुआ है। इसके बाद पुलिस मामला दर्ज कर आगामी जांच की जा रही है। उधर, एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि पुलिस द्वारा चीनी नागरिक को मंगलवार के दिन धर्मशाला कोर्ट में पेश किया गया है। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड में भेजा गया है, जबकि आगामी जांच जारी है।

### सालगिरह मुबारक



बालकरूपी (छत्रु देवी) के शशी कुमार शर्मा और निशा शर्मा को शादी की 25वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## नेता प्रतिपक्ष जयराम 7 से कांगड़ा प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर 7 से 9 फरवरी तक कांगड़ा के दौरे पर रहेंगे तथा विभिन्न बैठकों में उपस्थित भाग लेते हुए कुछ कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने बताया कि 7 फरवरी को प्रात: 10:30 बजे पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के पालमपुर ग्रामीण मंडल की बैठक में भाग लेंगे तथा दोपहर 1:30 बजे पालमपुर शहरी मंडल की बैठक में भाग लेंगे। शाम 5:00 बजे पदमश्री डॉ. पीएल गौतम (सेवानिवृत वाईस चांसलर) से मुलाकात करेंगे तथा शाम 5:30 बजे प्रस्थान हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बिंद्राबन से जस्टा रिसोर्ट पालमपुर रात्रि विश्राम करेंगे। 8 के प्रस्तावित कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष प्रात: 9:00 बजे जस्टा रिसोर्ट में प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे तथा उसके बाद प्रात: 10:00 बजे नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के बाबा बड़ोह के लिए रवाना होंगे। दोपहर 1:30 बजे बाबा बड़ोह से देहरा के लिए रवाना होंगे तथा शाम 3 बजे जिला कार्यालय देहरा में पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के अभ्यास वर्ग का समापन करेंगे। शाम 5:00 बजे प्रस्थान देहरा से धर्मशाला के लिए रवाना होंगे। 9 फरवरी को प्रात: 11 बजे सीयू में राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### शाहपुर में 10 को होंगे ड्राइविंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमंडल शाहपुर में 10 फरवरी को ड्राइविंग टेस्ट व 11 फरवरी को वाहनों की पासिंग किया जाना प्रस्तावित है। उपमंडल अधिकारी (नागरिक) एवं अनुज्ञापन एवं पंजीकरण अधिकारी शाहपुर गणेश ठाकुर ने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट के लिए पहले आओ पहले पाओ आधार पर ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग की जाती है। आवदेक 4 फरवरी प्रातः 11:00 बजे से अपना स्लॉट बुक कर सकते हैं।

### नौरा होली मेला 2 से 4 मार्च तक होगा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** होली मेला कमेटी नौरा की बैठक नौरा में कमेटी अध्यक्ष मदन लाल चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी होली मेले की रूपरेखा तय की गई। निर्णय लिया गया कि झंडा रस्म 24 फरवरी को सायं 5 बजे अदा की जाएगी, जबकि होली मेला 2 से 4 मार्च तक आयोजित होगा। पहले मेले 2 मार्च को श्री गणेश जी व मां शेरावाली की झांकियां निकाली जाएंगी। दूसरे मेले में चार झांकियों का आयोजन होगा। तीसरे दिन 4 मार्च को बड़ी होली के अवसर पर बड़ी माता की झांकी निकाली जाएगी और इसी दिन होलिका दहन भी किया जाएगा। तीनों दिनों में पहाड़ी सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। बैठक में मेला कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को बताए सड़क सुरक्षा नियम

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सकड़ी के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा क्लब की प्रभारी सिंपल राणा के नेतृत्व में पुलिस थाना तथा अग्निशमन कार्यालय का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी यादेश कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों, राहवीर योजना, साइबर अपराधों तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। वहीं अग्निशमन कार्यालय के प्रभारी विजय कुमार ने छात्रों को दमकल गाड़ियों, आग बुझाने के आधुनिक यंत्रों तथा बाढ़ व आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण से आपात स्थितियों से निपटने की उपयोगी जानकारी प्राप्त की। सड़क सुरक्षा क्लब प्रभारी सिंपल राणा एवं प्राध्यापक छवि सूद और रमेश राणा ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने के लिए पुलिस व अग्निशमन विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### इग्नू : प्रवेश व पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 15

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा जनवरी 2026 सत्र के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में नए प्रवेश (फ्रेश एडमिशन) एवं पुनः पंजीकरण (री-रजिस्ट्रेशन) की प्रक्रिया जारी है। अध्ययन केंद्र 1187 के समन्वयक डॉ. दीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सत्र के अंतर्गत प्रवेश और पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थी द्वितीय वर्ष तथा द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थी तृतीय वर्ष में पुनः पंजीकरण कर सकते हैं। साथ ही जनवरी 2026 सत्र में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अन्य पाठ्यक्रमों में नया प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं।

### मोदी के नेतृत्व में नागरिक सुरक्षा मजबूत: परमार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच हुई नई ट्रेड डील से अमेरिकी टैरिफ 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत होना, मोदी की सफल कूटनीति का प्रमाण है। इससे भारतीय निर्यात, 'मेक इन इंडिया' और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। परमार ने कहा कि अमेरिका द्वारा अन्य देशों पर अधिक टैरिफ लगाए जाने के बावजूद भारत को अनुकूल स्थिति मिलना देश की बढ़ती वैश्विक साख दर्शाता है। उन्होंने पालमपुर के मर्चेंट नेवी कैडेट रक्षित चौहान की सुरक्षित वापसी का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी सरकार हर भारतीय की सुरक्षा और सम्मान को सर्वोपरि मानती है।

### आयुष्मान आरोग्य शिविर में 58 लोगों की जांच

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा के स्वास्थ्य खंड फतेहपुर के अंतर्गत पोलियां में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और टीबी सहित अन्य गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान करना रहा। शिविर में हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से कुल 58 लोगों की जांच की गई। चिकित्सक खंड अधिकारी फतेहपुर रीचा श्होत्रा ने बताया कि यह पहल 'टीबी-मुक्त भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में अहम कदम है। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को टीबी से बचाव, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी। एक्स-रे जांच से समय पर निदान संभव हुआ, जिससे उपचार शीघ्र शुरू किया जा सकेगा। ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए इसे लाभकारी बताया।

### बैजनाथ में स्टेडियम निर्माण को मंजूरी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** आम आदमी के लिए मिनी हरिद्वार के नाम से प्रसिद्ध बैजनाथ के खीरगंगा घाट का जल्द ही सौंदर्यीकरण किया जाएगा। स्थानीय विधायक किशोरी लाल ने बताया कि 25 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर बैजनाथ पहुंचे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के समक्ष यह मांग रखी गई थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने मौके पर ही मंजूरी दी। खीरगंगा घाट के सौंदर्यीकरण के लिए 2 करोड़ रुपए पर्यटन विभाग को जारी किए जा चुके हैं। इसके अलावा युवाओं की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए 5 करोड़ रुपए युवा सेवाएं एवं खेल विभाग को प्रदान किए गए हैं, जिससे आधुनिक स्टेडियम का निर्माण होगा। इसमें बैडमिंटन, कबड्डी, बॉक्सिंग, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस व कुश्ती की सुविधाएं मिलेंगी। विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए बताया कि जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### मंत्री लालचंद ने किया सड़क कार्यों का निरीक्षण

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारूचक्क ने भोआ विधानसभा क्षेत्र के कोहलीआ-ताश-माखनपुर, सेहौड़ा-तारागढ़ और धोबड़ा-तारागढ़ सड़कों के निर्माण कार्यों का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदारों और अधिकारियों को चेतावनी दी कि निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री बर्दाश्त नहीं होगी। मंत्री ने सड़क की मोटाई, लेयरिंग और कार्य की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे का हर रुपये जनहित में खर्च होना चाहिए और काम तय समय पर पूरा होना चाहिए। कटारूचक्क ने भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। इस अवसर पर नरेश सैनी, ब्लॉक प्रधान लवली, सरपंच हैरी, मंगा माखनपुर सहित कई अधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# जर्जर हालत में बलाहरा स्कूल का भवन, बच्चों की सुरक्षा को खतरा



जर्जर भवन में पढ़ाई करते विद्यार्थी | अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** शिक्षा खंड थुरल के अंतर्गत शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा के दो कमरों की हालत अत्यंत जर्जर बनी हुई है। स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान सीमा देवी ने बताया कि वर्ष 2021 में आई आपदा के बाद से अब तक मरम्मत के लिए कोई धनराशि जारी नहीं की गई है।

इन कमरों की छत से हल्की बारिश में पानी टपकने लगता है, जिससे छात्रों और अध्यापकों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है। एसएसए जेई देहरा द्वारा तैयार किया गया बजट अनुमान भी विभाग को भेजा गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्कूल में पहले से ही कमरों की कमी है और आज तक चारदीवारी तथा उचित शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। अभिभावकों अश्वनी कुमार, सुनील कुमार, ममता देवी, सुषमा देवी, सलोचना देवी व सन्नी कुमार ने सरकार और शिक्षा विभाग से शीघ्र समाधान की मांग की है।

# गीता हमें सिखाती है शांत रहकर आगे बढ़ते रहना चाहिए: सौम्या

## धौलाधार स्कूल के वार्षिक समारोह में डीआईजी ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धौलाधार पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामनगर ने अपना वार्षिक समारोह बड़े धूमधाम से मनाया। इस वर्ष के समारोह की थीम गीता सार था।

डीआईजी सौम्या सांबशिवन ने बतौर मुख्यातिथि व प्रिंसिपल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़ी भवन शर्मा ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गीता के बारे में जानकारी प्रदान की। भगवान विष्णु के अवतार को बखूबी दिखाया गया। महाभारत युद्ध के दौरान अर्जुन व भगवान श्री कृष्ण के संवाद को स्कूल के छात्रों ने बहुत शानदार तरीके से पेश किया। भगवान श्री कृष्ण का विराट रूप की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का मनमोह किया। विशेष अतिथि भवन शर्मा ने कहा कि हमें गीता सार से सीख मिलती है कि हमें कर्म करते रहना चाहिए फल की इच्छा नहीं करनी करनी चाहिए। कार्यक्रम की मुख्यातिथि डीआईजी सौम्या ने कहा कि गीता हमें सिखाती है हमें शांत रहकर आगे बढ़ते रहना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्रों की प्रशंसा की व सभी शिक्षक वर्ग को बधाई दी, जिन्होंने अपना पूरा सहयोग कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों का किया। शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित जमा दो की विज्ञान संकाय में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा खुशी को मुख्यातिथि ने स्मृति चिन्ह के साथ साथ उसके उज्जवल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद भी दिया व स्कूल के अन्य मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए। स्कूल के प्रबंध निदेशक विश्वभानू दत्तवालिया ने मुख्यातिथि व विशेष अतिथि को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया व कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।



रंगारंग कार्यक्रम पेश करते धौलाधार स्कूल के बच्चे। | अनंत ज्ञान

# बजट से हिमाचल निराश, राज्यों के अधिकारों पर चोट : प्रो. चंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने धर्मशाला में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की वित्तीय नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र द्वारा अपनाई जा रही नीतियां संघीय ढांचे की भावना के विपरीत हैं और इससे विशेष रूप से पहाड़ी व संसाधन-संरक्षण करने वाले राज्यों को आर्थिक संकट की ओर धकेला जा रहा है। प्रो. चंद्र ने कहा कि वर्ष 1952 से भारत में वित्त आयोग की व्यवस्था लागू है, जो भारतीय संविधान के अंतर्गत गठित होती है। इसका उद्देश्य राज्यों की वित्तीय स्थिति का आकलन कर उन्हें न्यायसंगत सहायता प्रदान करना रहा है। हर पांच वर्ष में गठित होने वाला यह आयोग राज्यों में जाकर उनके खर्च, आय के स्रोतों और विशेष परिस्थितियों का अध्ययन करता था।

उन्होंने कहा कि पहले के वित्त आयोगों ने हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों की भौगोलिक, पर्यावरणीय और सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विशेष सहायता प्रदान की, जिससे राज्य अपने विकासात्मक और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर सका। कृषि मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने राष्ट्रीय हित में ग्रीन फेलिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया। इससे पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की रक्षा और पारिस्थितिकी संतुलन को तो लाभ मिला, लेकिन राज्य की एक बड़ी आय समाप्त हो गई।

इसके बावजूद केंद्र सरकार द्वारा इस राजस्व हानि की भरपाई के लिए पर्याप्त मुआवजा नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि जंगलों का संरक्षण पूरे देश के हित में है, लेकिन उसका आर्थिक भार केवल हिमाचल जैसे राज्यों पर डालना अन्यायपूर्ण है।

# भारत अमेरिका व्यापार समझौते से मेक इन इंडिया को मिलेगी नई उड़ान : इंदु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी ने भारत और अमेरिका के बीच ब्यापार समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि इससे मेक इन इंडिया को नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादों पर 18 प्रतिशत टैरिफ घटाने से निर्यात को पंख लगेंगे, जिससे भारतीय उद्योगों को नए आर्डर मिलेंगे, कच्चे मॉल की खपत बढ़ेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

उन्होंने कहा कि इससे विदेश मुद्रा भंडार बढ़ेगा, जिससे आर्थिक समृद्धि के नए युग का सूत्रपात होगा। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका दुनिया की दो बड़ी लोकतान्त्रिक शक्तियां हैं जिनकी कुल आबादी लगभग 2 अरब है और इस तरह के ब्यापार समझौते से भारत का बिश्व व्यापार में दबदबा बढ़ेगा जिससे भारत दुनिया के तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इस व्यापार समझौते का हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य को जबरदस्त फायदा होगा। इससे हिमाचली शाल, ऊनी उत्पादों, जड़ी बूटियों, कांगड़ा चाय के अतिरिक्त हिमाचल में स्थापित उद्योगों से निर्यात बढ़ेगा, जिससे राज्य सरकार का राजस्व बढ़ेगा और हिमाचली युवकों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

# पराशर ने डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम को बताया प्रेरणास्रोत

## चिंतपूर्णी में कैप्टन संजय ने लिया स्वामी हेमानंद महाराज से आशीर्वाद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** डेरा बाबा रुद्रानंद से मां चिंतपूर्णी के दरबार तक दो दिवसीय भव्य पैदल यात्रा ने एक बार फिर आस्था और सामाजिक समरसता का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। स्वामी हेमानंद महाराज के पावन नेतृत्व में आयोजित इस पदयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपनी अटूट श्रद्धा का परिचय दिया।

यात्रा मार्ग के गांवों, कस्बों और पड़ावों पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। जगह-जगह पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़ों की गूंज, जयकारों और भक्ति गीतों के बीच पदयात्रियों का स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस ऐतिहासिक पदयात्रा के मां चिंतपूर्णी के दरबार में पहुंचने से पूर्व वहां श्रद्धालुओं की भावनाएं और भी अधिक उमड़ पड़ीं। इसी दौरान चिंतपूर्णी में कैप्टन संजय पराशर ने अपनी धर्मपत्नी सोनिका पराशर तथा समर्थकों के साथ स्वामी हेमानंद महाराज का अभिनंदन किया। संजय पराशर ने महाराज से विधिवत आशीर्वाद प्राप्त कर इसे अपने लिए सौभाग्य और जीवन की प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन धार्मिक चेतना को सशक्त करते हैं और समाज को एक सूत्र में बांधने का भी कार्य करते हैं। कहा कि जब हजारों लोग एक ही उद्देश्य, एक ही श्रद्धा और अनुशासन के साथ आगे बढ़ते हैं, तो वह समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनता है। पराशर ने कहा कि डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम लाखों श्रद्धालुओं की आस्था और श्रद्धा का केंद्र हैं और यह आश्रम श्रद्धालुओं को सदैव धार्मिक चेतना और सामाजिक मूल्यों का संदेश देता आ रहा है। अब स्वामी हेमानंद महाराज के आश्रम की गद्दी पर विराजमान होने के बाद उनके सान्निध्य में समाज को नई दिशा और सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि महाराज की वाणी और विचार आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग दिखाते हैं और समाज में समरसता, सेवा और सद्भाव को भी प्रोत्साहित करते हैं।



संजय ने धर्मपत्नी सोनिका के साथ आशीर्वाद लिया। | अनंत ज्ञान

# शाहपुर में सड़कों, पुलों व भवनों पर हो रहे 90 करोड़ खर्च : पठानिया

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर आज शाहपुर विश्राम गृह में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने की। बैठक के दौरान उपमुख्य सचेतक ने बताया कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के माध्यम से सड़कों, पुलों एवं भवनों के निर्माण पर लगभग 90 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जा रही है।

उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए समुचित धनराशि उपलब्ध करवाने पर मुख्यमंत्री महोदय का आभार व्यक्त किया। केवल सिंह पठानिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों का सेक्शन-वाइज डाटा तैयार किया जाए, ताकि भविष्य में आवश्यकता पड़पे पर उसका

◆ **बैठक में उपमुख्य सचेतक ने की लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा**

प्रभावी और योजनाबद्ध उपयोग किया जा सके।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे बरसात के मौसम में सड़कों को नुकसान न हो और आम जनता को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न झेलनी पड़े। उपमुख्य सचेतक ने कहा कि कुछ सड़कें जो पिछले कई वर्षों से लंबित थीं, उन्हें वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पूर्ण किया गया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की सराहना की।

# फतेहपुर को आधुनिक बस स्टैंड का तोहफा

## भवानी पठानिया ने भूमि पूजन कर किया 4 करोड़ की परियोजना का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** पिछले वर्ष मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए की गई घोषणा अब साकार होती नजर आ रही है। वर्षों से प्रतीक्षित फतेहपुर बस स्टैंड परियोजना का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। लगभग 4 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस आधुनिक बस स्टैंड की शुरुआत मंगलवार को फतेहपुर से कांग्रेस विधायक एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) भवानी सिंह पठानिया ने भूमि पूजन कर की।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। पठानिया ने कहा कि नया बस स्टैंड क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाएगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्थाओं से लोगों को राहत मिलेगी तथा यह परियोजना स्थानीय विकास को गति देने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी। पहले चरण में एक ब्लॉक और 13 दुकानों का निर्माण होगा, जबकि दूसरे चरण में दूसरे ब्लॉक के साथ 10 दुकानों और अन्य आवश्यक ढांचागत कार्य पूरे किए जाएंगे। कुल 23 दुकानों के निर्माण से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। इस मौके पर एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती, राजपूत कल्याण बोर्ड के सदस्य पीतांबर सिंह, जगजीत जग्गू आदि मौजूद रहे।



आधुनिक बस स्टैंड का भूमि पूजन करते भवानी। | अनंत ज्ञान

### बजट हिमाचल विरोधी, सांसदों की चुप्पी पर साधा निशाना

**फतेहपुर** में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत में फतेहपुर के विधायक एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) भवानी सिंह पठानिया ने केंद्र सरकार के बजट को हिमाचल विरोधी करार देते हुए लोकसभा और राज्यसभा सांसदों पर तीखा हमला बोला। पठानिया ने 16वें वित्त आयोग द्वारा हिमाचल जैसे छोटे व पहाड़ी राज्य के लिए राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) की सिफारिश न करने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश का 67 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र वन आवरण में है, पहाड़ी इलाकों में सेवाओं की लागत अधिक है और राज्य को बीते वर्षों में 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक का आपदा नुकसान झेलना पड़ा है, बावजूद इसके केंद्र ने अहम सहयोग से वंचित रखा।

## मोदी के तोहफों की प्रदेश सरकार को नहीं कद्र : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट -2026 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतिबिंब है। यह विकसित भारत का नया संकल्प है, जिसमें उभरते भारत की विकासशील तस्वीर दिख रही है, लेकिन विपक्षी दल कांग्रेस को कुछ दिख ही नहीं रहा। प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्वचक्षु ने केंद्र द्वारा पेश किए गए बजट को विकसित भारत की दिशा में निर्णायक और ऐतिहासिक कदम करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन, संकल्प और सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की जीवंत तस्वीर है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक तरफ़ प्रधानमंत्री मोदी हिमाचल को विकास की सौगात दे रहे हैं, तो दूसरी तरफ प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह दिशाहीन, भ्रमित और विफल साबित हो रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू सहित तमाम कांग्रेस नेता बजट पर अनर्गल और बेतुकी बयानबाजी कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बटाहली में श्रीराम चरित मानस कथा 8 से

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की पंचायत फस्टे के बटाहली में ब्यास नदी के तट पर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिल्ल कलेश्वर महादेव मंदिर में इस वर्ष भी महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई जाएगी। यह जानकारी बिल्ल कलेश्वर महादेव सुधार सभा बटाहली के सचिव हंसराज ने दी। उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर सभा की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 8 से 16 फरवरी तक श्रीराम चरित मानस कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन आचार्य पंकज शर्मा द्वारा किया जाएगा। 16 फरवरी को कथा के समापन पर विश्व शांति के लिए महायज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा।

### टीसीपी के नियमों के उल्लंघन पर नोटिस

**अनंत ज्ञान, नादौन।** तहसील नादौन के जलाड़ी क्षेत्र के राजस्व मुहाल कुठार में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग के नियमों का उल्लंघन करते हुए निर्माण करने पर एक व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया है। नगर नियोजन कार्यालय नादौन के नियोजन अधिकारी की ओर से हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 की धारा 39 की उपधारा-2 के तहत जारी इस नोटिस में उक्त व्यक्ति को अवैध निर्माण को गिराने तथा साइट पर पूर्व की स्थिति बहाल के निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### धनेटा के उपभोक्ता 7 तक जमा करें बिजली बिल

**अनंत ज्ञान, नादौन ।** विद्युत उपमंडल धनेटा के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 7 फरवरी तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 7 फरवरी तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे और कनेक्शन को बहाल करवाने के लिए अतिरिक्त शुल्क जमा करवाना होगा। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### छतरैहल में श्री बाला जी धाम में मूर्ति स्थापित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत ग्राम छतरैहल डॉ. भरेड़ी स्थित श्री बाला जी धाम में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। मंदिर संचालक पवन कुमार की ओर से अपने माता-पिता एवं बुजुर्गों के नाम से तथा क्षेत्रवासियों के सहयोग से श्री बाला जी की मूर्ति स्थापना करवाई गई। सोमवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जबकि मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मूर्ति की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर 'जय श्री राम' व 'जय बाला जी' के जयकारों से गूंज उठा। आयोजकों ने सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

### पदोन्नति सूची जारी होने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर द्वारा हाल ही में जारी की गई केंद्रीय मुख्य शिक्षक पदोन्नति सूची का राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हमीरपुर ने स्वागत किया है। संघ ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, विधायक सुरेश कुमार, विधायक कैप्टन रणजीत सिंह तथा उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कमल किशोर का आभार व्यक्त किया है। संघ का कहना है कि इस पदोन्नति सूची के जारी होने से लंबे समय से लंबित मामलों का समाधान हुआ है, जिससे प्राथमिक शिक्षकों में खुशी की लहर है। जिला प्रधान देशराज, महासचिव कुशल कुमार व वित्त सचिव बलवंत राणा सहित समस्त कार्यकारिणी ने इसे शिक्षा व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है।

### 7 तक बंद रहेगी जजरी-भठान-घोड़ी धबीरी सड़क

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल में जजरी-भठान-घोड़ी धबीरी सड़क के अपग्रेडेशन कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात अब 7 फरवरी तक बंद रहेगा। आदेश जारी करते हुए जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि जजरी-भठान-घोड़ी धबीरी सड़क के अपग्रेडेशन कार्य को सुचारु रूप से पूर्ण करवाने के लिए इस सड़क को पहले 31 जनवरी तक बंद किया गया था, लेकिन इसका कुछ कार्य शेष रहने के कारण अब इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही की पाबंदी 7 फरवरी तक बढ़ाई गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक कलवाल से बड़ाग्रां, घोड़ी धबीरी वाया जरल, मंजरू, थौन सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क के कार्य को निर्धारित अवधि के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक 5 फरवरी को मिनी सचिवालय नादौन के सभागार में होगी। इसमें एसोसिएशन के सदस्यता अभियान बारे व पेंशनर्स की मांगों व समस्याओं बारे विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्म सिंह मिन्हास करेंगे। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव ठाकुर प्रकाश चंद ने दी।

### 15 तक बिजली बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर ।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के तहत आने वाले उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 15 फरवरी तक का समय दिया है। सहायक अभियंता सौरभ राय ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 15 फरवरी तक हमीरपुर शहर के भोटा चौक पर स्थित उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे।

### जवाली के कृष्ण ने जस्सा को हराकर जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** उपमंडल बड़सर के तहत राईयां में आयोजित दंगल में बड़ी माली तथा छोटी माली का मुकाबला काफी रोमांच भरा रहा। बड़ी माली में जवाली के कृष्ण और जस्सा डेरा बाबा नानक के बीच मुकाबला हुआ। कृष्ण ने जस्सा को शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। छोटी माली का मुकाबला अमित जालंधर और आदित्य ज्वाली के बीच हुआ, जिसमें अमित ने आदित्य को पटखनी दी। बड़ी माली के विजेता पहलवान को 8100 रुपए तथा उपविजेता को 7100 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया। छोटी माली के विजेता को 3100 रुपए तथा उपविजेता बिल्लू को 2100 रुपए देकर सम्मानित किया गया।

### भोरंज में लावारिस पशु की टक्कर से व्यक्ति घायल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** जिला हमीरपुर के उपमंडल भोरंज के अंतर्गत पपलाह पंचायत में लावारिस पशु की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान प्रेम चंद पुत्र प्रसिनंदा राम के रूप में हुई है, जो पपलाह पंचायत के वार्ड नंबर-1 के निवासी हैं तथा वार्ड सदस्य राकेश के पिता बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार, प्रेमचंद किसी कार्य से बाहर जा रहे थे, इसी दौरान एक लावारिस पशु ने अचानक उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें भोरंज अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। फिलहाल प्रेमचंद अपने घर पर स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में लावारिस पशुओं की बढ़ती समस्या को लेकर रोष देखा गया। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे पशुओं की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

### गगाल में बिजली संशोधन विधेयक 2025 का विरोध

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के गगाल में विद्युत बोर्ड इंप्लाइज, इंजीनियर्स और पेंशनर्स की संयुक्त बैठक में केंद्र सरकार के प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक 2025 का विरोध किया गया। उपस्थित नेताओं ने कहा कि यह विधेयक निजीकरण का रोडमैप है, जिससे बिजली दरें बढ़ेंगी, उपभोक्ताओं के अधिकार छिनेंगे और सार्वजनिक क्षेत्र कमजोर होगा। ग्रामीण व जनजातीय क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सार्वजनिक वितरण कम्पनी की जिम्मेदारी रहनी चाहिए। उन्होंने 12 फरवरी को प्रस्तावित हड़ताल और प्रदर्शन में भागीदारी का आह्वान किया।

### डीडीएम साई कॉलेज में प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कल्लर जलाड़ी में बीएड और डीएलएड प्रशिक्षु शिक्षकों के लिए प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। गायन, नृत्य, नाटक और फैंसी ड्रेस जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भुवनेश शर्मा और प्राचार्य डॉ. ओ.पी. भारद्वाज द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में मददगार हैं। कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई।

### पेंशनरों की मांगों और लंबित ग्रैच्युटी पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिम आंचल पेंशनर संघ, बिझड़ी खंड इकाई की मासिक बैठक मंगलवार को शिव मंदिर परिसर, ठठल (व्याड़) में खंड प्रधान नरेंद्र सिंह बन्याल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पेंशनरों की मांगों, लंबित ग्रैच्युटी और पेंशन संशोधन राशि पर चर्चा की गई। प्रदेश वित्तसचिव शम्भू राम जसवाल ने संघ गतिविधियों की जानकारी दी और सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की। बैठक में अनेक पेंशनर उपस्थित रहे।

### राजपूत महासभा की जिला इकाई की बैठक में लिया महत्वपूर्ण फैसला

# यूजीसी नियम वापस लेने तक जारी रहेगा संघर्ष

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** राजपूत महासभा की जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक में फैसला लिया कि जब तक सरकार यूजीसी के नए नियम को वापस नहीं ले लेती तब तक संघर्ष जारी रहेगा। मंगलवार को सभा की बैठक में हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक विंग के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व लोकसभा आयोग के अध्यक्ष मेजर जनरल धर्मवीर सिंह राणा ने भी विशेष तौर पर शिरकत की। वे इस बैठक के मुख्य अतिथि थे, जबकि गलोड़ के अनिल वर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में मौजूद सदस्यों ने साफ तौर पर कहा कि यूजीसी के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। सरकार ने सवर्ण जातियों को बेवजह से एक ऐसे नए संघर्ष में धकेलना का प्रयास किया है, जिससे समाज का अहित होगा सुप्रीम कोर्ट के दखल पर भी चर्चा हुई और कहा कि सुप्रीम कोर्ट अपनी जगह है। सरकार को यह नियम ही वापस जल्दी ले लेना चाहिए, ताकि समाज के भीतर उपजा यह आक्रोश उग्र रूप धारण न कर ले।


बैठक के बाद सामूहिक चित्र में पदाधिकारी और अन्य। अनंत ज्ञान

#### एकजुटता के साथ आगे बढ़ने का लिया संकल्प

**बैठक** में कई मुद्दों पर भी चर्चा हुई। संयुक्त मंच के प्रधान राकेश ठाकुर ने भी बैठक को संबोधित किया। महासभा के महासचिव योगेंद्र ठाकुर ने बताया कि बैठक में उन तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई जिनको लेकर इस महासभा का गठन किया गया है। महासभा को मजबूत करने के लिए भी सदस्यों ने एकजुटता के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया और कहा कि इसमें अब पीछे हटकर नहीं देखा जाएगा। जोगेंद्र ठाकुर ने बताया कि महासभा के तमाम पदाधिकारियों को 'पहचान पत्र' भी वितरित किए गए, ताकि उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत सिस्टम में पेश आए।

#### राजपूत समाज से सरकारें कर रही भेदभाव : धर्मवीर

**मेजर** जनरल धर्मवीर राणा ने बताया कि राजपूत समाज से सरकारें भेदभाव कर रही हैं, उसका मिलकर विरोध जारी रहेगा। आरक्षण के खिलाफ जो लड़ाई महासंघ लड़ रहा है, उसमें पीछे नहीं हटा जाएगा, क्योंकि इस सामाजिक कुरीति के खिलाफ संघर्ष करना पड़ेगा और कई मुद्दों पर इसमें सफलता भी मिल रही है। मगर बरसों से चली आ रही इस कुरीति को जड़ से मिटाने के लिए बड़े स्तर पर काम करने की जरूरत रहेगी, इस पर चर्चा हो रही थी।

## किसी भी मृतक को जारी नहीं की सामाजिक सुरक्षा पेंशन : डीडब्ल्यूओ

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला कल्याण अधिकारी (डीडब्ल्यूओ) चमन लाल शर्मा ने स्पष्ट किया है कि जिला हमीरपुर में किसी भी मृतक व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा पेंशन जारी नहीं की गई है। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला कल्याण अधिकारी ने कहा कि विभागीय नियमों तथा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार, सामाजिक सुरक्षा पेंशन लेने वाले व्यक्ति की मृत्यु या किसी व्यक्ति के अपात्र होने की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल प्रभाव से पेंशन रोक दी जाती है। जब किसी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारक की मृत्यु हो जाती है और इस दौरान उसके खाते में अगर पेंशन की राशि जमा हो भी जाए तो उस राशि को तुरंत वापस ले लिया जाता है। मृतक के परिवारजन पेंशन की राशि को उसके बचत खाते से नहीं निकाल सकते हैं। इस संबंध में किसी भी तरह की भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करने की अपील करते हुए जिला कल्याण अधिकारी ने कहा कि विभाग ने जिला हमीरपुर में किसी भी पेंशनधारक को किसी भी स्तर पर अवैध भुगतान नहीं किया है। उन्होंने बताया कि मृत या अपात्र पेंशनधारकों का सत्यापन तहसील कल्याण अधिकारियों के माध्यम से निरंतर एवं नियमित रूप से किया जाता है। साथ ही, प्रत्येक तीन माह के उपरांत मृत या अपात्र पेंशनधारकों को सूची से हटाकर उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित पात्र आवेदकों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन ई-कल्याण सॉफ्टवेयर के माध्यम से स्वीकृति उपरांत, नियमानुसार पेंशन जारी करने का प्रावधान है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से ई-केवाईसी के दौरान जो लोग मृत या अपात्र पाए गए हैं, उनकी पेंशन अस्थायी तौर पर रोकी गई है। संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी इनका सत्यापन एवं जांच कर रहे हैं। जांच में पात्र पाए जाने वाले लोगों को पेंशन जारी कर दी जाएगी और शेष मामलों को स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा।

## युवा कांग्रेस नेता रूबल बने एचपीएमसी के निदेशक

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश हॉर्टिकल्चरल प्रोड्यूस मार्केटिंग एंड प्रोसेसिंग कॉर्पोरेशन (एचपीएमसी) के निदेशक मंडल में युवा कांग्रेस नेता रूबल सिंह ठाकुर को गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।



वर्तमान में हिमाचल प्रदेश नशा निवारण बोर्ड के निदेशक रूबल ठाकुर बड़सर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस नियुक्ति के माध्यम से एचपीएमसी बोर्ड में युवा और सामाजिक दृष्टिकोण को शामिल करने का प्रयास किया गया है, ताकि बागवानी और विपणन क्षेत्र में नई पहलें और नवाचार को बढ़ावा दिया जा सके। एचपीएमसी राज्य के कृषि और बागवानी उत्पादों के विपणन और प्रसंस्करण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह कदम राज्य में युवा नेतृत्व को प्रोत्साहित करने और किसानों तथा उत्पादकों के हितों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# नादौन में नशे के खिलाफ निकाली रैली

### लोगों को चिट्टे के दुष्परिणामों के बारे में किया जागरूक, जड़ से उखाड़ने का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान

**नादौन।** समाज में बढ़ रहे नशे को लेकर नादौन शहर में एसडीएम निशांत शर्मा की अध्यक्षता में रैली निकालकर लोगों को चिट्टे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया और नशे को जड़ से उखाड़ने का संकल्प लिया गया। नशे के खिलाफ जागरूकता रैली को एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस रैली में रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों तहसीलदार रोहित कंवर, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा, बीएमओ डॉ. राजेश भारद्वाज, सीडीपीओ संजय गर्ग, आशा वर्कर, आंगनबाडी कार्यकर्ता, एसडीएम, तहसील एवं बीडीओ कार्यालय के कर्मचारियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, कन्या व बाल स्कूल के एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स के अलावा समाजसेवियों ने भाग लिया। संयुक्त कार्यालय भवन के परिसर में एसडीएम ने अपने संबोधन में कहा कि चिट्टा जैसे नशे को रोकने व जड़ से उखाड़ने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए खुलकर आगे आएं, ताकि नशा बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके। युवाओं के भविष्य की चिंता करते हुए मुख्यमंत्री ने नशे को रोकने के कड़े एवं प्रभावी कदम उठाए हैं। रैली मिनी सचिवालय से इंद्रपाल चौक नादौन शहर से होती हुई ध्यानू भगत की समाधि तक गई और वहां पर समाधि परिसर की साफ-सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया।



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते हुए एसडीएम निशांत शर्मा। अनंत ज्ञान

#### ध्यानू भगत की समाधि परिसर की साफ-सफाई की

**नशे** के बारे में निकाली जागरुकता रैली के बाद नादौन वार्ड नंबर-1 में ब्यास नदी के तट पर माता ज्वालामुखी के अनन्य भक्त ध्यानू की समाधि परिसर की साफ-सफाई की। तथा इस परिसर को साफ सुथरा रखने के लिए नगर परिषद ने अपनी वचनबद्धता दोहराई।

## पीएचसी भोटा में रेडियोलाजिस्ट का पद 3 माह से खाली

**अनंत ज्ञान, भोटा।** पीएचसी भोटा में रेडियोलाजिस्ट का पद पिछले 3 महीने से रिक्त पड़ा हुआ है। इस कारण रोगियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेडियोलाजिस्ट उपलब्ध न होने की वजह से रोगियों को अपने एक्सरे करवाने के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर जाना पड़ रहा है। धर्मार्थ सर्वहित रोगी सुधार सभा भोटा के उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि रोगी सुधार सभा ने पीएचसी भोटा के लिए आधुनिक एक्स-रे मशीन उपलब्ध करवाई है। सभा ने इसके लिए एक भवन भी बनाकर दिया है। उन्होंने इस बात को लेकर अपना रोष जताया कि पिछले 3 महीनों में प्रदेश स्वास्थ्य विभाग यहां के लिए एक रेडियोलाजिस्ट उपलब्ध करवाने में नाकाम रहा है। वहीं, पुलिस कर्मियों को एक्सीडेंटल व मारपीट के केसों में एक्स-रे करवाने के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर जाना पड़ रहा है। उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से मांग की है कि पीएचसी भोटा में शीघ्र एक रेडियोलाजिस्ट की तैनाती की जाए।

## जाइका मिशन ने हमीरपुर में किया कृषि परियोजना का मूल्यांकन किया

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जाइका मध्यावधि समीक्षा मिशन ने मंगलवार को प्रदेश जाइका कृषि परियोजना मुख्यालय, हमीरपुर का दौरा किया। यह मिशन जाइका वित्त पोषित कृषि प्रोजेक्ट के कार्यों की मध्यावधि समीक्षा के लिए तीन दिवसीय दौरे पर यहां पहुंची है। मिशन का नेतृत्व जाइका-इंडिया के मुख्य प्रतिनिधि ताकेउची तकुरो कर रहे हैं, जबकि सदस्य के तौर पर इवामोटो तेको और विकास विशेषज्ञ निष्ठा वेंगुर्लेकर शामिल हैं।

परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान और प्रोजेक्ट स्टाफ ने मिशन का अभिनंदन किया। मिशन ने हमीरपुर के ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट में स्थित उठाऊ सिंचाई परियोजना घराट का दौरा किया। यह परियोजना 43.17 लाख रुपए की लागत से बनाई गई है, जिससे लगभग 14.22 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुनिश्चित हुई और 14 किसान परिवार लाभान्वित हुए।

मुख्यालय में मिशन ने राज्य और जिला परियोजना प्रबंधन इकाइयों तथा प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसलटेंसी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। डॉ. सुनील चौहान ने प्रोजेक्ट की प्रगति और किसानों की समृद्धि के लिए लागू इनोवेशन पर प्रकाश डाला। बैठक में वरिष्ठ सलाहकार, वित्तीय अधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक, विषय विशेषज्ञ और फील्ड स्टाफ मौजूद थे। अगले दो दिन मिशन कांगड़ा और मंडी की जिला परियोजना इकाइयों में कार्यों की समीक्षा करेगा और इसके समापन पर पालमपुर में प्रदेश सरकार के कृषि सचिव डॉ. सी. पॉलरासु के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।


अधिकारियों के साथ परियोजना कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक भी की। अनंत ज्ञान

## एसओएफ इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर के विद्यार्थियों ने एसओएफ इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड (सत्र 2025-26) में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर विद्यालय का नाम शैक्षणिक जगत में गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस एवं गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन प्राप्त कर अपनी अंग्रेजी दक्षता, अनुशासन और निरंतर परिश्रम का प्रभावशाली परिचय दिया।

इस प्रतिष्ठित ओलंपियाड में कक्षा तीसरी से नक्षिता ठाकुर, आयत व विवान धीमान; कक्षा चौथी से वेदार्थ डाबरा, वैभव राणा, सरस भारद्वाज व अस्मी डोगरा; कक्षा पांचवीं से दिव्यांश धीमान, काव्या सिंह, दिव्यम शर्मा व आरिक अजीम; कक्षा छठी से दिशिता मौर्या, एवियाना राज सिंह व नमन जैन, कक्षा सातवीं से आयांश सैनी, आन्या, क्षितिज ठाकुर व आद्विक चौहान; कक्षा आठवीं से भावेश भोगल, श्रेया शर्मा, अरिंदम ठाकुर व मनस्वी अबरोल, कक्षा नौवीं से आर्यन शर्मा, सना सिंह ठाकुर, अर्णव राणा व रेयांश शर्मा; कक्षा दसवीं से मयंक शर्मा, शाद आलम, दीवा शर्मा, तवीशी सिन्हा व आद्या व कक्षा ग्यारहवीं से श्रेया शर्मा, स्वास्तिका गुलेरिया व अक्षिता शर्मा तथा कक्षा बारहवीं से अर्शिया सिंह चौहान, सिया भारद्वाज व अतुल्य गुप्ता ने गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कक्षा छठी के आद्विक शर्मा और कक्षा दसवीं के शाद आलम ने गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन हासिल किया।

इस अवसर पर अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा, मुख्याध्यापिका कंचन लखनपाल व समन्वयक मनीषा मारवाह ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

### वैष्णवी बनी डांस हिमाचल सीजन-11 में उपविजेता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर की कक्षा छठी की छात्रा वैष्णवी ठाकुर ने डांस हिमाचल डांस सीजन-11 में उपविजेता का खिताब जीता है। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, मुख्याध्यापिका कंचन लखनपाल और समन्वयक मनीषा मारवाह ने वैष्णवी को सम्मानित किया और उसकी मेहनत व समर्पण की सराहना की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 3,000 रुपए की नकद राशि, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस सफलता में विद्यालय के नृत्य अध्यापक विकास अटवाल के मार्गदर्शन और नियमित अभ्यास सत्रों का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और अभिभावकों ने वैष्णवी को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### 200 वर्ष पुराने रास्ते को बंद करने को लेकर डीसी से मिले हरिजन बस्ती के लोग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अपर दरोगण गांव की हरिजन बस्ती के लोग 200 वर्ष पुराने रास्ते के बंद होने से परेशान हैं। इस मार्ग के बंद होने से बस्ती के सात परिवारों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों ने मंगलवार को उपायुक्त हमीरपुर गंधर्वा राठौड़ से मिलकर इस समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि यह रास्ता अप्पर दरोगण से दरकोटी तक जाता था, जिससे वे अपने रिश्तेदारों के घर आसानी से जा पाते थे। अब राष्ट्रीय राजमार्ग 03 कंपनी द्वारा मार्ग तोड़ा गया और स्थानीय लोगों ने उसे पूरी तरह से बंद कर दिया, रास्ते में कांटेदार झाड़ियां और पत्थर रख दिए हैं। छोटे बच्चे, शुगर से प्रभावित व्यक्ति और ग्रामीण आने-जाने में खतरे का सामना कर रहे हैं। रास्ते के बंद होने से पेयजल टैंक, विद्युत ट्रांसफार्मर और मोबाइल टावर तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने इस मार्ग को खोलने और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**परेशानी** गड्ढों में तबदील हुई सड़क; दो पहिया वाहन चालकों की बढ़ी मुश्किलें, राहगीर भी परेशान

# बारिश होते ही हीरानगर चौक पर उखड़ा पैचवर्क

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** शहर में मुख्य सड़कों पर ऐसे गड्ढे पड़े हैं, जिनकी कई बार मरम्मत की गई, लेकिन कुछ दिनों बाद ही सड़क पर डाली की तारकोल और बजरी उखड़ना शुरू हो जाती है। इसका खामियाजा वाहन चालकों को भुगतना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला एनएच 03 पर हीरानगर के चौक पर देखने को मिला है।

यहां पर बड़े-बड़े गड्ढे पड़े थे, जिनकी मरम्मत अभी हाल ही में दो महीने पहले ही की थी, लेकिन एक दो बारिशों के बाद यह पैचवर्क उखड़ गया। अब यह पैचवर्क उखड़ते ही वहां पर फिर से एक बड़ा गड्ढा बन गया है, जो पैदल चलने वाले और वाहन चालकों के लिए किसी खतरे से कम नहीं है। यहां पर पड़े गड्ढे की बजरी दिन-प्रतिदिन बिखर रही है, जिससे कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। इस पैचवर्क करने के लिए ठेकेदार को टेंडर दिया गया था, अब फिर से इस कार्य का टेंडर करने के बाद इसका पैचवर्क किया जाएगा। एनएच विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस जगह पर लीकेज की वजह से टारिंग और पैचवर्क उखड़ गया है। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को भी इसकी सूचना दे दी गई है। अब पानी की लीकेज समाप्त होने के बाद ही यहां पर फिर से टारिंग की जाएगी। इस बारे में एनएच विभाग के अधिशाषी अभियंता अनिल शर्मा ने बताया कि हीरानगर चौक पर जल शक्ति विभाग की पाइप से लीकेज हो जाने से यह पैचवर्क उखड़ गया है। उन्होंने बताया कि मौसम साफ होते ही इसपर फिर से पैचवर्क करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बारे में जल शक्ति विभाग को सूचना दे दी है। इस बारे में जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता राकेश सोनी ने बताया कि लीकेज को ठीक कर दिया जाएगा।



हीरानगर चौक पर पैचवर्क उखड़ने के बाद पड़ा गड्ढा और बिखरी बजरी। अनंत ज्ञान

#### लोग बोले- घटिया सामग्री का इस्तेमाल

**गौर** रहे कि शहर में कई ऐसे स्पॉट हैं, जहां पर बार-बार पैचवर्क करने के बाद भी उखड़ रहा है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि पैचवर्क करते समय क्या घटिया सामग्री इस्तेमाल की जा रही है, जिसकी वजह से यह पैचवर्क उखड़ रहा है या सही से इसका पैचवर्क नहीं किया जाता।

# नेपाल में चमके शिमला के सुमित कनैन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीते 3 पदक

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिला अंतर्गत ननखड़ी क्षेत्र के सुरड़ (कंदरेरी) गांव के उभरते खिलाड़ी सुमित कनैन ने नेपाल में आयोजित संयुक्त भारत खेल फाउंडेशन की अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। सुमित ने 800 मीटर और 3 किलोमीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किए, जबकि 5 किलोमीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा और दमखम का शानदार परिचय दिया।

◆ **दौड़ स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन, दो स्वर्ण व एक रजत पदक अपने नाम किया**

पवन कुमार के सुपुत्र सुमित कनैन बचपन से ही खेलों के प्रति गहरी रुचि रखते हैं और सीमित संसाधनों के बावजूद अनुशासन, कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से ननखड़ी क्षेत्र सहित पूरे शिमला जिला में खुशी की लहर है। क्षेत्रवासियों और खेल प्रेमियों ने सुमित को बधाई देते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया है और उम्मीद जताई है कि उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ी को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हौसला देगी।

# हिमाचल प्रदेश में नई ड्रेनेज नीति से सड़कें होंगी मजबूत और सुरक्षित

## लोक निर्माण विभाग ने भविष्य की जरूरतों व बदलते मौसम के प्रभावों पर किया अध्ययन

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार भारी बारिश, पहाड़ों से उतरता पानी व हर साल टूटती सड़कें अब भारी नुकसान नहीं पहुंचा पाएगी। उसके लिए लोक निर्माण विभाग ने बाकायदा एक नई ड्रेनेज नीति तैयार की है। जो सड़कों की सुरक्षा और मजबूती के लिए एक दूरगामी पहल साबित हो सकती है। लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई नई ड्रेनेज नीति को भविष्य की जरूरतों और बदलते मौसम के प्रभावों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि बार-बार होने वाले नुकसान पर स्थायी रोक लगाई जा सके।

इस बाबत लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि हाल के मानसून वर्षों में प्रदेश की सड़क व्यवस्था को भारी क्षति पहुंची है। वर्ष 2023 और 2025 में सड़कों के टूटने और धंसने से राज्य को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा। विभागीय तकनीकी आकलन में यह सामने आया कि कमजोर ड्रेनेज सिस्टम और पहाड़ी ढलानों की अस्थिरता सड़क क्षति के मुख्य कारण हैं, जिन पर अब तक अपेक्षित गंभीरता से काम नहीं हो पाया था।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि नई ड्रेनेज नीति के माध्यम से सड़क निर्माण और रखरखाव की सोच में बुनियादी बदलाव किया गया है। अब ड्रेनेज को केवल सहायक व्यवस्था नहीं, बल्कि सड़क की मजबूती का मूल आधार माना गया है। वास्तविक वर्षा आंकड़ों के अनुसार डिजाइन, आधुनिक नालियों की व्यवस्था और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में पूर्व सुरक्षा उपायों को अनिवार्य किया गया है, जिससे सड़कों की आयु और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित हो सकें।

### विक्रमादित्य सिंह बोले-रोड ड्रेनेज नाम से एक अलग बजट प्रावधान किया प्रस्तावित



**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि नीति के प्रभावी अमल के लिए रोड ड्रेनेज नाम से एक अलग बजट प्रावधान प्रस्तावित किया गया है, ताकि इस कार्य के लिए स्वतंत्र वित्तीय संसाधन उपलब्ध रहें। मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया यह नीति चरणबद्ध रूप से लागू की जाएगी और पहले प्रमुख जिला सड़कों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिसमें प्रदेश के आर्थिक और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हर मौसम में निर्बाध और सुरक्षित सड़क संपर्क सुनिश्चित किया जा सके।

# शिमला में फोरलेन टनल निर्माण से जमीन धंसी, लोगों में दहशत

अनंत ज्ञान

◆ **संजौली-ढली बाइपास पर 15 फुट गहरा गड्ढा ट्रैफिक रोका**

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के संजौली क्षेत्र में निर्माणाधीन फोरलेन टनल के कारण चलौंठी में सड़क धंस गई, जिससे संजौली-ढली बाइपास पर 10 से 15 फीट गहरा गड्ढा बन गया। इस गंभीर स्थिति के कारण प्रशासन को सड़क को वाहनों के लिए पूरी तरह बंद करना पड़ा। गड्ढे में ड्रिलिंग मशीन भी धंस गई, जिससे हालात और बिगड़ गए। प्रशासन ने एहतियातन बीती रात ही इस मार्ग पर ट्रैफिक रोक दिया।

सड़क के बीचोंबीच बने गड्ढे से आसपास के घरों में रहने वाले लोग दहशत में हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पहले घरों में आई दरारें अब सड़क तक पहुंच गई हैं, जिससे मकानों को नुकसान का खतरा बढ़ गया है। लोग आशंका जता रहे हैं कि यदि समय रहते स्थिति पर काबू नहीं पाया गया तो मकानों को और नुकसान हो सकता है।

गौरतलब है कि दो सप्ताह पहले भी इसी क्षेत्र में तीन मकानों को रातोंरात खाली करवाया गया था। उस समय घरों के नीचे की मिट्टी धंसकर टनल के भीतर चली गई थी। इसके अलावा, भट्ठाकुफर क्षेत्र में भी इसी परियोजना के चलते सड़कों के धंसने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

भट्ठाकुफर से चलौंठी तक लगभग 2900 मीटर लंबी टनल का निर्माण कार्य चल रहा है। स्थानीय लोग परियोजना की गुणवत्ता और तकनीकी पहलुओं पर सवाल उठा रहे हैं और स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। प्रशासन ने फिलहाल गड्ढे को सुरक्षित करने के लिए उपाय किए हैं, लेकिन स्थानीय लोग जल्द समाधान की मांग पर जोर दे रहे हैं।

# न्यूज ब्रीफ

## बस हादसे पर शिक्षा मंत्री ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने उत्तराखंड के कवाणु क्षेत्र में हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। यह बस चौपाल से पांवटा साहिब जा रही थी और मंगलवार सुबह हादसे का शिकार हो गई। शिक्षा मंत्री ने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए और घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की, साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की।

## विनय कुमार ने किया शोक व्यक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने आज सुबह नेरवा से पोंटा साहिब जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस के उत्तराखंड के कवाणु में दुर्घटनाग्रस्त होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस दुखद हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की। साथ ही, उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि प्रभावित परिवारों और घायलों को हरसंभव सहायता तुरंत उपलब्ध करवाई जाए।

## गहरी खाई में गिरा पिकअप वाहन, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस चौकी निहरी के माध्यम से थाना बीएसएल कॉलोनी में दर्ज सड़क दुर्घटना के मामले में शलोग जंगल, खातीधार सड़क के पास एक पिकअप वाहन एचपी-31बी-4339 अनियंत्रित होकर लगभग 250 मीटर गहरी ढांक में गिर गया, हादसे में चालक हीरा सिंह पुत्र कुशाल चंद, निवासी गांव शलोग, उप-तहसील पांगणा, जिला मंडी गंभीर रूप से घायल हुआ जिसे मेडिकल कॉलेज नेरचौक ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच जारी रखी है।

## 65 ग्राम चरस सहित दो तस्कर दबोचे

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान को तेज करते हुए एक ही दिन में एनडीपीएस एक्ट के तहत दो बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम दिया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना सरकाघाट की टीम ने डिंपल कुमार पुत्र रमेश चंद सरकाघाट (उम्र 31 वर्ष) को 65 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, दूसरे मामले में सुशील कुमार (24 वर्ष) निवासी गांव बेहड़ से 111 ग्राम चरस बरामद की गई है। लगातार दो मामलों में कार्रवाई से पुलिस की सक्रियता साफ झलकती है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगी। मामले की पुष्टि एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने करते हुए वताया कि दोनो युवको को तीन दिन की पुलिस हिरासत में लिया है।

## छोटाभंगाल व चौहार घाटी में फिर बढ़ी मुश्किलें

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल व चौहार घाटी में लगभग चार दिन बाद मंगलवार को मौसम ने करवट बदलते हुए सुबह से बादल छाए रखे और दोपहर बाद निचले क्षेत्रों में बारिश तथा ऊंची क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया। जानकारी के अनुसार ताजा बर्फबारी से दुर्गम गांवों में एक से तीन इंच तक बर्फ जम गई है। 23 जनवरी की रात हुई भारी बर्फबारी के बाद जनजीवन सामान्य होने लगा था, लेकिन मंगलवार की बर्फबारी ने फिर हालात चुनौतीपूर्ण बना दिए हैं। प्रचंड ठंड के चलते लोग घरों में दुबके रहे, जबकि मुल्थान, लोहारड़ी, बरोट, लक्कड़ बाजार, थल्टूखोड़ व टिक्कन बाजारों में व्यापारियों ने कोयले व लकड़ी की अंगीठियां तथा बिजली उपकरण जलाकर ठंड से राहत पाने का प्रयास किया।

## मारपीट का मामला, शिकायतकर्ता को गंभीर चोटें

**अनंत ज्ञान, मंडी।** थाना सदर, जिला मंडी में मारपीट के एक मामले में शिकायतकर्ता दलीप सिंह पुत्र सेवक राम, निवासी गांव मराथू, तहसील सदर, जिला मंडी को लगी चोटों को जोनल अस्पताल मंडी से प्राप्त एमएलसी के अनुसार चिकित्सक द्वारा गंभीर श्रेणी का बताया गया है। शिकायत में आरोप है कि उनके पौत्र परवीन व बहु बवली ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की, जिससे गले, नाक व सिर पर चोटें आईं। मामले में पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर आगामी अन्वेषण जारी रखा गया है।

## गाली-गलौज व मारपीट की शिकायत पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस चौकी पंडोह, थाना सदर मंडी के अंतर्गत शिकायतकर्ता शमशाद आलम पुत्र मोहम्मद इलियास, निवासी गांव बिहनधार, डाकघर घ्राण, तहसील सदर, जिला मंडी की शिकायत पर नजीर हुसैन के खिलाफ बिना कारण गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। घटना के दौरान पत्थर लगने से शिकायतकर्ता के बाएं बाजू में चोट आई हैं, पुलिस ने शिकायत के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## आपसी विवाद में दो पक्षों की क्रॉस शिकायतें दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना करसोग में आपसी मारपीट के मामले में दोनों पक्षों की शिकायतों पर क्रॉस मामले दर्ज किए गए हैं, पहले मामले में नेहा पुत्री धर्मेंद्र कुमार, निवासी गांव बेलुधार, तहसील करसोग, जिला मंडी की शिकायत पर गुड्डू देवी के विरुद्ध गाली-गलौज, रास्ता रोककर मारपीट व धक्का-मुक्की के आरोप दर्ज हुए हैं, जबकि दूसरे मामले में गुड्डू देवी पत्नी कमलजीत, निवासी गांव बेलोधार, डाकघर खनेओल बगड़ा, तहसील करसोग, जिला मंडी की शिकायत पर धर्मेंद्र कुमार, रीना देवी व उनकी बेटियों नेहा व प्रिया के विरुद्ध रास्ता रोककर डंडों व थप्पड़-मुक्कों से मारपीट के आरोपों में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच जारी रखी है।

## पुलिस की कार्रवाई, सैकड़ों चालान काटे

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा विभिन्न कानूनों के तहत अभियान चलाते हुए मोटर वाहन अधिनियम में 522 चालान, कोटपा एक्ट के तहत 26 चालान कर 4100 रुपए जुर्माना वसूला गया तथा माइनिंग एक्ट के अंतर्गत 1 चालान किया गया, पुलिस ने नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

## मेले में शामिल होने रवाना होंगे जय देव गहरी शंगरेहड़

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी के आराध्य जय देव गहरी शंगरेहड़ प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 फरवरी से बैजनाथ में आयोजित राज्य स्तरीय महा शिवरात्रि मेले में शामिल होने के लिए रवाना होंगे। जय देव गहरी शंगरेहड़ के मुख्य गूर व देव गहरी ट्रस्ट शंगरेहड़ के अध्यक्ष भाग सिंह ने बताया कि देव गहरी शंगरेहड़ आठ को पूर्ण विधि-विधान से सज-धजकर अपने लाव-लश्करों व देवलुओं सहित मूलस्थल शंगरेहड़ से प्रस्थान करेंगे।

# शिमला जिले में बर्फबारी से बढ़ी दुश्वारियां

## 15 मुख्य सड़कें और 56 बिजली ट्रांसफार्मर ठप, जनजीवन प्रभावित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला और इसके ऊपरी क्षेत्रों में मंगलवार को मौसम के मिजाज में आए बदलाव ने ठंड का प्रकोप बढ़ा दिया है। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और रिज मैदान सहित जाखू के ऊपरी इलाकों में हल्की बूंदाबांदी व बर्फ के फाहे गिरने से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के येलो अलर्ट के बीच ऊंचाई वाले क्षेत्रों कुफरी और मशोबरा ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। हालांकि, यह बर्फबारी हल्की रही, लेकिन इसने जिले की रफ्तार पर आंशिक ब्रेक जरूर लगा दिया है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला द्वारा मंगलवार शाम 6:00 बजे जारी रिपोर्ट के अनुसार, बर्फबारी और खराब मौसम के कारण जिले की कुल 15 मुख्य सड़कें प्रभावित हुई हैं, जिनमें से 02 मुख्य सड़कें फिलहाल पूरी तरह बंद हैं। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली 13 लिंक रोड पर भी वाहनों की आवाजाही ठप है। सबसे ज्यादा असर रोहड़ू और चौपाल उपमंडलों में देखा जा रहा है, जहाँ क्रमशः 07 और 05 लिंक रोड बंद हैं। राहत की बात यह है कि सभी प्रमुख नेशनल हाईवे एनएच05, एनएच-705, एनएच-205, और एनएच-707 फिलहाल यातायात के लिए खुले हुए हैं। बर्फबारी का सीधा असर जिले की बुनियादी सुविधाओं पर पड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जिले भर में 56 बिजली ट्रांसफार्मर ठप हो गए हैं, जिससे कई इलाके अंधेरे में डूबे हैं। इनमें सबसे बुरा हाल चौपाल 30 डीटीआर और डोडरा क्वार 25 डीटीआर का है। बिजली गुल होने से कड़कड़ाती ठंड में स्थानीय निवासियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। वहीं, जल शक्ति विभाग की 14 पेयजल योजनाएं भी इस मौसम की चपेट में आई हैं, जिनमें से चौपाल में 08 और कुपवी में 05 योजनाएं प्रभावित हुई हैं, जिससे पानी की किल्लत होने की संभावना है।

### प्रशासन की ओर से राहत व बचाव कार्य जारी

**प्रशासन** की ओर से राहत एवं बचाव कार्य जारी है। फिसलन वाले मार्गों पर वाहनों को सावधानी से चलाने की सलाह दी गई है। हालांकि भारी हिमपात जैसी स्थिति नहीं बनी है, लेकिन ठंडी हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले कुछ घंटों तक हल्के बादल और ठंड का सिलसिला जारी रहेगा। गनीमत यह रही कि अब तक जिले में मौसम के कारण किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। प्रशासन लगातार बंद रास्तों को खोलने और बिजली बहाल करने के प्रयास में जुटा है।

◆ **सड़कों पर फिसलन और यातायात बेहाल, बिजली- पानी की आपूर्ति पर विपरीत असर**

# युवाओं को मीडिया की मुख्यधारा से जोड़ेगी कांग्रेस: चरणजीत सिंह

अनंत ज्ञान



पत्रकारवार्ता करते चरनजीत सिंह व साथ हैं अन्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता चरनजीत सिंह सपरा ने महत्वपूर्ण जानकारी करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी देशभर में राष्ट्रीय टैलेंट हंट का आयोजन कर रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रतिभावान युवाओं को राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है। इस अभियान के माध्यम से युवाओं को विशेष रूप से मीडिया संवाद के लिए तैयार किया जा रहा है, ताकि वे पार्टी की विचारधारा को प्रभावी ढंग से जनता के बीच ले जा सकें।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए सपरा ने कहा कि इस प्रक्रिया के तहत पार्टी में मीडिया कॉर्डिनेटर, पनेलिस्ट, प्रवक्ता और अनुसंधानकर्ताओं के महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के उन ऊर्जावान युवाओं के साक्षात्कार लिए जा रहे हैं जिन्होंने इस पहल के लिए आवेदन किया है। जल्द ही प्रदेश को एक ऐसी सुदृढ़ मीडिया टीम मिलेगी, जो कांग्रेस की नीतियों और जनहित के कार्यक्रमों को पूरी मजबूती और स्पष्टता के साथ जनता के सम्मुख रखने में सक्षम होगी।

साक्षात्कारों का दौर पूरा होने के बाद उम्मीदवारों की कुशलता और योग्यता के आधार पर उनकी छंटनी की जाएगी। चरनजीत सिंह सपरा ने स्पष्ट किया कि चयनित होने वाले युवाओं को सीधे जिम्मेदारी देने के बजाय उन्हें विशेष प्रशिक्षण भी दी जाएगी। इस ट्रेनिंग का उद्देश्य उन्हें मीडिया प्रबंधन और संवाद की बारीकियों में निपुण बनाना है, ताकि वे अपने आवंटित पदों पर पूरी कार्यकुशलता के साथ काम कर सकें और विपक्ष के तर्कों का तथ्यों के साथ जवाब दे सकें।

# पठानकोट चौक पर जलभराव बारिश ने खोली विभाग की पोल



पठानकोट चौक के समीप नाली के पूरी तरह ब्लॉक होने से नाली का गंदा कचरा सड़क पर बह निकला। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर मंगलवार दोपहर के बाद हुई तेज बारिश ने एक बार फिर नगर प्रशासन और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए।

पठानकोट चौक के समीप नाली के पूरी तरह ब्लॉक होने से नाली का गंदा कचरा सड़क पर बह निकला, जिससे राहगीरों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते सड़क पर जलभराव की स्थिति बन गई और कीचड़ व गंदगी फैलने से यातायात भी प्रभावित हुआ। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। इससे पहले भी कई बार प्रशासन को लिखित ज्ञापन सौंपकर नालियों की सफाई की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। दुकानदारों व स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम को देखते हुए नालियों की नियमित सफाई करवाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचा जा सके। वहीं, इस घटना ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था और तैयारियों की पोल खोल कर रख दी है।

# अग्निकांड पीड़ितों के लिए संजीवनी बना रोटरी का वस्त्र बैंक

अनंत ज्ञान



जोगिंद्रनगर शहर में रोटरी के वस्त्र बैंक में दानी सज्जनों द्वारा पहुंचाई गई सामग्री का रखरखाव करती महिलाएं। अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर में अग्निकांड से प्रभावित परिवारों के लिए रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर का वस्त्र बैंक राहत का मजबूत सहारा बनकर उभरा है।

गलू पंचायत के दुल के रक्कड़ गांव में आग की घटना से बुरी तरह प्रभावित परिवार के चार सदस्यों को रोटरी के वस्त्र बैंक से गर्म कपड़े, बिस्तर व कंबल उपलब्ध करवाए गए। इसी तरह भराडू क्षेत्र में भी नेपाली मूल के परिवारों को गर्म कपड़े व अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर उपमंडल में न केवल आपदा पीड़ितों की सहायता कर रहा है, बल्कि निर्धन परिवारों की बेटियों की शादियों में भी निरंतर सहयोग प्रदान कर रहा है। इस सामाजिक दायित्व को निभाने में क्लब के 40 से अधिक सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मंडी जिला में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान रोटरी द्वारा तीन वाहनों में राशन, बर्तन और कपड़े भेजे गए थे और अब अग्निकांड पीड़ित परिवारों को तत्काल जीवन-यापन के लिए आवश्यक सहायता दी जा रही है, जिससे प्रभावित परिवारों को राहत मिलनी शुरू हो गई है।

मंगलवार को रोटरी क्लब के सचिव अधिवक्ता रणजीत चौहान, रोटेरियन रामलाल वालिया व अजय ठाकुर ने बताया कि सर्द मौसम में ठंड से जूझ रहे पात्र परिवारों को दानी सज्जनों द्वारा भेंट किए गए गर्म कपड़े, बिस्तर, कंबल व राशन रोटरी के माध्यम से उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक निर्धन परिवारों की पांच से अधिक बेटियों की शादियों में आवश्यक सहयोग देने के बाद अग्निकांड से प्रभावित परिवारों को भी रोटरी के माध्यम से सहायता प्रदान की जा रही है। शहर में संचालित रोटरी क्लब के वस्त्र बैंक में दानी सज्जनों द्वारा भेंट की गई सामग्री कपड़े, बिस्तर, कंबल और राशन न केवल निर्धन बल्कि अग्निकांड से प्रभावित परिवारों तक भी पहुंचाई जा रही है। इस पहल से मध्यम वर्गीय परिवारों को भी आर्थिक रूप से राहत मिल रही है। रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण शर्मा ने कहा कि समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंचाना रोटरी का निरंतर प्रयास है और आगे भी यह सेवा जारी रहेगी।

# निजी वीडियो वायरल और जबरन दुष्कर्म की जांच शुरू

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट पुलिस थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग गंभीर मामलों में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पहले मामले में धारा 66ई व 67ए आईटी एक्ट में कोटलू निवासी अजय कुमार पुत्र भागीरथ के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। ई-मेल से प्राप्त शिकायत के अनुसार आरोपी ने 26 जनवरी 2026 को शिकायतकर्ता का निजी वीडियो बिना सहमति सोशल माध्यमों पर प्रसारित किया। दूसरे मामले में धारा 64 व 333 बीएनएस के तहत बडरेशा गांव के एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता महिला के अनुसार आरोपी ने 1 फरवरी की रात करीब 9 बजे उसके घर आकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने दोनों मामलों में तफ्तीश शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने करते हुए बताया कि महिला से जबरन संबंध वनाने पर आरोपी को तीन दिन की पुसिस हिरासत में भेजा है, पहले मामले में जांच चल रही है।

# सरकाघाट में कंडक्टर के साथ मारपीट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर में हिमाचल पथ परिवहन निगम के एक कंडक्टर के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़ित कंडक्टर अंकेश कुमार ने इस संबंध में पुलिस चौकी टिहरा में शिकायत दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार, 2 फरवरी को कंडक्टर अंकेश कुमार सरकाघाट से मढ़ी रूट पर कार्यरत थे, जौड़न गांव में गाड़ी को मोड़ने के दौरान संजय कुमार, उसका पुत्र तथा कुछ अन्य अज्ञात व्यक्ति मौके पर पहुंचे और उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। बात बढ़ने पर आरोपियों ने कंडक्टर के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को लिखित शिकायत में बताया कि संजय द्वारा पहले भी शराब के नशे में गाली-गलौज की जा चुकी है, जिसकी शिकायत पहले भी टिहरा पुलिस चौकी में दर्ज करवाई गई थी और उस समय लिखित समझौते के आधार पर मामला निपटाया गया था। मारपीट के दौरान कंडक्टर की जेब से 7000 और 1464 जो कि रूट की कमाई थी, जो अब तक नहीं मिल पाए हैं। इस बारे में डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

# मंडी राज परिवार ने जिमखाना क्लब की मुआवजा राशि पर जताया दावा

## प्रशासन को कानूनी नोटिस थमाकर भुगतान पर रोक लगाने, राजस्व रिकॉर्ड में धांधली की जांच की मांग उठाई

अनंत ज्ञान

**मंडी।** मंडी रियासत के वारिसों ने ऐतिहासिक जोगिंद्र जिमखाना क्लब की 7.20 करोड़ की मुआवजा राशि पर अपना दावा जताते हुए ,प्रशासन को नोटिस भेजकर भुगतान राशि पर रोक लगाने की की मांग की है।



वहीं, जिमखाना क्लब के राजस्व रिकॉर्ड में कथित धांधली की भी उच्चस्तरीय मांग उठाई है। मंडी के राजपरिवार के वंशज राजा ओमेश्वर सेन के विशेष पावर ऑफ अटॉर्नी धारक मानसिंह ठाकुर एवं उनकी कानूनी टीम के सदस्य संजय मंडयाल व बीआर कौंडल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जिमखाना क्लब की नींव वर्ष 1927 में ब्रिटिश रॉयल इंडियन आर्मी के इंटर-सर्विसेज क्लब के रूप में रखी गई थी, जिसका विधिवत उद्घाटन तत्कालीन फील्ड मार्शल सर विलियम बर्डवुड ने किया था। राजा जोगिंद्रसेन जिमखाना क्लब के आजीवन मुख्यसंरक्षक रहे हैं, जबकि जिमखाना क्लब की जमीन राजपरिवार की संपत्ति रही है। राजा ओमेश्वर सेन के विशेष पावर ऑफ अटॉर्नी धार मानसिंह ठाकुर, सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी व एडवोकेट बीआर कौंडल व वरिष्ठ अधिवक्ता संजय मंड्याल ने कहा कि इस भूमि का मालिकाना हक आज भी प्राकृतिक और ऐतिहासिक रूप से राजपरिवार के पास सुरक्षित है। विवाद की जड़ में खवट संख्या 151 (पूर्व में 148), मोहाल पड्डल 366/9 की वह भूमि है, जिसका अधिग्रहण लोक निर्माण विभाग द्वारा पड्डल से पुरानी मंडी को जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित सस्पेंशन ब्रिज की अप्रोच रोड बनाने के लिए किया जा रहा है।

सरकार ने इस पूरी परियोजना के लिए 8.70 करोड़ की राशि स्वीकृत की है, जिसमें से बड़ा हिस्सा यानी 7.20 करोड़ जिमखाना क्लब के खाते में जाना तय हुआ है। राजा ओमेश्वर सेन का तर्क है कि वे स्वर्गीय राजा अशोकपाल सेन के पुत्र और मंडी रियासत के अंतिम शासक महाराजा सर जोगिंदर सेन बहादुर के पौत्र होने के नाते क्लब के वर्तमान आजीवन संरक्षक और आजीवन अध्यक्ष हैं, इसलिए क्लब की समस्त संपत्तियों और भूमि के असली स्वामी व कब्जेवार भी वही हैं। आरोप है कि राजस्व रिकॉर्ड के साथ सुनियोजित तरीके से छेड़छाड़ कर राज परिवार का नाम कागजों से गायब करने का प्रयास किया गया है। ऐतिहासिक तथ्यों को खंगालते हुए राज परिवार के कानूनी सलाहकारों ने तर्क दिया कि क्लब के मूल संविधान व वहां स्थापित ऐतिहासिक स्मारक पट्टिकाएं आज भी इस सत्य की गवाही देती हैं कि इसका आधिपत्य राजा जोगिंदर सेन और उनके उत्तराधिकारियों के पास निहित है। इस मामले में 30 जनवरी को भूमि अर्जन अधिकारी लोनिवि को एक कानूनी नोटिस भेजा गया है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि यदि यह मुआवजा राशि वर्तमान प्रबंधन या किसी अन्य अनाधिकृत व्यक्ति को जारी की जाती है, तो इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 300ए के तहत संपत्ति के मौलिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन माना जाएगा।

इसके साथ ही, राज परिवार ने हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्र विक्रमादित्य सिंह को एक औपचारिक प्रार्थना पत्र भेजकर गुहार लगाई है कि जब तक इस भूमि के वास्तविक स्वामित्व का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक मुआवजे की राशि को किसी निष्पक्ष न्यायालय या एस्क्रो खाते में सुरक्षित रखा जाए, ताकि सार्वजनिक धन का दुरुपयोग न हो सके। अब देखना है कि दशकों पुराने राजस्व रिकॉर्ड्स और रियासतकालीन संधियों के बीच इस करोड़ों की राशि का असली हकदार

अनंत Classifieds

**NAME CORECTION**

**I, Vanshu Bharti** S/o Sh. Om Prakash R/O Village Rashandi, P.O Khanag, Tehsil Anni, District Kullu (H.P.) declare that my name is entered as Vansh in my Aadhar Card which is wrong. That I want to correct my name as VANSHU BHARTI in my Aadhar Card. Kindly note it.

**बेदखली सूचना**

**मैं, बालक राम,** आयु 75 वर्ष, पुत्र स्वर्गीय नन्द लाल निवासी गांव नरोला, डाकघर नरोला तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश। घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र देश राज शर्मा व बहु ज्योति शर्मा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। अत: इसलिए मैं अपने पुत्र देश राज शर्मा व बहु ज्योति शर्मा को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी सबंधित नोट करें ।

**प्रकृति** का तमाशा भी खूब है। सृजन में समय लगता है, जबकि विनाश कुछ ही पलों में हो जाता है।

-जकिया जुबैरी

## संपादकीय

# भारत-अमेरिका संबंधों की नई धुरी

भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापारिक और कूटनीतिक घटनाक्रमों ने वैश्विक राजनीति में एक नई धुरी के उभरने का संकेत दिया है। जिस तरह से दोनों देशों के बीच ट्रेड डील की घोषणा सामने आई है, उसने न केवल द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा दी है, बल्कि पाकिस्तान और चीन जैसे देशों के लिए रणनीतिक असहजता भी पैदा की है। टैरिफ के स्तरों की तुलना हो या राजनीतिक बयानबाजी का लहजा-हर मोर्चे पर यह स्पष्ट है कि अमेरिका-भारत संबंध एक नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं।

टैरिफ की बात करें तो अमेरिका की ओर से भारत पर अपेक्षाकृत कम शुल्क लगाया जाना, जबकि पाकिस्तान और चीन पर अधिक टैरिफ लागू होना, केवल आर्थिक निर्णय नहीं बल्कि एक राजनीतिक संदेश भी है। पाकिस्तान को यह उम्मीद थी कि अमेरिका भारत पर कठोर रुख अपनाएगा और ऊंचे टैरिफ जारी रखेगा, लेकिन ऐसा न होना इस्लामाबाद के लिए निराशाजनक साबित हुआ। वहीं, चीन पर अधिक टैरिफ लगाया जाना वॉशिंगटन की उस रणनीति का हिस्सा दिखता है, जिसमें वह बीजिंग के बढ़ते आर्थिक और भू-राजनीतिक प्रभाव को संतुलित करना चाहता है। इस पूरे परिदृश्य में भारत एक ऐसे साझेदार के रूप में उभरा है, जिसे अमेरिका न केवल आर्थिक बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी महत्व दे रहा है।

हाल के महीनों में अमेरिकी विदेश मंत्री और भारत स्थित अमेरिकी दूतावास की ओर भारत-अमेरिका संबंधों को और गहरा करने की बात कही गई है। सितंबर में दोनों देशों के बीच संपर्क बढ़ाने और लोगों से समर्थन का आह्वान इस बात का संकेत है कि यह रिश्ता केवल सरकारों तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि जन-स्तर पर भी मजबूत किया जा रहा है। यह कूटनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि स्थायी संबंध वही होते हैं जिनकी जड़ें समाज और जनता तक फैली हों।

डोनाल्ड ट्रंप के बयानों में उतार-चढ़ाव कोई नई बात नहीं है। कभी भारत की खुलकर प्रशंसा, तो कभी तीखी आलोचना-इन विरोधाभासी वक्तव्यों ने अतीत में रिश्तों में तनाव भी पैदा किया, लेकिन भारत की नीति की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उसने इन उतार-चढ़ावों के बावजूद अपनी रणनीतिक स्थिरता बनाए रखी। भारत ने न तो अति उत्साह दिखाया और न ही अनावश्यक प्रतिक्रिया दी। यही परिपक्वता आज उसे एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में प्रस्तुत करती है।

इस कथित ट्रेड डील से भारत-अमेरिका व्यापारिक संबंधों में एक बड़े मोड़ की संभावना जरूर दिखाई देती है। ट्रंप द्वारा टैरिफ घटाने की बात और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ व्यक्तिगत रिश्तों पर जोर देना, कूटनीति में ट्रंप और मोदी की केमिस्ट्री की भूमिका को रेखांकित करता है। ट्रंप का यह कहना कि प्रधानमंत्री मोदी से बात करना उनके लिए सम्मान की बात है, प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण है। साथ ही, रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे वैश्विक मुद्दों पर चर्चा यह दिखाती है कि भारत और अमेरिका केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वैश्विक शांति और ऊर्जा सुरक्षा जैसे विषयों पर भी संवाद कर रहे हैं।

हालांकि, इन बयानों के साथ कुछ यथार्थवादी प्रश्न भी खड़े होते हैं। उदाहरण के तौर पर, अमेरिका से 500 अरब डॉलर से अधिक के आयात की बात एक आकर्षक लक्ष्य जरूर लगती है, लेकिन वर्तमान व्यापारिक आंकड़ों को देखते हुए यह तुरंत साकार होने वाला वादा नहीं दिखता। भारत का अमेरिका से वार्षिक आयात अभी इससे कहीं कम है, और इस स्तर तक पहुंचने में दशकों लग सकते हैं। इसलिए इस घोषणा को एक दीर्घकालिक दृष्टि या राजनीतिक संकेत के रूप में देखना अधिक उचित होगा, न कि तत्काल लागू होने वाली प्रतिबद्धता के रूप में।

एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अब तक भारत और अमेरिका की ओर से कोई संयुक्त आधिकारिक बयान, समझौते का लिखित पाठ या स्पष्ट कार्यान्वयन समय-सीमा सामने नहीं आई है। यह स्थिति स्वाभाविक रूप से विशेषज्ञों को सतर्क करती है। कई जानकार इसे पूरी तरह तैयार व्यापार समझौते के बजाय एक राजनीतिक इरादे की घोषणा मान रहे हैं। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत रत्न, शास्त्रीय संगीत ( गायक )

**पंडित** भीमसेन जोशी हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के महानतम गायकों में से एक और किराना घराने के सबसे तेजस्वी स्तंभ थे। कर्नाटक के गड़ग में जन्मे भीमसेन जोशी को संगीत विरासत में मिला। उनके पिता संस्कृत, कन्नड़ और अंग्रेजी के विद्वान थे, चाचा नाटककार और दादा कीर्तनकार। बचपन में ग्रामोफोन की दुकान पर उस्ताद अब्दुल करीम खान और सवाई गंधर्व को सुनकर उनके भीतर संगीत की लौ प्रज्वलित हुई।



पंडित भीमसेन जोशी
जन्म : 4 फरवरी, 1922
मृत्यु : 24 जनवरी, 2011

गुरु की तलाश में वे किशोरावस्था में घर से निकल पड़े। अनेक कठिनाइयों और भटकावों के बाद अंततः सवाई गंधर्व के शिष्य बने। कठोर अनुशासन में रहकर उन्होंने साधना की और खयाल गायकी में अद्भुत ऊंचाइयां छुईं। 1941 में 19 वर्ष की आयु में उनका पहला मंचीय प्रदर्शन हुआ और शीघ्र ही वे आकाशवाणी तथा देश-विदेश के मंचों पर छा गए। उनकी पहचान उनकी बुलंद आवाज, सांसों पर अद्वितीय नियंत्रण, राग की शुद्धता और भावप्रवणता से बनी। मियां की तोड़ी, दरबारी, भीमपलासी, मुल्तानी, रामकली और शुद्ध कल्याण जैसे रागों में उनकी गायकी श्रोताओं को एक अलग लोक में पहुंचा देती थी। उन्होंने हिंदी, कन्नड़, मराठी और संस्कृत में भजन व अभंग भी गाए और हरिप्रसाद चौरसिया, पं. रविशंकर जैसे दिग्गजों के साथ यादगार जुगलबंदियां कीं। अपने गुरु की स्मृति में शुरू किया गया सवाई गंधर्व संगीत महोत्सव आज शास्त्रीय संगीत का एक प्रतिष्ठित मंच है। कला के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें पद्म श्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण और अंततः 2008 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' में उनकी आवाज जन-जन तक पहुंची। 24 जनवरी 2011 को उनके निधन के साथ एक युग का अंत हुआ, पर उनकी गायकी आज भी भारतीय संगीत की चेतना में जीवित है। ■



कविता

## ओस की बूंद

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

मीना कुमारी शर्मा, वार्ड नंबर 1, सिहारल डा. चतरोखरी, सुंदरनगर, मो. 7018815262

**अरि** ओ, ओस की बूंद, सुना है तुम अच्छे से तस्वीर बनाती हो
खूबसूरत चीजों को प्रतिबिंब में छिटकाकर और भी खूबसूरत बना जाती हो
आज मैं भी आ गई तुम्हारे पास, तुम बारिश से बनीं हो या कोहरे से
मुझे कुछ भी, कोई भी मतलब नहीं इससे
बस तुम आज मेरा भी प्रतिबिंब साकार कर दो ना
थोड़ा सा छिटकाकर इसे भी आकार कर दो ना
दृश्य जो उभर आएं, उनमें एक अपनी चमक का रंग भी भर देना
अंदर से बिखरी भी हूं, निखरी भी हूं,
कुछ कुछ टूटी भी हूं, संवरी भी हूं;
जो भी अच्छा लगे, उसे निखार दे जाना अरी ओ नन्ही सी, प्यारी-सी ओस की बूंद
सुना है तुम अच्छे से तस्वीर बनाती हो इक मेरी भी तस्वीर बना देना
बस छिटके हुए रंगों में मेरा अक्स बेशक ना हो बस उथल-पुथल सहित
मेरा स्वार्थहीन अंतर्मन दिखा जाना, निहित हो उसमें मेरी अभिव्यक्ति
वो रंग उसमें भर जाना, अरी ओ, ओस की बूंद,
सुना है, तुम अच्छे से तस्वीर बनाती हो, इक मेरी भी तस्वीर बना देना।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# कैंसर मौन महामारी, जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव

लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 4 फरवरी को 'विश्व कैंसर दिवस' मनाया जाता है। दरअसल, आज भी लगभग सभी लोगों के लिए कैंसर ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है।



योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। भारत में तो कैंसर के करीब दो-तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है और कैंसर से मौतों का आंकड़ा साल-दर-साल निरंतर बढ़ रहा है। प्रतिवर्ष कैंसर पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। कुछ वर्ष पूर्व तक कैंसर को लाइलाज रोग माना जाता था, लेकिन कुछ वर्षों में कैंसर के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी खोजें हुई हैं। जिसका नतीजा है कि अगर समय रहते कैंसर की पहचान कर ली जाए तो उसका उपचार किया जाना काफी हद तक संभव हो जाता है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है, किंतु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का उपचार अब संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें।

कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो उसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिए इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है, क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि, देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो




पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना सबसे बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है।

यह जानना भी बहुत जरूरी है कि 'कैंसर' आखिर है क्या? जब हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है तो शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां हमला करना शुरू कर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई बार शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से विकसित और विभाजित होने लगती हैं। कोशिकाओं के समूह की इस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है। दुनियाभर में कैंसर से लड़ने और इसे हराने के लिए निरन्तर चिकित्सीय खोजें हो रही हैं और इन प्रयासों के चलते ही अब कैंसर का शुरुआती चरणों में तो सफल इलाज संभव भी है। अगर शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं, लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किंतु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिए अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं।

कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जिसके लक्षणों को समय पर पहचानना जीवनरक्षक सिद्ध हो सकता है। इसके प्रमुख लक्षणों में वजन का लगातार कम होना, शरीर में खून की कमी, लंबे समय तक बुखार रहना, अत्यधिक थकान और कमजोरी, चक्कर आना, उल्टी, दौरे पड़ना, आवाज में बदलाव, सांस लेने में कठिनाई, खांसी के साथ खून आना, लंबे समय तक कफ या म्यूकस बना रहना, निगलने में परेशानी, पेशाब या शौच के दौरान खून आना, शरीर के किसी हिस्से में गांठ या सूजन तथा महिलाओं में माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना शामिल हैं।

कैंसर के इलाज के लिए कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी और स्टेम सेल ट्रांसप्लांट जैसी आधुनिक पद्धतियां उपलब्ध हैं, लेकिन यह इलाज अत्यंत महंगा होता है। गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों के लिए इसका खर्च उठाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में जरूरी है कि सरकार सरकारी और निजी अस्पतालों में कैंसर मरीजों को आर्थिक सहायता दे। साथ ही, समाज में बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाकर कैंसर की समय पर पहचान और रोकथाम पर जोर दिए जाने की बहुत ज्यादा आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# चाहत के बंधन को खोने के भय से उत्पन्न मानसिक अवसाद एवं समाधान

मनुष्य का जीवन भावनाओं का एक अंतहीन जाल है। प्रेम, लगाव, अपनापन और आकर्षण जैसे भाव हमें संवेदनशील, करुणामय और मानवीय बनाते हैं। इन्हीं भावनाओं के कारण जीवन में रंग, गहराई और अर्थ आता है, किंतु जब यही भावनाएं संतुलन खो देती हैं, तब वे सुख के स्थान पर पीड़ा, भय और अवसाद का कारण भी बन सकती हैं। ऐसा ही एक जटिल भावनात्मक अनुभव तब उत्पन्न होता है, जब कोई व्यक्ति हमें अत्यधिक प्रिय लगने लगता है, हम उससे गहराई से जुड़ जाते हैं, लेकिन परिस्थितियां ऐसी होती हैं कि वह व्यक्ति हमारा नहीं हो सकता।



धर्म चंद धीमान
गांव व डा. जैहमत, त. बलद्वाड़ा
जिला मंडी (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इस स्थिति को और अधिक कठिन बना देती है वह आशंका, जब हमें लगता है कि वह व्यक्ति किसी और से जुड़ा हुआ है-भले ही वह संबंध पूरी तरह सही और नैतिक ही क्यों न हो। तब मन में उसे खो देने का भय घर करने लगता है। यही भय धीरे-धीरे अवसाद का रूप ले लेता है और व्यक्ति का मन हर समय उसी एक विचार के इर्द-गिर्द घूमता रहता है। यह केवल प्रेम-विरह की स्थिति नहीं होती, बल्कि भावनात्मक असुरक्षा, आत्मसंघर्ष और मानसिक असंतुलन की अवस्था होती है।

जब हम किसी व्यक्ति को अपने सुख-दु:ख का केंद्र बना लेते हैं, तब हमारा भावनात्मक संतुलन उसी पर निर्भर हो जाता है। उसकी उपस्थिति हमें आनंद देती है और उसकी दूरी भयभीत कर देती है। यही अत्यधिक लगाव धीरे-धीरे आसक्ति में बदल जाता है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति अपने मूल्य, योग्यता और भविष्य पर विश्वास खोने लगता है। उसे लगने लगता है कि यदि वह व्यक्ति उसे छोड़ गया, तो वह पूरी तरह अकेला पड़ जाएगा। यह असुरक्षा हमें बार-बार उस व्यक्ति के संभावित विकल्पों के बारे में सोचने पर मजबूर करती है। अक्सर हम वास्तविकता से अधिक



कल्पनाओं में जीने लगते हैं। हम उस व्यक्ति के साथ भविष्य की तस्वीरें गढ़ लेते हैं, अपेक्षाएं बना लेते हैं और फिर उन्हीं अपेक्षाओं के टूटने का भय हमें भीतर से कमजोर करने लगता है। जिन लोगों का आत्मसम्मान कमजोर होता है, वे अपने अस्तित्व को किसी और के प्रेम या स्वीकृति से जोड़ लेते हैं। उन्हें लगता है कि यदि सामने वाला चला गया, तो उनका महत्व भी समाप्त हो जाएगा। कई बार प्रेम के नाम पर हम अनजाने में अधिकार जताने लगते हैं, और जब सामने वाला हमारी अपेक्षाओं के अनुसार व्यवहार नहीं करता, तब ईर्ष्या और भय जन्म लेते हैं। यदि व्यक्ति के जीवन में मित्र, परिवार, रुचियां और उद्देश्य नहीं होते, तो वह किसी एक संबंध को ही अपना पूरा संसार बना लेता है।

परिणामस्वरूप उसी के खोने का डर उसे भीतर से तोड़ने लगता है। इस प्रकार की मानसिक अवस्था व्यक्ति को कई स्तरों पर प्रभावित करती है-निरंतर चिंता, बेचैनी, नींद की कमी, पढ़ाई या काम में मन न लगना, स्वयं को दोषी ठहराना और नकारात्मक विचारों का बढ़ना। समय रहते यदि इस स्थिति को नहीं समझा गया, तो यह गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्या का रूप ले सकती है। इस अवस्था से बाहर निकलने का पहला और सबसे कठिन कदम यह स्वीकार करना है कि हर संबंध हमारे नियंत्रण में नहीं होता। किसी को चाहना स्वाभाविक है, लेकिन उसे अपना बना लेना अनिवार्य नहीं। स्वीकार्यता ही मानसिक शांति की पहली सीढ़ी है। यह समझना जरूरी है कि आपका अस्तित्व किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है। आपके अपने सपने, लक्ष्य, क्षमताएं और मूल्य हैं।

स्वयं से जुड़ना और भावनात्मक सीमाएं तय करना मानसिक मजबूती देता है। जब नकारात्मक विचार आएं-जैसे 'मैं उसे खो दूंगा' या 'वह किसी और को मुझसे ज़्यादा पसंद करता है' तो स्वयं से पूछें कि क्या यह सच है या केवल डर। रचनात्मक कार्यों में समय लगाएं और भावनाओं को किसी भरोसेमंद व्यक्ति से साझा करें। यदि अवसाद बढ़े, तो विशेषज्ञ की मदद लेना समझदारी है। सच्चा प्रेम स्वयं को संभालने में भी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# शादी की जल्दबाजी बन रही खतरा,लुटेरी दुल्हनों के गिरोह से रहें सावधान!

देश में शादी को लेकर बढ़ती सामाजिक और पारिवारिक बेचैनी अब एक गंभीर सामाजिक समस्या का रूप लेती जा रही है। उम्र का दबाव, रिश्तेदारों के ताने, अकेले रह जाने का डर और 'अब तो शादी कर लो' जैसी लगातार की जाने वाली टिप्पणियां कई युवाओं को मानसिक रूप से असहज कर देती हैं। इसी असहजता और उतावलेपन का फायदा अब संगठित अपराधी गिरोह उठाने लगे हैं, जिन्हें आम भाषा में 'लुटेरी दुल्हन' गिरोह कहा जा रहा है। हाल के वर्षों में ऐसे मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है और यह समस्या अब केवल महानगरों तक सीमित न रहकर छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों तक फैल चुकी है।



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, कोटला, घुमारवीं

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इन गिरोहों का तरीका बेहद सुनियोजित होता है। इनमें महिलाएं, दलाल, एजेंट और कई बार फर्जी रिश्तेदार तक शामिल होते हैं। ये लोग मैट्रिमोनियल वेबसाइटों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या स्थानीय बिचौलियों के माध्यम से ऐसे युवकों से संपर्क करते हैं, जो जल्दी शादी करना चाहते हैं। बातचीत के दौरान लड़की और उसका तथाकथित परिवार भरोसा जीतने की पूरी कोशिश करता है। सीमित समय में शादी का प्रस्ताव रखा जाता है और यह कहा जाता है कि 'सब कुछ जल्दी तय करना होगा, वरना रिश्ता हाथ से निकल जाएगा।' इसी दबाव में युवक बिना पूरी जांच-पड़ताल के शादी के लिए तैयार हो जाता है।

शादी के कुछ ही दिनों या हफ्तों के भीतर दुल्हन नकदी, जेवर, मोबाइल, एटीएम कार्ड या अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो जाती है। कई मामलों में कहानी यहीं खत्म नहीं होती। कुछ गिरोह दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या बलात्कार जैसे झूठे मामलों की धमकी देकर युवक और उसके परिवार से पैसे भी वसूलते हैं। डर और बदनामी के भय से कई पीड़ित चुप रह जाते हैं, जिससे अपराधियों के हौसले और बढ़ जाते हैं। इस तरह की ठगी के पीछे



सबसे बड़ा कारण युवाओं पर बना सामाजिक दबाव है। शादी की उम्र को लेकर तय की गई सामाजिक समय-सीमा, 'अब देर हो रही है' जैसी बातें और तुलना की संस्कृति युवाओं को जल्दबाजी में निर्णय लेने पर मजबूर कर देती है। कई बार परिवार भी यह मान लेता है कि 'जो मिल रहा है, वही ठीक है,' और गहराई से जांच करने की जरूरत नहीं समझता। यही जल्दबाजी अपराधियों का सबसे बड़ा हथियार बन जाती है। लुटेरी दुल्हन के मामलों में पीड़ित युवक को केवल आर्थिक नुकसान ही नहीं होता, बल्कि मानसिक आघात और सामाजिक बदनामी भी झेलनी पड़ती है। ठगी का शिकार होने के बाद व्यक्ति खुद को ठगा हुआ, अपमानित और असहाय महसूस करता है।

झूठे मामलों में फँसने की स्थिति में नौकरी, करियर और पारिवारिक प्रतिष्ठा पर भी गंभीर असर पड़ता है। पुलिस की जांच अक्सर लंबी चलती है और आरोपी राज्य बदलकर फरार हो जाते हैं, जिससे न्याय की प्रक्रिया और कठिन हो जाती है। इस समस्या से बचने के लिए विशेषज्ञ और पुलिस लगातार सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं। शादी से पहले रिश्ते की पूरी पृष्ठभूमि की जांच, पहचान पत्रों और पते की पुष्टि, परिवार की सक्रिय भागीदारी और जल्दबाज़ी से बचना बेहद जरूरी है। केवल एजेंट या बिचौलिये के भरोसे रिश्ता तय करना खतरनाक हो सकता है।

किसी भी तरह का संदेह होने पर पुलिस या कानूनी सलाह लेने से हिचकना नहीं चाहिए। समय पर की गई सावधानी बड़े नुकसान से बचा सकती है। प्रशासन की जिम्मेदारी है कि ऐसे संगठित गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे और मैट्रिमोनियल प्लेटफॉर्म पर निगरानी बढ़ाए। वहीं समाज को भी आत्ममंथन करने की जरूरत है। माता-पिता और रिश्तेदारों को समझना होगा कि शादी जीवन का अहम फैसला है, कोई जल्द निपटाने वाला काम नहीं। युवाओं पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उन्हें सोच-समझकर निर्णय लेने का समय देना चाहिए। शादी भावनाओं के साथ-साथ समझदारी का भी विषय है। उतावलेपन में लिया गया एक गलत फैसला पूरी जिंदगी पर भारी पड़ सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# परमाणु हथियारों का बढ़ता खतरा और संभावित वैश्विक विनाशकारी प्रभाव

दुनिया में वर्तमान समय में केवल 9 देश ही ऐसे हैं जिनके पास परमाणु हथियार हैं। फेडरेशन ऑफ एटॉमिक साइंटिस्ट्स की 2025 की रिपोर्ट 'स्टेटस ऑफ द वर्ल्ड्स न्यूक्लियर फोर्सेज' के अनुसार, इन देशों के पास कुल 12,331 परमाणु हथियार हैं, जिनमें से 9,600 से अधिक सक्रिय मिलिट्री स्टॉक में हैं।



संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हालांकि यह संख्या शीत युद्ध के दौरान मौजूद लगभग 70,000 हथियारों से कम है, लेकिन भविष्य में हथियारों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। रूस के पास सबसे अधिक कन्फर्म परमाणु हथियार हैं, लगभग 5,500, जबकि अमेरिका के पास 5,044 हथियार हैं, जो अमेरिका और यूरोप के छह देशों में तैनात हैं। अकेले इन दोनों देशों के पास विश्व के लगभग 90 प्रतिशत परमाणु हथियार हैं। चीन, फ्रांस, भारत, इजराइल, उत्तर कोरिया, पाकिस्तान और यूनाइटेड किंगडम के पास भी परमाणु हथियार हैं, लेकिन उनके संख्या और क्षमताओं के बारे में पूर्ण जानकारी उपलब्ध नहीं है। उदाहरण के लिए, उत्तर कोरिया के पास 40-50 हथियार बनाने के लिए पर्याप्त फिसाइल मटीरियल है, जबकि इजराइल के पास अनुमानित 90 हथियार मौजूद हैं।

एक परमाणु हथियार लाखों लोगों की जान ले सकता है और इसके पर्यावरणीय और मानवीय प्रभाव अत्यंत विनाशकारी होते हैं। केवल न्यूयॉर्क पर 1 परमाणु हथियार गिराने से अनुमानित 5,83,160 लोगों की मौत हो सकती है। आज के परमाणु हथियार हिरोशिमा पर गिराए गए बम से कई गुना अधिक शक्तिशाली हैं।

सामरिक और गैर-सामरिक परमाणु हथियारों की स्थिति भी चिंताजनक है। रूस के पास 1,912 गैर-सामरिक और अमेरिका के पास 200 गैर-सामरिक वॉरहेड हैं, जिनमें से 100 यूरोप में तैनात



हैं। ये हथियार छोटे जरूर कहलाते हैं, लेकिन इनकी विस्फोटक क्षमता 300 किलोटन तक हो सकती है। विश्व में परमाणु हथियार रखने वाले देशों की रणनीति और भू-राजनीतिक घटनाएं भी चिंता का कारण हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका स्पष्ट उदाहरण है। 1991 में यूक्रेन दुनिया के तीसरे सबसे बड़े परमाणु हथियार भंडार वाला देश था, लेकिन उसने बहुराष्ट्रीय समझौते के तहत अपने सभी हथियार छोड़ दिए। सुरक्षा गारंटी मिलने के बावजूद, 2014 में रूस ने क्रीमिया पर कब्जा किया और फरवरी 2022 में युद्ध छेड़ दिया। इसने यह सवाल उठाया कि परमाणु हथियार छोड़ना क्या यूक्रेन के लिए बड़ी भूल थी। आज अमेरिका और ईरान के बीच टकराव में भी परमाणु हथियारों की आशंका बढ़ रही है। यह स्थिति दर्शाती है कि परमाणु हथियार मानवता और विश्व सुरक्षा के लिए अब भी गंभीर खतरा हैं। अगस्त 1945 में हिरोशिमा पर गिराए गए पहले बम 'लिटिल बॉय' ने शहर के 80त्न हिस्से को नष्ट कर दिया था और लगभग 1,40,000 लोग मारे गए थे। वर्तमान हथियार उस समय के बम से 20 गुना अधिक शक्तिशाली हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि परमाणु हथियारों के उपयोग और प्रसार को लेकर विश्व स्तर पर सोच-समझकर कदम उठाए जाएं। केवल राजनीतिक और सैन्य संतुलन बनाए रखने के लिए हथियारों का संग्रह करना न केवल खतरनाक है, बल्कि मानवता के अस्तित्व के लिए भी गंभीर चुनौती है। शांति और कूटनीति ही वर्तमान में परमाणु संकट से बचने का सबसे प्रभावी उपाय हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# स्मार्ट मीटरों को लेकर ग्रामीणों का विरोध

## ग्रामीणों ने बिना जन सहमति के लगाए जा रहे मीटरों पर पारदर्शिता के लगाए आरोप

अनंत ज्ञान

**कविता, पधर।** जिला मंडी के मलोग, शिलग, भटोग, पाली, भराड़ा, कुलांदर व मसेरन गांवों के ग्रामीणों ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने की प्रक्रिया को लेकर गहरा रोष व्यक्त करते हुए राज्यपाल को एसडीएम पधर सुरजीत सिंह के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया बिना पूर्व सूचना, बिना ग्राम सभा की सहमति और बिना जन-जागरूकता अभियान के शुरू की गई है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।

ग्रामीण प्रतिनिधियों योग राज रावत, सपना देवी, रीता, मनसा, हेमलता, वनिता, कृष्णा, गौवन्ति, संजीव कुमार, सरला, शीला, राजकुमार, नीलू, मीनाक्षी, कुंता सहित अन्य—ने कहा कि जब ग्रामीणों ने शांतिपूर्वक स्मार्ट मीटरों से जुड़े लाभ और प्रभावों की जानकारी मांगी, तो उन्हें संतोषजनक उत्तर देने के बजाय कथित तौर पर धमकाया गया तथा उच्च अधिकारियों व कानूनी कार्रवाई का भय दिखाया गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ क्षेत्रों में रात के अंधेरे में मीटर बदले जाने से लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है, जिससे विद्युत विभाग के प्रति अविश्वास और आक्रोश बढ़ा है।

ज्ञापन में स्मार्ट मीटर के साथ-साथ हालिया सरकारी निर्णयों पर भी चिंता जताई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में शुल्क वृद्धि, हिम केयर कार्ड से जुड़ी समस्याएं, महिलाओं की बस किराया सुविधा समाप्त होना, युवाओं को अस्थायी और कम वेतन वाला रोजगार, ठेकेदार-प्रणाली के माध्यम से शोषण, 125 यूनिट नि:शुल्क बिजली जैसी जनकल्याणकारी सुविधा में कटौती तथा ग्रामीण विद्यालयों का बंद होना सीधे तौर पर आम जनता को प्रभावित कर रहा है।

ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि उनका यह विरोध विकास के विरुद्ध नहीं है, बल्कि पारदर्शिता, जन-सहमति और संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा के लिए है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से अस्थायी रोक लगाई जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता व संवाद किया जाए तथा जनहित से जुड़े मामलों में राज्य सरकार संवेदनशील और न्यायोचित निर्णय ले।



एसडीएम पधर सुरजीत सिंह के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण। अनंत ज्ञान

# पैरा थ्रो बॉल नेशनल फेडरेशन कप के लिए हिमाचल के सात खिलाड़ी राजस्थान रवाना




पैरा थ्रो बॉल नेशनल फेडरेशन कप के लिए रवाना होने वाले हिमाचल के खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** डिसेबल्ड स्पोर्ट्स एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के बैनर तले पैरा थ्रो बॉल नेशनल फेडरेशन कप में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के 7 खिलाड़ी राजस्थान पहुंच गए हैं। प्रदेश के लिए यह पहला अवसर है जब राज्य की ओर से पैरा थ्रो बॉल के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इन खिलाड़ियों में रचना कुमारी (टीम मैनेजर), कैप्टन अनिल कुमार, वाइस कैप्टन बृज मोहन, शशि पाल, कृष्ण कुमार, सुनील कुमार और रमेश चन्द भारद्वाज शामिल हैं, जो सिंघानिया यूनिवर्सिटी द्वारा 3 से 5 फरवरी तक पचेरी-बड़ी, झुंझनू (राजस्थान) में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं।

हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति ने खिलाड़ियों को बधाई दी है, जबकि समिति के प्रदेश महासचिव रमेश चन्द भारद्वाज ने यूनिवर्सिटी तथा संबंधित केंद्र व प्रदेश सरकार का आयोजन के लिए धन्यवाद किया, लेकिन यह अफसोस भी जताया कि खिलाड़ियों के लिए रहने और खाने की व्यवस्था तो की गई है, पर बस या टैक्सी किराये की सुविधा नहीं मिली, जिसकी मांग उपायुक्त मंडी से की गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार दिव्यांग खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी ताकि वे प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### कटेरू में 176 ग्राम चरस सहित एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी टीम ने नाकाबंदी के दौरान कटेरू में घुमारवीं के रहने वाले एक आरोपी की कार से 176 ग्राम चरस बरामद कर गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना के पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी की टीम गश्त और नाकाबंदी के दौरान कटेरू क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस ने कार नंबर एचपी-23डी-8087 को रुकने का इशारा करने पर उसकी चेकिंग में कार के डैशबोर्ड में रखी 176 ग्राम चरस बरामद हुई। इस पर पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी में एफआईआर दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। आरोपियों की शिनाख्त कार चालक शशी पाल पुत्र जगदीश चंद निवासी तहसील घुमारवी जिला बिलासपुर के तौर पर हुई है। मामले की पुष्टि एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने की है। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### सेवा संकल्प समिति ने सिविल अस्पताल सरकाघाट को भेंट की डेंटल एक्स-रे मशीन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सिविल अस्पताल सरकाघाट प्रबंधन के आग्रह पर सेवा संकल्प समिति परिवार सरकाघाट द्वारा दंत चिकित्सा अनुभाग को ₹26,000 की लागत से डेंटल एक्स-रे मशीन भेंट की गई। नागरिक अस्पताल सरकाघाट में काफी हादसे से डेंटल विभाग में स-र की मशीन ना होने के कारण लोगों को बाहर महंगे दामों पर एक्सरे करवाने को मजबूर होना पड़ता था बल्कि उन्हें बाहर भारी परेशानियों का भी सामना करने को मजबूर होना पड़ता था इस अवसर पर दंत चिकित्सक मनजीत ठाकुर एवं डॉ. अतुल राणा के साथ समिति अध्यक्ष चंद्रमणि, सचिव राकेश कुमार पंकज, वित्त सचिव मनोहर लाल शर्मा तथा एक्स-रे तकनीशियन उपस्थित रहे। अस्पताल प्रबंधन एवं दंत चिकित्सकों ने सेवा संकल्प समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मशीन के माध्यम से अब दंत रोगों की स्टीक जांच संभव हो सकेगी, जिससे मरीजों को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी जनहित में ऐसे सहयोगात्मक कार्य जारी रखे।

### अब रत्ती पुल में होंगे ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन अधिकारी-सह-उपमंडलाधिकारी (ना.) रूपिंदर कौर ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के स्थान में आंशिक परिवर्तन किया गया है। उन्होंने बताया कि पड्डल मैदान में इस माह शिवरात्रि महोत्सव-2026 के आयोजन के चलते, ड्राईविंग लाईसेंस टेस्ट लेना संभव नहीं है जिस कारण 7 व 26 फरवरी को ड्राईविंग लाइसेंस टेस्ट का स्थान अस्थायी तौर पर रत्ती पुल (गड़ल) मडी में सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि 7 फरवरी को होने वाले ड्राईविंग लाईसेंस टेस्ट के लिये 3 फरवरी को प्रातः11 बजे से व 26 फरवरी को होने वाले ड्राईविंग लाईसेंस टैस्ट के लिये 19 फरवरी को प्रातः 11 बजे से के माध्यम से स्लॉट बुक किए जा सकते हैं।

### सिक्योरिटी गार्ड के साक्षात्कार 5 फरवरी को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने आज यहां बताया कि रोजगार के इच्छुक पुरूष उम्मीदवारों के लिए सिक्योरिटी गाईड एवं सुपरिवाइजर पदों के लिए साक्षात्कार 5 फरवरी को आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर की ओर से उनके कार्यालय को सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरिवाइजर के 120 पद अधिसूचित किए गए हैं। इनकी नियुक्ति शिमला, सोलन, सिरमौर, कांगड़ा, हमीरपुर, चंडीगढ़, जीरकपुर, मोहाली एवं खरड़ में होनी है। इस साक्षात्कार में दसवीं पास/फेल कोई भी आवेदक शामिल हो सकता है। साक्षात्कार के लिए न्यूनतम आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष, लम्बाई 168 से0मी0 या इससे अधिक तथा भार 52 कि.ग्रा. से 95 कि0ग्रा0 होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 8 घंटे की ड्यूटी के लिए वेतनमान 15,000 रूपये और 12 घंटे की ड्यूटी के लिए वेतनमान 24,000 रुपए तक दिया जाएगा । उन्होंने बताया कि चयनित आवेदकों को एक माह का प्रशिक्षण शाहतलाई जिला बिलासपुर में प्रदान किया जाएगा। उसके पश्चात उन्हें होटल, मॉल, कम्पनीज़ या औद्योगिक क्षेत्रों में तैनाती दी जाएगी।

# घायल तेंदुए की रेस्क्यू के दौरान मौत

## स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू टीम की कार्रवाई पर जताई नाराजगी

अनंत ज्ञान

- पिटबुल व हथियार के वार से हुई मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा

**सरकाघाट।** सरकाघाट के धाड़ गांव में बीते रविवार हमलावर तेंदुए की रेस्क्यू के दौरान मौत हो गई। वन विभाग और रेस्क्यू टीम की कथित जल्दबाजी और लापरवाही को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मृत तेंदुए का मंगलवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद अंतिम संस्कार किया गया।

सूचना के अनुसार, रविवार को तेंदुए ने वन विभाग के एक कर्मचारी पर हमला किया था, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। स्थिति को गंभीर मानते हुए वन विभाग ने 2 फरवरी को त्वरित कार्रवाई करते हुए तेंदुए को पकड़ लिया। रेस्क्यू टीम ने मौके पर प्राथमिक उपचार के बाद तेंदुए को रेस्क्यू वैन के माध्यम से धौलाधार नेचर पार्क, पालमपुर ले जाने का प्रयास शुरू किया।

रास्ते में, लौगणी के पास तेंदुए की हालत अचानक बिगड़ गई। जांच करने पर पाया गया कि तेंदुआ सांस नहीं ले रहा था। पशु चिकित्सा अधिकारी धर्मपुर से निर्देश मिलने के बाद तेंदुए को सज्याओ पिपलु पशु चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित किया।

सहायक अरण्यपाल, सुकेत वन मंडल की अध्यक्षता में गठित समिति की मौजूदगी में सरकाघाट पशु चिकित्सा अधिकारी ने पोस्टमार्टम किया। समिति ने नियमों के अनुसार तेंदुए का अंतिम संस्कार किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट दो दिन बाद आने की जानकारी दी गई है। स्थानीय जानकारी के अनुसार, पिटबुल नस्ल के आधा दर्जन कुत्तों ने तेंदुए पर हमला किया। पांच कुत्ते लगातार हमला करते रहे, जबकि एक कुत्ते ने तेंदुए की सांस नली दबाए रखी। तेंदुए की एक टांग पर गहरे जख्म भी पाए गए, जो तेज धार हथियार से हुए थे। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा बनाए गए वीडियो में देखा गया कि दो व्यक्ति तेंदुए पर दराट से लगातार वार कर रहे थे।

स्थानीय लोगों और वन विभाग कर्मियों ने रेस्क्यू टीम की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि तेंदुआ पहले पशु अस्पताल में ले जाकर इलाज कराना चाहिए था। रेस्क्यू टीम की जल्दबाजी के कारण ही तेंदुआ केवल 10 किलोमीटर बाद दम तोड़ गया। यदि जल्दबाजी न होती तो तेंदुआ अपनी जान बचा सकता था। इस घटना ने इलाके में वन्यजीव सुरक्षा और रेस्क्यू प्रक्रियाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# धर्मपुर बाजार में अब बिना वजह गाड़ी खड़ी करने पर कटेगा चालान

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर बाजार में लगातार बढ़ रही अवैध पार्किंग की समस्या को लेकर अब धर्मपुर पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत बाजार क्षेत्र में अवैध रूप से वाहन खड़े करने वाले एक दर्जन से अधिक वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस की इस कार्रवाई से बाजार में कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे, दुकानों के सामने और नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को चिन्हित कर उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। धर्मपुर पुलिस अधिकारियों डीएसपी संजीव सूद ने बताया कि अवैध पार्किंग के कारण बाजार में आए दिन जाम की स्थिति, पैदल चलने वालों को परेशानी और आपातकालीन वाहनों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया है। पुलिस ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि भविष्य में भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहन पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें, ताकि बाजार व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय लोगों व व्यापारियों विपिन, राम सिंह, बंसीराम इत्यादि ने भी पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे बाजार में यातायात व्यवस्था सुधरेगी और जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

# जनहितैषी बजट से आत्मनिर्भर भारत की नींव और मजबूत : राकेश जम्वाल



प्रेसवार्ता करते हुए विधायक राकेश जम्वाल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने मंडी में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को जनता, युवा, किसान, महिला और मध्यम वर्ग के हितों को समर्पित ऐतिहासिक बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की स्पष्ट रूपरेखा है। जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हर वर्ग को साथ लेकर चलने की नीति पर यह बजट तैयार किया है। इसमें गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के उत्थान के साथ-साथ देश की आर्थिक मजबूती को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में तेजी से आगे बढ़ रही है और इस बजट ने उस भरोसे को और मजबूत किया है। मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि मध्यम वर्ग को आयकर में दी गई राहत से आम परिवारों की क्रय शक्ति बढ़ेगी, जिससे बाजार में मांग बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। जम्वाल ने कहा कि शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्ट-अप और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान देकर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत का भविष्य उसके युवा हैं।

इस प्रेसवार्ता मे भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल, मीडिया प्रभारी राकेश वालिया, नगर निगम मेयर वीरेंद्र भट्ट, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रणवीर सेन और पंचायती राज प्रदेश सह सयोजक पाल उपस्थित रहे।

# त्रिकुटेश्वर महादेव स्वरूप में सजा बाबा भूतनाथ, मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की परंपरा के तहत मंडी के प्राचीन बाबा भूतनाथ मंदिर में भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन का क्रम जारी है। इसी कड़ी में बाबा भूतनाथ का 18वां श्रृंगार त्रिकुटेश्वर महादेव, गड़ग (कर्नाटक) के स्वरूप में किया गया। तारा रात्रि के बाद से मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है और भक्त बड़ी श्रद्धा से इन दुर्लभ दर्शनों का लाभ उठा रहे हैं।

परंपरा अनुसार तारा रात्रि से भगवान शिव की पिंडी पर माखन का लेप चढ़ाया जाता है। इसी माखन लेप पर प्रतिदिन भोले बाबा के अलग-अलग स्वरूप उकेरे जाते हैं, जो भक्तों के लिए विशेष आकर्षण और गहरी आस्था का केंद्र बने हुए हैं। भूतनाथ मंदिर के महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि आज बाबा भूतनाथ का श्रृंगार त्रिकुटेश्वर महादेव के स्वरूप में किया गया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के गडग जिले का त्रिकुटेश्वर मंदिर भारतीय वास्तुकला का अनमोल रत्न है। 11वीं शताब्दी के पश्चिमी चालुक्य काल में निर्मित यह मंदिर त्रि-कुटा शैली के लिए प्रसिद्ध है। इसके गर्भगृह में एक ही पत्थर पर बने तीन शिवलिंग ब्रह्मा, विष्णु और शिव का प्रतिनिधित्व करते हैं।



- शिवरात्रि महोत्सव के तहत 18वें स्वरूप के दर्शन
- माखन श्रृंगार बना श्रद्धा का केंद्र

# बजट में आम जनता को निराशा: पं. अरुण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी लीगल सेल के महासचिव पंडित अरुण प्रकाश आर्य ने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट से देश की जनता को बड़ी उम्मीदें थीं। हर बार की तरह इस बार भी आम आदमी, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग को केंद्र में रखने का दावा किया गया, जो सुनने में अच्छा लगता है, मगर ज़मीनी हकीकत में यह बजट कमजोर साबित होता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोज़गारी और घटती क्रय-शक्ति जैसे गंभीर मुद्दों पर कोई ठोस रोडमैप नहीं दिया गया। किसान आज भी फसल के उचित दाम और कर्ज़ राहत की प्रतीक्षा में हैं, पर बजट में उनके लिए निर्णायक कदम नहीं दिखते। युवाओं के लिए रोज़गार सृजन की बातें दोहराई गईं, लेकिन प्रभावी योजनाओं का अभाव साफ नजर आता है। मध्यम वर्ग टैक्स के बोझ से दबा है, फिर भी उसे राहत नहीं मिली। गरीबों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों और MSME क्षेत्र के लिए भी ठोस आर्थिक पैकेज या स्पष्ट प्राथमिकता नज़र नहीं आती। उन्होंने कहा, जनता अब घोषणाओं से नहीं, बल्कि ईमानदार नीयत और ठोस फैसलों से भरोसा चाहती है।

# हल्दी व डेयरी क्षेत्र के विकास पर दिया जोर

## रखोह में किसान गोष्ठी में मुख्यातिथि विधायक चंद्रशेखर ने की शिरकत



किसान गोष्ठी में भाग लेते हुए विधयक व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), विकास खंड धर्मपुर की ओर से रखोह में एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना रहा। गोष्ठी में विधायक चन्द्रशेखर मुख्य अतिथि रहे और लगभग 120 किसानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में किसानों को भिंडी, कोदरा और अन्य फसल के बीज वितरित किए गए। विधायक चन्द्रशेखर ने क्षेत्रीय कृषि संभावनाओं पर विशेष जोर देते हुए कहा कि धर्मपुर की जलवायु और मिट्टी हल्दी की खेती के लिए अत्यंत उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य धर्मपुर को प्रमुख हल्दी उत्पादक क्षेत्र के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक विधि से हल्दी की खेती अपनाने और सरकारी अनुदान योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। विधायक ने बताया कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने प्राकृतिक उत्पादों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय किया है। राज्य में गेहूं, मक्की, जौ और हल्दी पर उच्चतम एमएसपी प्रदान की जा रही है, जिससे अधिक से अधिक किसान प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित हों। आत्मा परियोजना के माध्यम से किसानों को तकनीकी जानकारी, प्रशिक्षण और आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ा जा रहा है। विधायक ने गौ पालन को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई और कहा कि प्राकृतिक खेती और पशुपालन एक-दूसरे के पूरक हैं। राज्य सरकार ने दूध का समर्थन मूल्य तय कर हिमाचल प्रदेश को इस दिशा में अग्रणी बनाया है। इस अवसर पर प्राकृतिक विधि द्वारा तैयार हिम भोग आटा का भी विधिवत शुभारंभ किया गया। परियोजना निदेशक राकेश कुमार, उपमंडलीय आयुष अधिकारी डॉ. हेमलता, उद्यान विकास अधिकारी डॉ. शबनम राणा और वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी राजेन्द्र जस्वाल ने किसानों को तकनीकी जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रगतिशील किसान और एफपीओ प्रभारी अजय ठाकुर व रमेश ने प्राकृतिक खेती के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ कृषि भूप सिंह, खंड तकनीकी प्रबंधक सरिता ठाकुर और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 105 लोगों का जांचा स्वास्थ्य




प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बग्गी में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बग्गी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बग्गी में श्री लाल बहादुर शास्त्री गौरवेंट नर्सिंग कॉलेज कॉमिनीटी हेल्थ नर्सिंग विभाग द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. बंदना प्रधानाचार्य नर्सिंग कॉलेज नेरचौक के कर कमलों द्वारा किया गया। डॉ बंदना ने आयोजक टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने लोगों से आवाहन किया की अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे और समय समय पर चिकित्स्कों की सलाह लेते रहे। इस अवसर आयोजक टीम व ग्रुप लीडर तेजिंद्रा कुमारी ने कहा कि इस मेले का आहम उदेश्य आम जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच व सेवाएं करना रहा है।

इस स्वास्थ्य मेले में रक्तचाप, मधुमेह, अनिमिया, हीमोग्लोबिन जांच, हाथ धोने की सही विधि और पानी का शुद्धिकरण मुख्य पहलू रहे। आयोजक टीम द्वारा लोगों को साफ जल का उपयोग और हाथ धोने की प्रकिया के साथ अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं बारे नुक्कड नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक व निरीक्षक इंदु कश्यप ने मुख्य अतिथि व अन्य चिकित्सकों व शिक्षकगणों को उपहार भेंट कर समानित किया गया और उन्होंने कहा कि आज इस मेले में 105 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस मौके पर डॉ. बंदना गौतम, डॉ. आकांक्षा, डॉ. बिना रानौत, मैडम मीरन रानी, अनिता, ज्योति व आयोजक टीम प्रेम लता, पूजा ठाकुर, कीर्ति वर्मा, आयुषी शर्मा, आरती शर्मा, आशा ठाकुर, अंजली, पैरामेडिकल स्टाफ और स्वास्थ्य कर्मी, आशा वर्कर, बीएससी नर्सिंग की छात्राएं मौजूद रही।

# बजट में आत्मनिर्भर भारत के साथ अल्पसंख्यकों के हितों का रखा ख्याल : राजवली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल बीजेपी के प्रांत कार्य समिति के सदस्य व प्रांत अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद राजवली ने बजट 2026 की सराहना की है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करने वाला ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास इस बजट की आत्मा है, जो देश को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा केंद्र सरकार ने खासकर अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा करने और इस वर्ग के उत्थान के लिए बजट का प्रावधान किया है। एनडीए सरकार के दौरान अल्पसंख्यकों के लिए जो योजनाएं बनाई गई है उससे इस वर्ग तरक्की है। कांग्रेस पार्टी वी अन्य पार्टियों ने अल्पसंख्यकों के अपना वोट बैंक समझ रखा था लेकिन प्रधानमंत्री सरकार की दूरदर्शी सोच से और उनके हित में जो काम किया है उससे अब अल्पसंख्यक भी समझ चुके हैं कि उनका सुनहरी भविष्य भाजपा के हाथ में है। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच लगभग 7 प्रतिशत की मजबूत विकास दर भारत की आर्थिक शक्ति और सरकार की दूरदृष्टि का प्रमाण है। कर्तव्य भवन में तैयार हुआ यह पहला बजट नए भारत के नए दृष्टिकोण और नई कार्यसंस्कृति का प्रतीक है, जिसमें आर्थिक ग्रोथ को बढ़ावा देना, जनता की उम्मीदों को पूरा करना और सबका साथ, सबका विकास सुनिश्चित करना, सरकार के तीन प्रमुख कर्तव्य के रूप में सामने आए हैं।

**कार्यक्रम** एचपीसीडीपी-जाइका परियोजना के तहत सामुदायिक प्रेरकों का प्रशिक्षण संपन्न

# किसानों की आय बढ़ाने के तरीकों पर दी जानकारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (एचपीसीडीपी-जाइका) के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई (बीपीएमयू) मंडी द्वारा सामुदायिक प्रेरकों के लिए दो दिवसीय पीयर लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में परियोजना के अंतर्गत संचालित 10 उप-परियोजनाओं से कुल 20 सामुदायिक प्रेरकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य परियोजना की गतिविधियों को जमीनी स्तर पर और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा सामुदायिक प्रेरकों की कार्यक्षमता में वृद्धि करना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक प्रेरकों की भूमिका एवं जिम्मेदारियों, परियोजना के दिशा-निर्देशों, किसान सहायता गतिविधियों, रिपोर्टिंग प्रक्रिया तथा संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में फसल विविधीकरण, उन्नत कृषि पद्धतियों तथा परियोजना के अंतर्गत प्रदान की जा रही आजीविका सहायता के विभिन्न पहलुओं पर विशेष रूप से जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।



एचपीसीडीपी-जाइका के तहत मंडी में सामुदायिक प्रेरकों का प्रशिक्षण संपन्न। अनंत ज्ञान

प्रतिभागियों को यह जानकारी दी गई कि किस प्रकार नवीन कृषि तकनीकों और योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है तथा परियोजना के लक्ष्यों को प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है। यह प्रशिक्षण कृषि विभाग के विशेषज्ञों एवं परियोजना अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया, जिन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर प्रेरकों को व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सामुदायिक प्रेरकों के बीच आपसी संवाद, अनुभव साझा करना तथा जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों पर खुली चर्चा रहा, जिससे प्रतिभागियों को एक-दूसरे से सीखने का अवसर मिला। खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि दो दिवसीय इस पीयर लर्निंग प्रशिक्षण में सामुदायिक प्रेरकों ने पूर्ण उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया।

प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया। प्रतिभागियों ने कहा कि इससे उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में परियोजना गतिविधियों को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने और किसानों के साथ अधिक प्रभावी रूप से कार्य करने में सहायता मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### महाशिवरात्रि पर्व के लिए निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर न्यास, बिलासपुर द्वारा महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन 6 फरवरी से 16 फरवरी तक मंदिर परिसर में किया जाएगा। आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मंदिर न्यास ने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए सेवाप्रदाताओं से निविदाएं आमंत्रित की हैं। इनमें सजावट, टेंट, साउंड सिस्टम, शोभायात्रा, भंडारा, सफाई व्यवस्था तथा पंडितों के भोग-भोजन से संबंधित सेवाएं शामिल हैं। मंदिर न्यास के अनुसार मंदिर परिसर से लेकर एनएच चैक तक लाइट लड़ी, फूल व गुब्बारों से सजावट, कथा मंच, कुर्सी-टेबल, साउंड सिस्टम, शोभायात्रा के लिए ट्रैक्टर व ढोल वादक, भंडारे की सामग्री तथा सफाई कर्मियों की व्यवस्था की जाएगी। इच्छुक निविदादाता 4 फरवरी को दोपहर 1 बजे तक सीलबंद लिफाफे में निविदा जमा कर सकते हैं, जिन्हें उसी दिन दोपहर 3 बजे खोला जाएगा।

### 6 फरवरी को दिव्यांगता प्रमाण पत्र शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए 6 फरवरी (शुक्रवार) को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने जिला मेडिकल डिसेबिलिटी बोर्ड का गठन किया है। बोर्ड में शिशु रोग, ईएनटी, जनरल सर्जरी, हड्डी रोग, नेत्र रोग, मेडिसिन, मनोरोग विशेषज्ञ व क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट शामिल किए गए हैं। यह शिविर 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे से अंतिम लाभार्थी के परीक्षण तक चलेगा। परीक्षण स्थल कक्ष संख्या-203, न्यू ओपीडी कांप्लेक्स, क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर निर्धारित किया गया है। लाभार्थियों से आवश्यक दस्तावेजों सहित समय पर उपस्थित होने की अपील की गई है।



बंगाणा के धनेत स्कूल में सड़क सुरक्षा विषय पर छात्रों की क्विज प्रतियोगिता करवाते स्कूल अध्यापक।

### पूर्व सैनिक निगम ने किया ट्रक चालकों का सम्मान

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** बरमाणा सीमेंट नगरी स्थित हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम के शिविर कार्यालय बरमाणा में एक सराहनीय पहल के तहत ट्रक चालकों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान सहायक नियंत्रक व परियोजना प्रबंधक द्वारा उन चालकों को प्रदान किया, जिन्होंने बीते बरसात में भारी वर्षा व प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के बावजूद जोखिम उठाकर विभिन्न स्थानों तक सीमेंट की आपूर्ति सुनिश्चित की। अडानी सीमेंट बरमाणा के सहयोग से प्राप्त प्रोत्साहन राशि के अंतर्गत कुल पांच दक्ष ट्रक चालकों चयनित हुए, जिन्हें पांच हजार प्रति चालक को चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने चालकों की कर्तव्यनिष्ठा व साहस की खुले मंच से प्रशंसा की तथा कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखना आसान नहीं होता। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि ट्रक चालक उद्योग की रीढ़ होते हैं और उनके योगदान को सम्मान देना आवश्यक है। बताते चलें कि इस नई पहल से अन्य चालकों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

### अवैध शराब का भंडाफोड़, चार काबू, एक फरार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मजारी गांव में अवैध शराब कारोबार पर पुलिस ने कड़ा शिकंजा कसा है। थाना स्वारघाट की टीम ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है। गिरफ्तार आरोपियों में सुनील कुमार (27) निवासी ऊंटपुर, अनीश मोहम्मद (20), नमन ठाकुर (22) और अंशुल ठाकुर (19) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, नरेश कुमार (19) अभी भी भागा हुआ है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश जारी है। मामला भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में दर्ज किया गया है। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कोट केहलूर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार तड़के मजारी गांव में छापेमारी की। इस दौरान लगभग 2600 लीटर कच्ची लाहन जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दी गई। इसके अलावा 30 लीटर तैयार अवैध शराब भी बरामद की गई। आबकारी अधिनियम के तहत दो अलग-अलग मामलों में 20 लीटर और 10 लीटर अवैध शराब की बरामदगी दर्ज की गई है। जिला पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने कहा कि जिले में अवैध शराब, नशे और गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और कार्रवाई सख्ती से की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है और भविष्य में अभियान और तेज किए जाएंगे।

### कलां-रक्कड़ मार्ग पर 40 दिनों तक यातायात बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत चल रहे सड़क उन्नयन कार्य को सुचारु रूप से पूरा करने के उद्देश्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुठार कलां से रक्कड़ मार्ग पर यातायात को अस्थायी तौर पर पूर्ण रूप से बंद करने की अनुमति प्रदान की है। यह स्ट्रेच सिंगल रोड़ है और मार्ग पर निर्माण कार्य के दौरान वाहनों की आवाजाही से कार्य में बाधा उत्पन्न होने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग पर 4 फरवरी से 16 मार्च तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

### लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए करें प्रेरित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंदला में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रोड सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर राजेश कौशल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने परिवार और आसपास के लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स ने चित्रकला, निबंध लेखन और मॉडल मेकिंग जैसी गतिविधियों में भाग लिया। सड़क सुरक्षा पर आधारित नृत्य और नाटक की प्रस्तुतियां भी दी गईं। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य भाग सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए परिवहन विभाग का आभार जताया। रोड सेफ्टी क्लब की अध्यक्षा शीला के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। अंत में मुख्यातिथि ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर प्रोत्साहित किया।

### किरपाल सिंह ने एआई पर दिया व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** केंद्रीय विद्यालय बंगाणा में ट्विनिंग स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बंगाणा के लगभग 120 विद्यार्थियों तथा चार अतिथि शिक्षकों ने भाग लिया। सप्ताह पर्यंत चलने वाले इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः कालीन प्रार्थना सभा के साथ हुआ। पड़ोसी स्कूल के विद्यार्थी केंद्रीय विद्यालय बंगाणा में आयोजित होने वाली प्रार्थना सभा मे प्रस्तुत किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों से लाभान्वित हुए । प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में प्रतिदिन समाचारों के साथ-साथ नया शब्द, सुविचार एवं विशेष कार्यक्रम भी नित्य प्रस्तुत किए जाते हैं जो बहुत रोचक तथा ज्ञानवर्धक होते हैं। प्रातः कालीन प्रार्थना सभा के उपरांत विद्यालय के प्राचार्य गिरीश चंद शर्मा ने आगंतुक विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए परस्पर संवाद द्वारा सीखने पर बल दिया । उन्होंने कहा कि ट्विनिंग कार्यक्रम से दोनों विद्यालयों के विद्यार्थी लाभान्वित होंगे तथा परस्पर सहयोग द्वारा ज्ञानार्जन करेंगे । अगले सत्र में विद्यालय के संगणक शिक्षक किरपाल सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर व्याख्यान दिया । इसके पश्चात विद्यार्थियों का एक मित्रवत वॉलीबॉल मैच हुआ। अतिथि विद्यार्थियों ने विद्यालय में लगे हुए इंटरएक्टिव पैनल द्वारा इफेक्टिव लर्निंग की तथा विभिन्न रोचक प्रसंगों को आत्मसात किया । 3 फरवरी से 7 फरवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम के अंतर्गत अतिथि विद्यार्थी प्रयोगशाला का निरीक्षण, आर्ट वर्कशॉप, पीए सिस्टम का अनुप्रयोग, पुस्तकालय का भ्रमण, एनसीसी कैडेट्स ट्रेनिंग तथा नाटक जैसे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा ।

### शोभायात्रा में शामिल होंगे उपमुख्यमंत्री व विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह 4 फरवरी को ऊना में श्री राधाकृष्ण मंदिर कोटला कलां के वार्षिक धार्मिक महोत्सव में भाग लेंगे। वे इस अवसर पर राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के नेतृत्व में दोपहर करीब 12 बजे निकलने वाली विशाल शोभायात्रा में विशेष रूप से शिरकत करेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। बता दें, श्री राधाकृष्ण मंदिर कोटला कलां में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज द्वारा हर वर्ष 1 से 12 फरवरी तक धार्मिक महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस दौरान मंदिर में अनेक धार्मिक आयोजनों के क्रम में श्री राधाकृष्ण जी के श्रीविग्रह स्थापना दिवस का उत्सव मनाते हुए ऊना शहर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाती है।

# हिमाचल की टनल नंबर-4 में देश का पहला हाईवे गोशाला सदन शुरू

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** किरतपुर-नेरचौक फोरलेन सड़क मार्ग पर सड़क सुरक्षा व पशु कल्याण को लेकर एक ऐतिहासिक व अनूठी पहल की गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने हिमाचल प्रदेश की टनल नंबर-4 में देश का पहला हाईवे गोशाला सदन शुरू कर दिया है। इस पहल से जहां सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा। वहीं, बेजुबान पशुओं को भी सुरक्षा और इलाज की सुविधा मिलेगी।



गोशाला सदन का दृश्य। अनंत ज्ञान

एनएचएआई के परियोजना अधिकारी वरुण चारी ने बताया कि गोशाला सदन में घायल व बेसहारा पशुओं के इलाज व देखभाल की पूरी व्यवस्था की गई है। यहां डॉक्टर, एंबुलेंस, प्राथमिक उपचार और आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं। सड़क हादसों में घायल पशुओं को तुरंत यहां लाकर उपचार दिया जाएगा। गौशाला सदन में एक समय में 50 पशुओं को रखने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के शुरू होने से अब फोरलेन मार्ग पर आवारा पशुओं की समस्या खत्म होगी, जिससे दुर्घटनाओं में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। यह पहल यातायात सुरक्षा के साथ-साथ पशु कल्याण की दिशा में एक बड़ा और सराहनीय कदम है। इस दौरान मानसून में हुई क्षति पर जानकारी देते हुए परियोजना अधिकारी ने बताया कि बरसात के दौरान फोरलेन मार्ग पर कई स्थानों पर भूस्खलन और स्लाइडिंग की समस्या सामने आई थी। नुकसान की भरपाई और स्थायी समाधान के लिए कार्य लगातार जारी है। एनएचएआई की टीमें मौके पर तैनात हैं और मार्ग को सुरक्षित बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर स्किप टनल 15 दिनों में होगी शुरू

**बिलासपुर।** किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर स्थित स्किप टनल को आगामी 15 दिनों के भीतर यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। यह जानकारी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना अधिकारी वरुण चारी ने दी। उन्होंने बताया कि किरतपुर से बिलासपुर की ओर आते समय यह पहली टनल है, जिसकी लंबाई 1500 मीटर से अधिक है। वरुण चारी ने स्पष्ट किया कि 1500 मीटर से अधिक लंबाई वाली टनलों के लिए अलग से बजट का प्रावधान किया जाता है। इसी प्रावधान के तहत स्किप टनल परियोजना पर करीब 280 करोड़ रुपए की अतिरिक्त लागत आई है। यह टनल डबल ट्यूब (डबल टनल) के रूप में तैयार की गई है। इसके शुरू होने से जहां इस क्षेत्र में लगने वाले लंबे जाम की समस्या से निजात मिलेगी, वहीं फोरलेन पर चलने वाले वाहनों को धूल और मिट्टी से भी राहत मिलेगी। एनएचएआई के अनुसार, दोनों टनल के चालू होने के बाद यात्रा अधिक सुरक्षित, सुगम और समय की बचत वाली हो जाएगी। इसका सबसे बड़ा लाभ हिमाचल आने वाले पर्यटकों को मिलेगा, जिन्हें अब इस मार्ग पर सुचारू और आरामदायक सफर की सुविधा मिल सकेगी। टनल के आरंभ होने से न केवल क्षेत्रीय यातायात व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि किरतपुर-नेरचौक फोरलेन की कनेक्टिविटी और गुणवत्ता में भी बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

## स्वामी हेमानंद महाराज ने पूरी की मां चिंतपूर्णी तक ऐतिहासिक पैदल यात्रा


माता चिंतपूर्णी दरबार में पहुंचे आचार्य और अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** सनातन धर्म की शक्ति व भक्ति का भव्य संगम उस समय देखने को मिला, जब ब्रह्मलीन स्वामी सुगीवानंद महाराज की प्रेरणा से स्वामी हेमानंद महाराज के नेतृत्व में मां चिंतपूर्णी के दर्शन के लिए विशाल पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी व पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। इस पावन यात्रा में हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू सहित कई जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी ने यात्रा को और अधिक गरिमा प्रदान की।

बाबा माईदास सदन से प्रारंभ हुई यह यात्रा 'जय माता दी' के जयघोषों के साथ आगे बढ़ी। स्वामी हेमानंद महाराज की इस पैदल यात्रा में उनके बड़ी संख्या में भक्त साथ-साथ चलते नजर आए। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं, गांव-गांव और कस्बों से लोगों ने यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं, बुजुर्गों व युवाओं की सहभागिता ने यात्रा को ऐतिहासिक रूप दे दिया। चिंतपूर्णी मंदिर पहुंचने पर स्वामी हेमानंद महाराज ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना कर माथा टेका। इसके उपरांत मंदिर परिसर में हवन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर मां से सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की प्रार्थना की। मां के दर्शन के साथ ही यह पवित्र यात्रा संपन्न हुई। इस अवसर पर स्वामी हेमानंद महाराज ने कहा कि सनातन धर्म प्रेम, करुणा व एकता का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि ऐसी यात्राएं समाज को जोड़ने व आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करने का कार्य करती हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि स्वामी हेमानंद महाराज की सरलता, सेवा भावना व आध्यात्मिक विचारधारा से प्रेरित होकर वे इस यात्रा में शामिल हुए।

## 69वीं राष्ट्रीय स्कूल हैंडबॉल प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे मंत्री राजेश धर्माणी


भोजन व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते मंत्री धर्माणी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** घुमारवीं स्थित पीएम श्री राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परिसर में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स की अंडर-19 छात्रा हैंडबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों व शैक्षणिक संगठनों की 30 टीमें भाग ले रही हैं।

प्रतियोगिता के दौरान स्थानीय विधायक एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी लगातार खेल मैदान पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। वे खिलाड़ियों से संवाद कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ले रहे हैं और मैस में पहुंचकर उनके साथ भोजन कर उन्हें प्रोत्साहित भी कर रहे हैं। राजेश धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और यह केवल शुरुआत है। खेल अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है तथा यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर का हैंडबॉल इंडोर स्टेडियम शीघ्र तैयार होगा। उन्होंने कहा कि बड़े आयोजनों के लिए आवास सुविधा के स्थायी समाधान हेतु औहर में 200 करोड़ रुपए की लागत से पर्यटन परिसर विकसित किया जा रहा है। मंत्री ने युवाओं से खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने और नशे जैसी सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का आह्वान किया।

## स्कूल के आसपास संदिग्ध गतिविधि से फैली चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के कोठीपुरा क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा स्थानीय महिलाओं व छात्राओं से अनुचित बातचीत करने तथा स्कूल के आसपास संदिग्ध रूप से घूमने की शिकायतें सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि इस गतिविधि को लेकर क्षेत्र के लोगों में असंतोष और चिंता का माहौल बना हुआ था। मामले की जानकारी मिलने के बाद बजरंग दल जिला बिलासपुर की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। संगठन की ओर से बताया गया कि संबंधित व्यक्ति को क्षेत्र से हटाकर उसके गृह क्षेत्र वापस भेजा गया, ताकि स्थानीय लोगों में शांति बनी रहे और किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस प्रकार की किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 2014 के बाद मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में बजट को कई गुना बढ़ाया : त्रिलोक जम्वाल

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस शासन में केंद्रीय बजट सीमित था, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि सहित सभी प्रमुख विभागों के बजट में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की गई है। कुल केंद्रीय बजट जहां 2014 से पहले करीब 20 लाख करोड़ रुपए था, वहीं आज यह 50 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो चुका है।

जम्वाल ने कहा कि रक्षा बजट, जो कांग्रेस के समय लगभग दो लाख करोड़ रुपए के आसपास था, आज सात लाख करोड़ रुपए से ऊपर पहुंच गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में भी कई गुना वृद्धि हुई है, जिससे देश के युवाओं, किसानों और गरीब वर्ग को सीधा लाभ मिला है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि हिमाचल की वर्तमान कांग्रेस सरकार केंद्र के बजट पर सवाल उठाने से पहले अपनी विफलताओं पर जवाब दे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार सत्ता में आते ही आर्थिक कुप्रबंधन, कर्ज बढ़ाने व विकास कार्यों पर ब्रेक लगाने में लग गई। अपने कामकाज की नाकामी छिपाने के लिए यह सरकार लगातार केंद्र सरकार पर दोष मढ़ रही है, जबकि सच्चाई यह है कि केंद्र ने हिमाचल सहित सभी राज्यों के लिए अब तक का सबसे बेहतर और संतुलित बजट प्रस्तुत किया है। प्रदेश कांग्रेस का यह रोना आज का नहीं है, बल्कि जिस दिन से यह सरकार सत्ता में आई है, उसी दिन से केंद्र विरोध की राजनीति शुरू हो गई थी, जबकि बजट सर्वोपरि है व इसमें हिमाचल के हितों को ध्यान में रखकर ही प्रावधान किए गए हैं। कांग्रेस सरकार तथ्यों के बजाय केवल राजनीतिक बयानबाजी कर रही है। जम्वाल ने कहा कि जनता सब देख व समझ रही है। 2014 के बाद देश ने विकास, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य व किसान कल्याण के क्षेत्र में जो प्रगति की है, वह ऐतिहासिक है और कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति से इसका सच छिपाया नहीं जा सकता। पत्रकार वार्ता में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता स्वतंत्र संख्यान प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर तथा नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष कमल कुमार गौतम भी उपस्थित रहे।


पत्रकारों को संबोधित करते हुए विधायक त्रिलोक जम्वाल। अनंत ज्ञान

# कल झंडूता दौरे पर आएंगे सीएम सुक्खू

## बरठी में जनसभा को करेंगे संबोधित, झंडूता को मिलेंगी करोड़ों की सौगातें

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 5 फरवरी को झंडूता विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर होंगे।

यह जानकारी झंडूता विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के इस दौरे के दौरान क्षेत्र को कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। विवेक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री झंडूता प्रवास के दौरान तीन बड़े विकास कार्यों के शिलान्यास तथा एक महत्वपूर्ण भवन का उद्घाटन करेंगे। शिलान्यासों में 25 करोड़ रुपए की लागत से शाहतलाई के लिए सीवरेज लाइन परियोजना, बरठी से शाहतलाई तक 16 करोड़ रुपए की लागत से सड़क चौड़ीकरण कार्य तथा शाहतलाई में ऐतिहासिक चरण गंगा के विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास, जिस पर 1.25 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री पॉलिटेक्निक कॉलेज कलोल के प्रशासनिक भवन का उद्घाटन भी करेंगे। यह भवन 3.50 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है, जिससे तकनीकी शिक्षा को मजबूती मिलने के साथ-साथ विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री अपने दौरे के दौरान बरठी में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही वे झंडूता विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनेंगे और समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। इस संबंध में आयोजित पत्रकार वार्ता में मानेंद्र सिंह चंदेल, विजय कौशल और विजेंद्र सोनी भी उपस्थित रहे।


पत्रकारों को संबोधित करते हुए विवेक कुमार। अनंत ज्ञान

## अवैध निर्माण रोकने पर जोर, संतोषगढ़ में नियमों को लेकर जागरूकता अभियान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उप-मंडलीय नगर एवं ग्राम योजना कार्यालय, ऊना द्वारा नगर परिषद संतोषगढ़ के सभागार में आज(मंगलवार) को जन-जागरूकता बैठक का अयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सहायक नगर योजनाकार निर्मल सिंह ने की।

बैठक में निर्मल सिंह ने हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम, 1977 तथा संतोषगढ़ योजना क्षेत्र में लागू नियमों व विनियमों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया गया कि वे अपने क्षेत्रों में आम जनता को जागरूक करें, ताकि सुनियोजित विकास के साथ पर्यावरण संतुलन भी बना रहे। निर्मल सिंह ने बताया कि भूमि खरीद कर निर्माण करने से पहले नगर एवं ग्राम योजना विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। साथ ही अधिनियम की धारा 16(सी) के तहत भूमि की बिक्री से पूर्व प्लॉट का विभाग से अनुमोदन आवश्यक है। खरीददारों को भी केवल विभाग द्वारा स्वीकृत उप-विभाजित प्लॉट ही खरीदने की सलाह दी गई। उन्होंने भू-संपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम के प्रावधानों बारे भी अवगत करवाया तथा बताया कि अधिसूचित योजना क्षेत्र में 500 वर्ग मीटर भूमि पर प्लॉटिंग या आठ से अधिक अपार्टमेंट के निर्माण एवं विक्रय के लिए में पंजीकरण जरूरी है। इसके अलावा जिले में 1000 वर्ग मीटर से अधिक भूमि पर निर्माण की स्थिति में संबंधित क्षेत्र को डीम्ड योजना क्षेत्र माना जाएगा, जहां विभागीय स्वीकृति व रेरा पंजीकरण अनिवार्य होगा। सहायक नगर योजनाकार ने अवैध निर्माण से होने वाली समस्याओं के प्रति भी लोगों को जागरूक करने और बिना अनुमति निर्माण न करने की अपील की। योजना अधिकारी रमेश चंद, वरिष्ठ प्रारूपकार रवि किशोर और कनिष्ठ अभियंता राधा देवी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्व घाटा अनुदान खत्म करना देवभूमि के साथ अन्याय : बलदेव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव बलदेव राज ने 16वें वित्त आयोग द्वारा हिमाचल प्रदेश के लिए राजस्व घाटा अनुदान की सिफारिश न किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि देवभूमि की जनता को इस फैसले से गहरा झटका लगा है और यह हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य के साथ अन्याय है। बलदेव राज ने कहा कि हिमाचल प्रदेश नदियों, जंगलों और पर्यावरण की रक्षा कर देश को हर साल करीब 90 हजार करोड़ रुपए का योगदान देता है, जबकि आपदाओं से जूझ रहे राज्य को लगभग 15 हजार करोड़ रुपए का नुकसान झेलना पड़ा है। ऐसे में राजस्व घाटा अनुदान खत्म करना प्रदेश को गंभीर वित्तीय संकट में धकेलने वाला फैसला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व घाटा अनुदान कोई खैरात नहीं, बल्कि राज्यों का अधिकार है। इसे समाप्त करना प्रदेश के 75 लाख लोगों के हक पर चोट है।

**बढ़ावा** नीतियों को जमीन पर उतारने की पहल, डीसी आवास में लहलहाई प्राकृतिक सब्जियां

# डीसी की क्यारी में उगा प्राकृतिक खेती का संदेश

अनंत ज्ञान

**ऊना।** ऊना के डीसी जतिन लाल के सरकारी आवास की क्यारी में प्राकृतिक खेती से उगी सब्जियों के साथ एक सशक्त संदेश भी अंकुरित हुआ है। यह संदेश है...नीतियों को कागज से निकालकर जमीन तक पहुंचाने का और बदलाव की शुरुआत स्वयं से करने का। जतिन लाल ने अपने निजी उदाहरण से हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की मुख्यमंत्री सुक्खू की सोच को केवल अमल में ही नहीं उतारा, बल्कि उसे अपने घर की मिट्टी में बोकर एक सजीव मिसाल में बदल दिया है।

उपायुक्त ने अपने आवास परिसर में गोबी, चुकंदर, टमाटर, मूली, प्याज, शलगम, लहसुन, हरा धनिया, आलू सहित अनेक सब्जियां पूरी तरह प्राकृतिक विधि से उगाई हैं। यहां मिट्टी में बसी ताजगी और क्यारियों से उठती सौंधी खुशबू यह एहसास दिलाती है कि यह पहल केवल व्यक्तिगत प्रयोग भर नहीं है बल्कि प्रशासनिक नेतृत्व के माध्यम से समाज को दिशा देने का एक प्रेरक प्रयास भी है। जतिन लाल का कहना है कि स्वस्थ जीवनशैली की असली शुरुआत थाली से होती है और जहर-मुक्त खेती इसका सबसे बेहतर विकल्प है। प्राकृतिक खेती से उगा भोजन स्वास्थ्य के लिए बेहतर होने के साथ स्वाद में भी कहीं अधिक समृद्ध होता है और यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। आज इस खेती पद्धति को जीवनशैली की तरह अपनाने और एक जनआंदोलन की तरह बढ़ाने की जरूरत है। एक क्यारी से उठी यह कहानी, हाल के वर्षों में किसानों के अपने खेतों को जहरमुक्त बनाने की कोशिशों से जुड़ती चली जाती है।


डीसी ऊना जतिन लाल के आवास की क्यारी में प्राकृतिक खेती। अनंत ज्ञान

### प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हिमाचल

**बीते** कुछ वर्षों में सुक्खू के कुशल नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में बड़ी संख्या में किसान व बागवान रसायन-मुक्त खेती की ओर आकर्षित हुए हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने व किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा लिए गए दूरदर्शी निर्णयों के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं। राज्य सरकार ने किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर, उपज के वाजिब दाम, गुणवत्तापूर्ण बीज, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, फसल बीमा, प्रशिक्षण और अनुसंधान जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया है। आत्मा परियोजना निदेशक, ऊना प्यारो देवी ने बताया कि ऊना जिला में 1907 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है। जिले के 48,006 किसानों में से 14,240 किसान प्रशिक्षण लेकर इस पद्धति से जुड़ चुके हैं और अपनी आजीविका सुदृढ़ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उन्हें विभिन्न प्रकार के अनुदान भी दे रही है। प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को गोशाला का फर्श पक्का करने और गौमूत्र हेतू गड्ढा बनाने के लिए 8 हजार रुपए तथा ड्रम खरीद पर 750 रुपए प्रति ड्रम के तौर पर अधिकतम 2250 रुपए अनुदान का प्रावधान है। इसके साथ ही, भारतीय नस्ल की गाय की खरीद पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 25000 रुपए अनुदान दिया जा रहा है। गाय के परिवहन के लिए 5 हजार रुपए की अतिरिक्त धनराशि का भी प्रावधान है।

## कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र विकास के पथ की ओर अग्रसर : विवेक


विवेक मिंका अन्य ग्रामीणों के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष विवेक मिंका ने कहा कि विधायक विवेक शर्मा विक्कू के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास हो रहा है। हर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखते हुए बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो कि आम जनता से जुड़े हुए मुद्दे हैं उनका अधिकतर विकास करने के लिए पूरी दृढ़ संकल्पता के साथ कार्य हो रहा है।

इसी के तहत बिजली की समस्या को हल करते हुए क्षेत्र में ट्रांसफार्मर रखने का कार्य निरंतर चला हुआ है। हर गांव में वोल्टेज की समस्या को हल करवाने के लिए बड़े ट्रांसफरों को रखने का कार्य पूरे जोर-शोर से चल रहा है। कम से कम 60 ट्रांसफर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में स्थापित हो चुके हैं। इसी कड़ी के अंतर्गत 250 केवी का ट्रांसफर स्थापित किया गया और सिंचाई सुविधा के लिए हार में भी 100 केवी का ट्रांसफर स्थापित किया गया इसलिए गांव वासियों ने विधायक विवेक शर्मा का वादा पूरा करने पर आभार प्रकट किया और इसके साथ-साथ गांव के ब्राह्मण, तरखान व नाई मोहल्ले के लिए पानी की नई लाइनें डलवाकर पानी की समस्या का भी हल कर दिया गया है व इस समस्या के हल होने से ग्रामीणों ने विधायक की कार्यशैली पर संतोष व्यक्त किया।

ग्रामीणों ने डॉक्टर अशोक कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य उर्मिला शर्मा, वनीष कुमार, बॉबी, मक्खन सिंह, रामपाल, राम रतन, वरुण चंद पंच, शादी लाल पंच, कमल कृष्ण, गुरमीत सिंह, भजन सिंह, धीरज कुमार, डिंपी, कृष्णा देवी पंच, राकेश कुमारी, सुषमा देवी, मीरा कुमारी, भगत सिंह, जीवन कुमार, पवन कुमार, राम प्रसाद, मास्टर दौलत राम, हेमराज पटरा, विशाल शर्मा, विक्की, जगबीर सिंह, शम्मी कुमार आदि लोग शामिल थे।

# सिस्टम की अनदेखी और लापरवाही से आशा वर्कर सुदर्शना की गई जान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** मनाली विस क्षेत्र के अरछंडी गांव के अभिषेक शर्मा ने आरोप लगाया है कि सिस्टम की अनदेखी व लापरवाही से उसकी मां की जान गई है।

अरछंडी गांव की 51 वर्षीय आशा वर्कर सुदर्शना शर्मा की



कहानी दुखद व पीड़ादायक है। बेटे का आरोप है कि उनकी माता ड्यूटी के दौरान कोरोना के समय बीमार हुई। कई बार माता को जिला अस्पताल कुल्लू ले गए, लेकिन उनकी तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में सरकारी ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर मशीन के भरोसे उनकी माता की जान पर बन आई और अंततः एक



सरकारी ऑक्सिजन कंसंट्रेटर मशीन जो चली ही नहीं। अनंत ज्ञान

ईमानदार और मेहनती आशा वर्कर सुदर्शना शर्मा की मौत हो गई। उनका कहना है कि इस पर सरकार, खासकर स्वास्थ्य विभाग का मृतक के परिवार से बात तक न करना इनके जख्म पर नमक मलने जैसा है। बेटे ने बताया कि उनकी 51 वर्षीय माता सुदर्शना शर्मा जी-जान लगा कर खुशी खुशी अपना काम कर रही थीं। 2021 में कोरोना लहर के मध्य ड्यूटी के दौरान संक्रमित होने के बाद जब सांस लेने में दिक्कत आने लगी, तो कुल्लू क्षेत्रीय अस्पताल में एडमिट करना पड़ा।

जांच के दौरान कोरोना होने की पुष्टि हो गई और उन्हें क्वारंटाइन किया गया। उस दिन से सुदर्शना की तबियत में सुधार न हो पाया और सांस लेने में दिक्कत रहने लगी। ऑक्सीजन लेवल कम रहने से बार-बार कुल्लू अस्पताल में दाखिल करते रहना पड़ रहा था। उनका आरोप है कि इस दौरान अस्पताल के डॉक्टर ने भी उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि माता जी का शिमला, चंडीगढ़, मेडिकल कॉलेज नेर चौक और एम्स बिलासपुर में इलाज करवाया लेकिन कुछ फायदा नहीं हुआ बेटे ने बताया कि आर्थिकी तंगी के बीच उन्होंने ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर मशीन भी खरीदी लेकिन दुर्भाग्य से गत दिनों पांच जनवरी को वह भी खराब हो गई। मजबूरन स्वास्थ्य विभाग से मशीन लाना पड़ी लेकिन यह मशीन भी नहीं चल पाई। उन्होंने कहा कि पूरी कोशिश करने के बाद भी वह अपनी माता को नहीं बचा पाए और अंततः 13 जनवरी वह चल बसी। उन्होंने कहा कि उनके पिता मूक बधिर है और वह अभी पढ़ रहे है।

उन्होंने कहा कि उन्हें दुख है कि उनकी शादी करवाने के उनके सपने अधूरे रह गए। उन्होंने प्रदेश सरकार व स्वास्थ्य विभाग से आर्थिक मदद करने का आग्रह किया है। उधर, बीएमओ नग्गर डॉक्टर कर्ण ने बताया कि आशा वर्कर सुदर्शना शर्मा के निधन का उन्हें दुख है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से पीड़ित परिवार को जो भी मदद संभव होगी वो की जाएगी।

# एक बार फिर बारिश-बर्फबारी का दौर जारी

## सोलंगनाला व रोहतांग दर्रे सहित कुल्लू व लाहौल-स्पीति के ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी जारी

अनंत ज्ञान

**कुल्लू/केलांग।** कुल्लू जिला के मनाली सहित अन्य क्षेत्रों में एक बार फिर बारिश व बर्फबारी का क्रम जारी हो गया है।

निचले क्षेत्रों में जहां शाम के समय से बारिश हो रही है। वहीं, सोलंगनाला सहित रोहतांग दर्रा व जिला के अन्य सभी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर जारी है। वहीं, लाहुल स्पीति जिला में भी बर्फबारी हो रही है। बारिश-बर्फबारी के चलते दोनों जिलों में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। उधर, लाहौल के ऊंचे इलाकों में हिमस्खलन को चेतावनी जारी की गई है। मनाली में शाम से रुक रुक बारिश का क्रम जारी रहा। वहीं, बारिश के बीच पर्यटक मालरोड पर चहल कदमी करते नज़र आये। वहीं,मनाली के मशहूर पर्यटन स्थल सोलंगनाला में भारी बर्फबारी हो रही है। पर्यटकों ने जहां यहां पर खूब मस्ती की वहीं, बर्फबारी बढ़ने के चलते पुलिस द्वारा पर्यटकों को मनाली की ओर वापस भेजा गया। लिहाजा, कुल्लू व लाहौल-स्पीति



मनाली में बिछी बर्फ और हो रही हल्की बारिश। अनंत ज्ञान

जिला में लगातार हो रहे हिमपात के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

मनाली से लाहौल तक कई स्थानों पर हिमखंड गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। मौसम विभाग और सासे ने एवलांच को लेकर चेतावनी जारी करते हुए लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है।भारी बर्फबारी के चलते लाहुल-स्पीति में पहले से बंद सड़क मार्गों को बहाल करने का कार्य प्रभावित हुआ है। रोहतांग दर्रा में अब तक 10 फुट से अधिक बर्फबारी दर्ज की गई है, जबकि बारालाचा और कुंजम दर्रा में 11 फुट से अधिक बर्फ जम चुकी है। अटल रोहतांग टनल के आसपास भी 5 से 6 फुट तक बर्फ जमा होने से आवाजाही पर असर पड़ा है। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के कारण जहां हालात गंभीर बने हुए हैं, वहीं कुल्लू, भुंतर और आसपास के निचले क्षेत्रों में सुबह से लगातार बारिश हो रही है। ठंड बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं और बाजारों में रौनक भी कम नजर आई।गौरतलब है कि 23 और 24 जनवरी को सीजन की पहली बर्फबारी हुई थी। इसके बाद दोबारा शुरू हुए, हिमपात से पर्यटन नगरी मनाली सहित कुल्लू जिला एक बार फिर बर्फ की सफेद चादर में लिपट गया है, जिससे क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और बढ़ गई है। लगातार बर्फबारी से पर्यटन से जुड़े कारोबारियों में खुशी का माहौल है। वहीं किसान और बागवान भी इस मौसम को लेकर उत्साहित हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बर्फबारी सेब सहित अन्य नकदी फसलों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी और आने वाले सीजन में बेहतर पैदावार की उम्मीद बढ़ेगी। मौसम के बिगड़ते हालात को देखते हुए दोनों जिला का प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

प्रशासन ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जाने से पहले मौसम की जानकारी जरूर लें और बर्फबारी के दौरान वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें। साथ ही प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा गया है।

# शिमला में सम्मानित होगा कलम का सिपाही हरिराम

अनंत ज्ञान

**सैंज।** कुल्लू की शांत वादियों में जब कुदरत ने अपना रौद्र रूप दिखाया, तो सैंज व बंजार घाटी भी इस दर्द से चीख उठी।

सैंज की उफनती लहरों और दरकते पहाड़ों के बीच जहां रास्ते दम तोड़ चुके थे और उम्मीदें धुंधली पड़ रही थीं, वहां एक नाम मशाल बनकर उभरा हरिराम चौधरी, जिन्हें आज घाटी के लोग 'आपदा का हीरो' पुकार रहे हैं। चौधरी की समाज के प्रति जागरूक को देखते हुए उन्हें 5 फरवरी को शिमला में राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह उन्हें सम्मानित करेंगे, जब कुदरत के कहर ने सड़कों का नामो-निशां मिटा दिया था और प्रशासन की मदद भी दुर्गम रास्तों के आगे बेबस नजर आ रही थी, तब हरिराम ने घर पर बैठना स्वीकार नहीं किया। दो महीनों तक बिना थके, बिना रुके, उन्होंने 20 पंचायतों के 36 से अधिक गाँवों की खाक छानी। जहां मील तक पहुंचने के लिए सड़कें नहीं थीं, वहां हरिराम के कदमों ने रास्ता बनाया। वे केवल एक पत्रकार की हैसियत से नहीं, बल्कि एक बेटे और भाई की तरह हर उस आंगन में पहुंचे जहां मातम पसरा था। आज जब घाटी धीरे-धीरे इस जख्म से उबर रही है, लोगों के दिलों में हरिराम चौधरी के लिए प्रशंसा के शब्द कम पड़ रहे हैं। सच्चा नायक वही है जो तब दिखे जब चारों तरफ अंधेरा हो।

उन्होंने साबित कर दिया कि आपदाएं भले ही कितनी भी बड़ी क्यों न हों, इंसानी जज्बे और निस्वार्थ सेवा के सामने उन्हें हारना ही पड़ता है। सैंज और बंजार घाटी के कोने- कोने में आज हरिराम चौधरी के सेवा भाव की गाथाएं गूंज रही हैं। हरिराम चौधरी जनसेवा और पत्रकारिता का एक समर्पित नाम है। सैंज घाटी की मिट्टी में 1977 को जाने माने व्यायवसायी, समाजसेवी, नम्बरदार पिता थोलूराम और माता नरोतमु देवी के घर जन्में हरिराम चौधरी एक ऐसी शख्सियत हैं, जिन्होंने छात्र राजनीति के संघर्ष से निकलकर समाज के उत्थान को ही अपना जीवन लक्ष्य बनाया है। वे सैंज घाटी के प्रतिष्ठित 'चौधरी परिवार' के सबसे छोटे पुत्र हैं और उनकी पहचान एक निर्भीक पत्रकार व संवेदनशील समाजसेवी के रूप में होती है। पिछले 24 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए उन्होंने हमेशा जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। उनकी धर्मपत्नी, रोहिणी चौधरी, जिला परिषद कुल्लू की अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।

### समाज के लिए स्तंभ बनकर खड़े हुए चौधरी



**'मानवता** ही सबसे बड़ा धर्म है' के मूल मंत्र को जीने वाले हरिराम जाने माने समाजसेवी सरबजीत सिंह बॉबी को अपना आदर्श मानते हैं। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए वे सदैव समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। आज हरिराम चौधरी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि उस उम्मीद का नाम हैं जिसने आपदा की मार झेल रहे परिवारों को फिर से जीने का हौसला दिया। हरिराम चौधरी जैसे लोग समाज के लिए वो स्तंभ होते हैं जो बिना किसी स्वार्थ के, केवल संवेदना के सहारे खड़े रहते हैं।

# सिपेट संस्थान बद्दी में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 28 मई तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** संयुक्त निदेशक केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), बद्दी ने जानकारी दी है कि संस्थान द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा की गई है।

भारत सरकार व हिमाचल प्रदेश शासन के संयुक्त प्रयास से संचालित यह संस्थान प्लास्टिक और पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में युवाओं को कुशल बनाकर उन्हें बेहतरीन रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है। संस्थान द्वारा मुख्य रूप से तीन पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें 10वीं पास छात्रों के लिए 'डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी' व 'डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलॉजी' और विज्ञान स्नातक युवाओं के लिए 'पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक प्रोसेसिंग एंड टेस्टिंग' शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 12वीं विज्ञान या दो वर्षीय आटीआई उत्तीर्ण छात्र 'लैटरल एंट्री' के माध्यम से सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यहां के 100 प्रतिशत छात्रों को औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त होता है। वर्तमान में यहां के विद्यार्थी डाबर, टीवीएस, ल्यूमैक्स व सबरोस जैसी देश की नामी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

इंटर्नशिप व प्लेसमेंट के दौरान छात्रों को 18,000 से लेकर 35,000 रुपए तक का मासिक वेतन व स्टाइपेंड प्राप्त हो रहा है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 'सिपेट प्रवेश परीक्षा' का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 28 मई 2026 तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 7 जून 2026 को आयोजित की जाएगी और सफल उम्मीदवारों के लिए नया शैक्षणिक सत्र 13 जुलाई 2026 से शुरू होगा। प्रवेश व पाठ्यक्रम से संबंधित किसी भी विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक छात्र या अभिभावक मोबाइल नंबर 9199554078 पर संपर्क कर सकते हैं।

# अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल में हुआ हिमस्खलन

## बड़ा हादसा टला, कुछ देर फंसे रहे केलांग से मनाली आ-जा रहे वाहन

अनंत ज्ञान

**मनाली।** अटल-टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल में मंगलवार सुबह तीन जगह हिमस्खलन हुआ। हिमस्खलन होने से बड़ा हादसा टला गया है, जब हिमपात हुआ तो केलांग से मनाली की ओर वाहन आ जा रहे थे।

वाहन चालकों ने सड़क से बर्फ हटाकर राह बनाई। कुछ देर बाद बीआरओ की टीम भी मौके पर पहुंच गई ओर सड़क बहाल कर दी। थोड़ी देर रुकने के बाद सभी वाहन सुरक्षित मनाली व केलंग की ओर निकल गए। थाना प्रभारी सिस्सु मुकेश ठाकुर ने बताया कि अटल टनल के पास हिमस्लखन हुआ है। उन्होंने बताया कि हिमस्खलन होने से किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि थोड़ी देर रुकने के बाद सभी गाड़ियां सुरक्षित मनाली की ओर निकल आई है। उन्होंने कहा कि लाहौल घाटी में गत तीन दिनों से हिमपात हो रहा है। इस कारण हिमस्खलन की आशंका भी बढ़ गई है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि आपात स्थिती में ही सफर करें व मौसम साफ होने तक घरों से बाहर न निकलें।



हिमस्खलन के कारण सड़क में फंसे वाहनों को निकालने में जुटे हुए वाहन चालक। अनंत ज्ञान

लाहौल-स्पीति प्रशासन सहित मनाली प्रशासन ने हिमस्खलन की आशंका को देखते हुए अस्त स्थिति में संभलकर सफर करने की सलाह दी है। बीआरओ अधिकारी ने बताया कि मनाली केलंग मार्ग पर सोलंगनाला से केलंग के बीच जगह जगह हिमस्खलन की आशंका बनी हुई है। सभी राहगीर संभलकर सफर करें। उन्होंने बताया कि मनाली केलंग की बीच सड़क बहाल है।

## न्यूज ब्रीफ

### 10 तक परिवार रजिस्ट्री में प्रविष्टि करें सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद कुल्लू बीआर नेगी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत परिवार रजिस्टर का सर्वेक्षण किया गया है। यदि कोई परिवार या सदस्य इसमें छूट गए हैं, तो वे परिवार रजिस्टर में प्रविष्टि के लिए सर्वेक्षण इन कर्मचारियों अनिल कुमार वार्ड 3, 5, 7, 8, 10, 11, फोन 7018039915, अजय कुमार वार्ड 1, 2, फोन 9805942743, अंशुल शर्मा वार्ड 4, फोन 9418019961 और इंद्र देवी वार्ड 6, 9, फोन 8894014194 से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी शहरवासियों से अनुरोध किया है कि वे इस कार्य में सहयोग करें और 10 फरवरी 2026 तक अपनी प्रविष्टि सुनिश्चित करें।

### 12 को जन विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल किसान सभा ब्लॉक कमेटी कुल्लू का ब्लॉक सम्मेलन मंगलवार को अशोक भवन कुल्लू में संपन्न हुआ। इसमें विभिन्न यूनिटों से आए 52 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में पिछले तीन वर्षों के कार्यों व किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई तथा आगामी तीन वर्षों में किसान सभा के विस्तार व कार्यों व आंदोलनों की रूपरेखा बनाई गई। सम्मेलन में 15 सदस्यीय कमेटी का चुनाव किया गया। इसमें गुरजीत सिंह गिल को अध्यक्ष व गोविंद भंडारी को सचिव चुना गया। इस मौके पर गोविंद सिंह भंडारी ने कहा कि हिमाचल किसान सभा 12 फरवरी 2026 को मजदूरों की देशव्यापी हड़ताल के समर्थन तथा केंद्र की किसान व आम जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बजट 2026-27 में हिमाचल प्रदेश की अनदेखी की है। इसमें मानसून में हुए नुकपान की भरपाई के लिए कोई बजट का प्रावधान नहीं किया गया है और राजस्व घाटा अनुदान राशि बंद किए जाने से प्रदेश की आर्थिक स्थिति बिलकुल खराब हो जाएगी।

# हिमाचल स्की एंड स्नो बोर्ड चैंपिनयशिप को तैयार सोलंगनाला का स्की स्लोप

अनंत ज्ञान

**मनाली।** सोलंगनाला का राष्ट्र स्तरीय स्की स्लोप हिमाचल स्की एंड स्नो बोर्ड चैंपिनयशिप के लिए तैयार है। हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन की समस्त टीम चेयरमैन रूप चंद नेगी की अध्यक्षता में तैयारी में जुटी हुई है। प्रदेश भर के लगभग नौ जिलों के 250 से अधिक प्रतिभागी इस चैंपिनयशिप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे।

पांच और छह फरवरी को सोलंग का स्की स्लोप स्कीयरो से चहकेगा। पांच फरवरी को मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ हिमाचल स्की एंड स्नो बोर्ड चैंपिनयशिप का विधिवत शुभारंभ करेंगे। दो दिन तक चैंपियनशिप की धूम रहेगी। छह फरवरी को जिला कुल्लू की डीसी तोरूल एस रविश चैंपियनशिप का समापन करेंगी और विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी करेंगी। आयोजन समिति ने सभी जिलों की टीमों को निमंत्रण भेज दिया है। हिमाचल स्की एंड स्नो बोर्ड चैंपियनशिप को लेकर प्रदेश के युवा खिलाड़ियों में भारी उत्साह है। पर्याप्त बर्फबारी न होने के कारण खिलाड़ी लंबे समय से इस प्रतियोगिता का इंतजार कर रहे थे। हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन के चेयरमैन एवं स्की एंड स्नो बोर्ड इंडिया के अध्यक्ष रूप चंद नेगी ने बताया कि हिमाचल स्की एंड स्नो बोर्ड चैंपिनयशिप को लेकर आयोजन कमेटी तैयार है। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप में देश भर के ढाई से तीन सौ के बीच प्रतिभागी अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि पांच फरवरी को मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे जबकि छह फरवरी को समापन में उपायुक्त कुल्लू मुख्यातिथि होंगी। उन्होंने बताया कि हिमाचल स्की एंड स्नो बोर्ड चैंपिनयशिप को लेकर आयोजन समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

# नागरिक अस्पताल बंजार से चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति पर भड़के विधायक शौरी

अनंत ज्ञान

**बंजार।** नागरिक अस्पताल बंजार से चार चिकित्सकों को प्रतिनियुक्ति पर अन्य स्थानों पर भेजे जाने के विरोध में मंगलवार को बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने अस्पताल परिसर के बाहर धरना-प्रदर्शन किया।

इस धरना-प्रदर्शन में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी सहभागिता की। बंजार में नए अस्पताल भवन का निर्माण कार्य लंबे समय से अत्यंत मंद गति से चल रहा है। इस मुद्दे को लेकर विधायक शौरी समय-समय पर सरकार पर तीखे हमले करते रहे हैं, ऐसे हालात में, बंजार अस्पताल में नियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति पर अन्य संस्थानों में भेजे जाने से क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। बीते कल एक और चिकित्सक के प्रतिनियुक्ति आदेश जारी होने के बाद कुल मिलाकर चार चिकित्सक बंजार अस्पताल से



धरना-प्रदर्शन के दौरान विधायक शौरी व अन्य लोग। अनंत ज्ञान

बाहर भेज दिए गए हैं, जिससे स्थानीय स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।

क्षेत्र की इस लगातार हो रही अनदेखी को लेकर विधायक सुरेंद्र शौरी ने सरकार के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया है। धरना-प्रदर्शन के दौरान विधायक ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से इन सभी प्रतिनियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि 'व्यवस्था परिवर्तन का दावा करने वाली सरकार आज मौजूदा स्वास्थ्य व्यवस्था को भी कमजोर करने पर आमादा है।' विधायक ने आरोप लगाया कि सरकार लगातार बंजार क्षेत्र की उपेक्षा कर रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था में इस प्रकार की छेड़छाड़ को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि सरकार ने जल्द ही चिकित्सकों की वापसी नहीं की, तो वे जनता के साथ मिलकर और बड़े आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# आइस हॉकी क्लब केलांग ने शुरू किया रिंक से बर्फ हटाने का कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** आइस हॉकी क्लब केलांग द्वारा केलांग स्थित आइस हॉकी रिंक से बर्फ हटाने का कार्य शुरू किया गया। क्लब के सदस्यों, कोचों व स्थानीय युवाओं ने स्वेच्छा से श्रमदान करते हुए रिंक को अभ्यास योग्य बनाने का अभियान चलाया। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि हालिया बर्फबारी के बाद रिंक पर जमी अतिरिक्त बर्फ को हटाना आवश्यक था, ताकि आगामी प्रशिक्षण सत्र व स्थानीय प्रतियोगिताओं की तैयारी समय पर शुरू की जा सके। इस पहल से क्षेत्र के युवाओं को नियमित अभ्यास का अवसर मिलेगा और खेल गतिविधियों को नई गति मिलेगी।यह कार्य स्थानीय खिलाड़ियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित होगा। क्लब ने सभी सहयोगियों व स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामूहिक प्रयास जारी रखने की अपील की।

# प्रशिक्षण के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए साझा किए सुझाव



समिति के सदस्य बैठक के दौरान चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पतलीकूहल में संस्थान प्रबंधन समिति की आठवीं बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक की अध्यक्षता समिति के चेयरमैन सुनील कपूर ने की। बैठक की शुरुआत में आईटीआई पतलीकूहल के प्रधानाचार्य इंजीनियर अर्पित आनंद ने मुख्यातिथि और अन्य गणमान्य सदस्यों का स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने संस्थान के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण एजेंडा मुद्दों को समिति के समक्ष रखा। बैठक में संस्थान में चल रहे विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षणों की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने प्रशिक्षण के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव साझा किए। चेयरमैन सुनील कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि समिति का मुख्य लक्ष्य संस्थान में प्रशिक्षण के स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस सत्र से संस्थान में नए ट्रेड शुरू करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा मिल सके। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि युवाओं को तकनीकी रूप से इतना दक्ष बनाया जाए कि भविष्य में उन्हें सम्मानजनक रोजगार प्राप्त करने में आसानी हो। बैठक में समिति के मनोनीत सदस्य सेस ठाकुर, राकेश ठाकुर, नीरज उपाध्याय, प्यार चंद नेगी सहित आईटीआई शमशी के प्रधानाचार्य सुनील और कटराईं स्कूल के प्रधानाचार्य मंगल चंद नेगी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**लगाव** कुल्लवी व्हिम्स की हस्तनिर्मित जैकेट और शॉल ने सोशल मीडिया पर बटोरी सुर्खियां

# बजट सत्र में हिमाचली टोपी व ऊनी जैकेट में दिखी कंगना

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** सांसद एवं बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत समय-समय पर कुल्लवी टोपी, शॉल और पारंपरिक परिधानों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देती रहती हैं।

इसी कड़ी में इस बार सांसद कंगना रनौत संसद के बजट सत्र में भी हिमाचली टोपी और ऊनी जैकेट पहन शामिल हुईं। इसकी फोटो कंगना ने अपने इंस्टाग्राम व फेसबुक पेज पर भी शेयर की हैं। इन फोटो में वह गर्म ऊन की जैकेट व कुल्लवी टोपी पहने नजर आ रही हैं। इन फोटो पर लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जहां कुछ ने उनके इस पहाड़ी पहनावे की सराहना की है वहीं, कुछ लोगों ने यह भी कहा है कि यदि सही मायने में आपको हिमाचल से प्रेम है, तो वह प्रेम पहाड़ी पहनावा पहनने से नहीं, बल्कि संसद में हिमाचल के लोगों की आवाज उठाने से नजर आएगा। लिहाजा, सांसद कंगना रनौत एक बार फिर कुल्लवी



पहनावे में नजर आई हैं और कुल्लवी हाथ से बुनी गई तारा जैकेट पहनकर स्थानीय गद्दी ऊन व पहाड़ी शिल्प की यह फोटो सोशल मीडिया में काफी वायरल भी हो रही हैं। सनद रहे कि कंगना अक्सर कुल्लवी शॉल टोपी पहने नज़र आती हैं, जोकि कुल्लवी पारंपरिक परिधान है। उनके द्वारा चुनाव प्रचार व सार्वजनिक कार्यक्रमों में इसे पहनने से यह राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना है। वे संसद सत्रों और पारिवारिक समारोहों में हिमाचली टोपी और कुल्लवी शॉल को स्टाइल स्टेटमेंट के रूप में शामिल करती हैं। अक्तूबर 2025 में उन्होंने कुल्लू के नग्गर में स्थित कुल्ल्वी व्हिम्स स्टूडियो का दौरा किया, जहां उन्होंने ऊन कातने की पारंपरिक विधि सीखी और स्थानीय महिला कारीगरों के कार्यों की सराहना की।

उन्होंने मनाली के शरण गांव में क्राफ्ट हैंडलूम विलेज का उद्घाटन किया है, जिसका उद्देश्य स्थानीय बुनकरों और उनके उत्पादों (जैसे शॉल, पट्टू और पारंपरिक जूते 'पुले') को वैश्विक मंच प्रदान करना है। वहीं, कुल्वी व्हिम्स के संस्थापक भृगु आचार्य का कहना है कि कुल्लवी व्हिम्स के लिए यह एक गर्व का क्षण है कि सांसद कंगना रनौत ने संसद के बजट सत्र 2026 के दौरान कुल्लवी व्हिम्स द्वारा निर्मित शेफर्ड नुआला यूनिसेक्स जैकेट पहनकर शिरकत की। स्थानीय पारंपरिक टोपी के साथ पहनी गई यह जैकेट स्थानीय स्वदेशी हिमालयी ऊन से हस्तनिर्मित है, जो भारत की जीवंत हस्तकला परंपराओं का प्रतीक है।शेफर्ड नुआला जैकेट कुल्लू क्षेत्र की महिला कारीगरों द्वारा पारंपरिक तकनीकों से तैयार की गई है, जो पीढ़ियों से चली आ रही हैं। यह जैकेट कुल्ल्वी व्हिम्स की स्थायी फैशन, स्वदेशी सामग्री और महिला कारीगरों के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।संसद जैसे राष्ट्रीय मंच पर हिमालयी ऊन और पारंपरिक शिल्प का प्रतिनिधित्व होना स्थानीय कारीगर समुदायों के लिए एक महत्वपूर्ण पहचान है। यह क्षण यह भी दर्शाता है कि स्वदेशी शिल्प और स्थानीय संसाधनों को बढ़ावा देना आज के समय में कितना आवश्यक है।कुल्वी व्हिम्स हिमालयी वस्त्र परंपराओं को पुनर्जीवित करते हुए ग्रामीण महिला कारीगरों के लिए सम्मानजनक आजीविका के अवसर सृजित करने के अपने प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

# बजट युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल रोजगार का मजबूत आधार : रुचिन

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 में देश की युवा शक्ति को केंद्र में रखते हुए शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार व उद्यमिता को नई दिशा देने वाले कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

यह बात भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव रुचिन चौहान ने जारी एक प्रेस बयान में कही है। उन्होंने कहा कि यह बजट 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में युवाओं को भागीदार बनाने वाला बजट है। बजट 2026 में युवाओं के लिए शिक्षा क्षेत्र में लगभग 1.39 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है, ताकि युवा पढ़ाई के माध्यम से सीधे रोजगार या उद्यम से जुड़ सकें। 'शिक्षा से रोजगार और उद्यम' नामक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जो युवाओं को सेवा-क्षेत्र में रोजगार के लिए मार्गदर्शन देगी। उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा को उद्योगों से जोड़ने, नई तकनीकों में प्रशिक्षण देने तथा शिक्षा को रोजगार-उन्मुख बनाने की दिशा में ठोस पहल की गई है। स्किल इंडिया, अप-स्किलिंग और री-स्किलिंग कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को भविष्य की नौकरियों के लिए तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। स्टार्टअप इकोसिस्टम, सूक्ष्म व लघु उद्योग सेक्टर और नवाचार आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देकर युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनाने की दिशा में बजट ने मजबूती दी है। एनीमेशन ,विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स और डिजिटल इंडिया और सोशल मीडिया की संभावनाओं को देखते हुए कंटेंट क्रिएटर लैब्स बनाए जाएंगे, जिससे क्रिएटिव नौकरियों में युवाओं को अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कंटेंट क्रिएशन आज रोजगार का एक बड़ा माध्यम सिद्ध हो रहा है, जिससे युवा घर बैठे ही अपनी प्रतिभा के आधार पर अच्छी कमाई कर रहे हैं। बजट में निजी निवेश को बढ़ावा देने से उद्योगों का विस्तार होगा,जिससे युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। केंद्रीय बजट 2026 यह स्पष्ट संदेश देता है कि देश का भविष्य युवाओं की शिक्षा, कौशल व रोजगार से जुड़ा है। पूर्व बजटों की निरंतरता व नए प्रावधान मिलकर भारत की युवा शक्ति को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सिरमौर की 'सुपर मॉम और बेटे' ने मार्शल आर्ट में गोल्ड जीत देश में लहराया परचम



**अनंत ज्ञान, नाहन।** कहते हैं कि प्रतिभा विरासत में मिलती है और नाहन के एक परिवार ने इस बात को सच कर दिखाया है। खेल जगत में हिमाचल प्रदेश के एक मां और बेटे की जोड़ी चर्चा का केंद्र बनी हुई है। जिस वक्त बेटा उत्तराखंड के देहरादून में मार्शल आर्ट के दांव-पेंचों से प्रतिद्वंद्वियों को पस्त कर गोल्ड मेडल जीता। ठीक उसी समय मां पुणे में नेशनल मास्टर्स गेम्स में प्रदेश का परचम लहरा रही थीं

### चेक बाउंस मामले में आरोपी की अपील खारिज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** चेक बाउंस के एक मामले में नाहन के सत्र न्यायालय ने आरोपी द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया है। अदालत ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई दोषसिद्धि और सजा को पूरी तरह सही ठहराया। यह मामला राजगढ़ स्थित साईं को-ऑपरेटिव नॉन एग्रीकल्चर थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट सोसायटी से जुड़ा है। अदालत के अनुसार आरोपी ने सोसायटी से ऋण लिया था, जिसकी अदायगी न होने पर खाता एनपीए घोषित किया गया। रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी ने जुलाई 2022 में 75,650 का चेक सोसायटी के पक्ष में जारी किया। चेक बैंक में प्रस्तुत करने पर अकाउंट क्लोज्ड ' टिप्पणी के साथ अनादरित हो गया। इसके बाद सोसायटी द्वारा विधिसम्मत कानूनी नोटिस भेजा गया, लेकिन आरोपी ने तय अवधि में भुगतान नहीं किया। इस पर राजगढ़ की न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अदालत ने आरोपी को नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 के तहत दोषी ठहराया था। अदालत ने छह माह के साधारण कारावास और 75 हजार मुआवजे की सजा सुनाई थी। निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए आरोपी ने सत्र न्यायालय में अपील दायर की।

### खंड विकास अधिकारी संगड़ाह ने सुनी समस्याएं

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** उपमंडल संगड़ाह के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बडोल मे खंड विकास अधिकारी संगडाह नेहा नेगी ने सुनी लोगों समस्या और ओन द स्पोट जिन अभ्यर्थी के मकान का कार्य का निर्माण हो गया हे पूर्ण उनके खाते मे शेष बकाए का भुगतान तुरंत कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मकान निर्माण योजना के बारे में उन्होंने बताया कि वर्ष 2023/2024 वर्ष 2024/2025 के अंतर्गत जो मकान निर्माण कार्य हुआ है। वह 75 मकान निर्माण कार्य चल रहा है और जो पूर्ण होने के कगार पर है ओर कार्य सुव्यवस्थित रूप से चल रहा है। मकान निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जा रहा जिन मकानो का कार्य प्रारंभ हुआ है उनको हिदायत दी है कि की वह मकान निर्माण कार्य सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप हे तेजी लाई जाए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने कहा की यदि कोई परिवार बीपीएल सूची से छूट गया है। वह सभी औपचारिकताएं पूर्ण करके सचिव के पास आवेदन पत्र भरकर जमा कराए कोई समस्या हो तो सचिव मदद करे।

### नशे, अवैध गतिविधियों पर पुलिस की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में नशे और अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। पुलिस थाना शिलाई की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान एनएच पर धकोली के पास एक मोटरसाइकिल को जांच के लिए रोका, जिस पर तीन युवक सवार थे। मोटरसाइकिल चालक ने संदेह होने पर एक गेंदनुमा कागज सड़क किनारे नाली की ओर फेंक दिया। पुलिस टीम ने कागज को उठाकर जांच की तो उसके अंदर चिट्टा पाया गया। पुलिस थाना शिलाई में आरोपियों के खिलाफ धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। दूसरी कार्रवाई में पुलिस थाना पुरुवाला की टीम ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दीपक कुमार निवासी गांव खोदरी के रूप में हुई है।

### 12 किलो काकड़ का मांस व बंदूक बरामद, आरोपी धरा

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** उपमंडल पांवटा साहिब के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अजोली के किशनकोट गांव में वन विभाग की टीम ने वन्यजीव शिकार के एक बड़े मामले का भंडाफोड़ कर एक व्यक्ति को 'काकड़' के मांस और अवैध हथियारों के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, 2 फरवरी को वन विभाग को सूचना मिली थी कि किशनकोट निवासी दर्शन लाल ने कुकड़ों के जंगलों में एक जंगली जानवर का शिकार किया है।

## भाजपा पार्षद विधायक शैलेन्द्र गुप्ता ने निगम पर लगाए गंभीर आरोप

# 5 साल में होने थे 60 जनरल हाउस नगर निगम सोलन कर पाया मात्र 15

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम का जनरल हाउस 9 फरवरी को प्रस्तावित है। संभवत: यह इस कार्यकाल का अंतिम हाउस होगा। इसके आयोजन से पहले ही भाजपा ने नगर निगम को घेरने की तैयारी कर ली है। साथ ही निगम चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस समर्थित नगर निगम पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा के पार्षद शैलेंद्र गुप्ता ने मोर्चा खोलते हुए आरोप लगाए हैं कि नगर निगम सोलन के पांच वर्ष के कार्यालय में नियम के तहत कुल 60 जनरल हाउस होने चाहिए थे, जबकि नगर निगम मात्र पंद्रह ही कर पाई। एमसी एक्ट के मुताबिक हर महीने में हाउस होना चाहिए। गुप्ता ने आरोप लगाया कि हाउस आयोजन की जिम्मेवारी होती है। उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में मात्र चार ही हाउस हुए।

भाजपा पार्षद ने कांग्रेस समर्थित नगर निगम पर आरोप लगाया कि निगम स्वर्गीय राजीव गांधी के उस



◆ **कहा-सलोगड़ा डंपिंग साइट से लिगेसी उठाने में हुआ भ्रष्टाचार**

सपने के विपरीत कार्य करता दिखाई दे रहा है, जिसमें पंचायती राज को सुदृढ़ करने, स्थानीय नागरिकों को वास्तविक शक्ति देने और शासन में पारदर्शिता लाने की परिकल्पना की गई थी। दुर्भाग्यवश, नगर निगम सोलन की कार्यप्रणाली इस मूल भावना से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि नई महापौर के कार्यकाल को लगभग ढाई वर्ष होने को है, परंतु इस अवधि में केवल 4 आम सभाएं ही बुलाई गईं। वर्तमान में स्थिति यह है कि पिछले लगभग 6 महीनों से एक भी आम सभा आयोजित नहीं हुई, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया और स्थानीय स्वशासन की आत्मा के साथ सीधा खिलवाड़ है।

पार्षद ने कहा कि हमारा स्पष्ट मत है कि इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। जानकारी दिए जाने पर जांच का आश्वासन दिया गया था, किंतु लगभग डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई ठोस जांच सामने नहीं आई। यह न तो सुशासन है, न लोकतंत्र और न ही सशक्त स्थानीय स्वशासन के उस आदर्श के अनुरूप, जिसकी कल्पना पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने की थी।




### जनता के मुद्दों पर प्रभाव

**भाजपा** पार्षद का आरोप है कि आम सभा समय पर न बुलाने का सीधा और गंभीर प्रभाव जनहित से जुड़े निर्णय अनावश्यक रूप से लंबित रहते हैं, पूर्व बैठकों की पुष्टि न होने से उनके निर्णयों का क्रियान्वयन बाधित होता है, और नागरिकों की आवाज़ शासन व्यवस्था में दबकर रह जाती है। भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल का स्पष्ट आरोप है कि यह केवल भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास है। नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 53(1) स्पष्ट रूप से यह निर्देश देती है कि नगर निगम की आम सभा प्रत्येक माह आयोजित की जानी चाहिए। इसके बावजूद जानबूझकर महीनों तक आम सभाएँ नहीं बुलाई जा रहीं और हाउस को दरकिनार कर निर्णय थोपे जा रहे हैं।

### सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में हुआ भ्रष्टाचार

**शैलेन्द्र** गुप्ता ने कहा कि नगर निगम ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में हुए गंभीर भ्रष्टाचार का विषय भी अत्यंत चिंताजनक है। नगर निगम सोलन को इस पूरे प्रकरण पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लिगेसी वेस्ट के निपटान का कार्य तीन गुना दरों पर यह आश्वासन देकर सौंपा गया था कि दो वर्षों में लिगेसी वेस्ट शून्य कर दिया जाएगा, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज तक आधा कचरा भी नहीं उठाया जा सका। इसकी नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी नगर निगम की बनती है, क्योंकि इससे लगभग 7 करोड़ का सीधा नुकसान हुआ जो सोलन की जनता के धन का दुरुपयोग है।

### केंद्र से मिली मदद का हिसाब देने से भाग रही कांग्रेस सरकार : राकेश डोगरा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा प्रवक्ता राकेश डोगरा ने कहा है कि कांग्रेस सरकार केंद्र से मिली आर्थिक सहायता का हिसाब देने से बच रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, किसान-बागवान, महिलाएं, युवा और गरीब वर्ग के लिए करोड़ों रुपये का प्रावधान किया गया है, लेकिन प्रदेश सरकार इस सच्चाई को स्वीकार करने के बजाय केंद्र सरकार पर आरोप लगा रही है। डोगरा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के ही दो मंत्री सड़क एवं पुल तथा पर्यटन विभाग के लिए केंद्र सरकार से हजारों करोड़ रुपये की सहायता लेकर आए हैं और सार्वजनिक मंचों से केंद्र का धन्यवाद भी कर चुके हैं। इससे साफ है कि जब तथ्यों और जरूरतों को सही ढंग से रखा जाता है, तो केंद्र सरकार हिमाचल को पूरा सहयोग देती है। भाजपा प्रवक्ता ने सवाल उठाया कि आपदा राहत के लिए आए 6,000 करोड़, 8,500 करोड़ की विशेष सहायता और 40,000 करोड़ के कर्ज का उपयोग किन मदों में किया गया। रेलवे के लिए 3,000 करोड़ तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पर्यटन, किसान-बागवान, प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित विभिन्न योजनाओं में केंद्र से मिले धन का पूरा विवरण जनता को क्यों नहीं दिया जा रहा है।

## ददाहू भूमि विवाद में कोर्ट द्वारा वादी के कब्जे को मिली कानूनी सुरक्षा

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** ददाहू क्षेत्र में लंबे समय से चले आ रहे भूमि विवाद में नाहन की सीनियर सिविल जज उपासना शर्मा की अदालत ने स्पष्ट और अहम फैसला सुनाते हुए वादी के कब्जे को कानूनी संरक्षण प्रदान किया है। अदालत ने प्रतिवादी को विवादित भूमि में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करने से रोकते हुए स्थायी निषेधाज्ञा जारी की है। अदालत के समक्ष वादी रमेश कुमार ने याचिका दायर कर बताया था कि वह मौजा चुली ददाहू, तहसील ददाहू स्थित खाता-खतौनी नंबर 387/537, खसरा नंबर 480/395/16 व 974/869, कुल रकबा 00-02-04 बीघा भूमि का मालिक व कब्जाधारी है। म्यूटेशन दर्ज होने के बाद पुराने जर्जर मकान को गिराकर नए निर्माण की तैयारी की जा रही थी। वादी के अनुसार, भूमि से सटी जमीन के मालिक



प्रतिवादी योगेंद्र दत्त ने 12 अक्टूबर 2021 और 20 अक्टूबर 2021 को बिना किसी अधिकार के भूमि में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया और रिटेनिंग वॉल बनाने की मंशा जताई, जिससे वादी को बेदखली का खतरा उत्पन्न हो गया। अदालत ने रिकॉर्ड पर मौजूद जमाबंदी का अवलोकन करते हुए कहा कि वादी का नाम विधिवत दर्ज है और स्वामित्व व कब्जा प्रमाणित होता है। प्रतिवादी द्वारा वादी के अधिकारों को चुनौती देने के बावजूद कोई ठोस दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। कोर्ट ने माना कि वादी ने भूमि में हस्तक्षेप और हस्तक्षेप की मंशा को सफलतापूर्वक सिद्ध किया है, जिसके चलते वह स्थायी निषेधाज्ञा पाने का अधिकारी है। अदालत ने अपने आदेश में प्रतिवादी को निर्देश दिए कि वह भविष्य में विवादित भूमि में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप न करे। मामले में किसी भी पक्ष पर लागत नहीं डाली गई।

## केंद्र ने बढ़ाया प्रदेश का हक, पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश की जनता को किया गुमराह : अभिषेक

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भारतीय जनता पार्टी सोलन जिला प्रवक्ता अभिषेक ठाकुर ने कहा कि 16वें वित्त आयोग के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार के करों के विभाज्य पूल में 0.914 प्रतिशत का हिस्सा दिया गया है, जो कि लगभग 13,949 करोड़ की राशि बनती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह राशि पिछले वर्ष की तुलना में 2,388.97 करोड़ अधिक है, जो केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल को दी गई बढ़ी हुई आर्थिक सहायता को दर्शाती है। अभिषेक ठाकुर ने कहा कि इसके बावजूद प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा यह कहना कि केंद्र सरकार हिमाचल के साथ भेदभाव कर रही है, पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन है। मुख्यमंत्री द्वारा गलत आंकड़े और अधूरी जानकारी प्रस्तुत कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास किया गया है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि जब 15वें वित्त आयोग में हिमाचल का हिस्सा 0.830 प्रतिशत था और अब 16वें वित्त आयोग में इसे बढ़ाकर 0.914 प्रतिशत किया गया है, तो यह स्पष्ट है कि केंद्र सरकार ने हिमाचल के अधिकारों में कटौती नहीं बल्कि वृद्धि की है। ऐसे में मुख्यमंत्री का बयान सच्चाई से परे है। अभिषेक ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को प्रदेश की जनता से इस झूठ और भ्रम फैलाने के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से अपेक्षा होती है कि वह तथ्य और सच्चाई के साथ जनता के सामने बात रखे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की जनता को सच्चाई बताने के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को दिए जा रहे हर सहयोग को तथ्यों के साथ जनता के सामने रखती रहेगी।



अभिषेक ठाकुर, जिला प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी, सोलन

### केंद्रीय बजट 2026 युवाओं, मध्यम वर्ग और गरीबों के लिए: राहुल शर्मा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा सोलन शहरी मंडल के अध्यक्ष राहुल शर्मा ने कहा कि 1 फरवरी 2026 को प्रस्तुत केंद्रीय बजट विकसित भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी कदम है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट युवाओं के लिए रोज़गार, कौशल विकास, स्टार्ट-अप प्रोत्साहन, शहरी अधोसंरचना एवं डिजिटल विकास के साथ-साथ पर्यटन क्षेत्र को भी नई दिशा देने वाला है। राहुल शर्मा ने कहा कि बजट में पर्यटक गाइडों के कौशल उन्नयन, प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसरों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा और पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग को राहत, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और युवाओं की भागीदारी को केंद्र में रखा गया है, जिससे देश की आर्थिक एवं सामाजिक संरचना और अधिक सुदृढ़ होगी।

### युवाओं की ताकत पर भरोसा जताने वाला बजट : कार्तिक ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा कंडाघाट मंडल के अध्यक्ष कार्तिक ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 के बजट का पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट स्पष्ट संदेश देता है कि आज का भारत अपने युवाओं की ऊर्जा, मेहनत और हुनर के बल पर आगे बढ़ रहा है। कार्तिक ठाकुर ने कहा कि बजट में रोजगार सृजन, स्टार्टअप, स्किल डेवलपमेंट, डिजिटल इंडिया और नई तकनीकों पर दिए गए विशेष ज़ोर से देश के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के युवाओं को भी नई दिशा और नई उड़ान मिलेगी। अब युवा केवल नौकरी ढूँढने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला युवा बनेगा।

### बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने वाला दूरदर्शी कदम: पराशर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा सोलन मंडल के उपाध्यक्ष प्रज्वल पराशर ने केंद्रीय बजट के लिए मोदी सरकार की सराहना की। यह बजट केवल एक आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने वाला दूरदर्शी व प्रगतिशील कदम है। बजट में स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने, स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने, एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने व युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना वास्तव में ई सराहनीय है। 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय उत्पादन, नवाचार व डिजिटल सशक्तिकरण को जो प्राथमिकता दी गई है, वह देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## हिमाचल में चिट्टा सप्लाई करने वाला पुलिस ने 7 ग्राम खेप सहित मनीमाजरा से किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल में चिट्टा सप्लाई करने वाले गिरोह पर पुलिस की पैनी नजर है। इस क्रम में प्रदेश में चिट्टा की सप्लाई करने वाले एक सप्लायर को पुलिस ने बैक वार्ड लिंकेज के आधार पर मनीमाजरा चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया। पुलिस थाना परमाणु की एक टीम द्वारा गश्त के दौरान हिमुडा ग्राउंड, परमाणु के समीप मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को काबू किया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 7.34 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई। आरोपी युवकों में से एक की पहचान आर्यन पुत्र राजेश कुमार, निवासी विश्वकर्मा कॉलोनी, पिंजौर, तहसील कालका, जिला पंचकूला (हरियाणा), उम्र 18 वर्ष, के रूप में हुई है, जबकि दूसरा आरोपी बाल अपचारी (नाबालिग) पाया गया, जो उसी पते का निवासी है। मौके पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा आरोपी आर्यन पुत्र राजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया, जबकि बाल अपचारी से पूछताछ के उपरांत उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था। इस संबंध में पुलिस थाना परवाणू में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश करके 4 दिन का पुलिस हिरासत रिमांड हासिल किया गया था। इस अभियोग के आगामी अन्वेषण के दौरान इस मामले में पकड़े गए आरोपियों से गहनता पूछताछ एवं अन्वेषण के दौरान यह तथ्य सामने आये कि आरोपियों द्वारा बरामद चिट्टा मनीमाजरा चंडीगढ़ से एक शिवम उर्फ काकू नामक व्यक्ति से 14,000/-रुपए में खरीद किया था। इसके अतिरिक्त जांच के दौरान पुलिस टीम द्वारा मामले में तकनीकी साक्ष्यों (कॉल डिटेल्स एवं अन्य डिजिटल इनपुट) का भी गहन विश्लेषण किया गया। आरोपियों से गहन पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर पुलिस थाना परवाणू की टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए उक्त मामले में संलिप्त मुख्य सप्लायर शिवम उर्फ काकू पुत्र स्व. राम भरोसे न्यू इन्दोर कॉलोनी सेक्टर 13 मनीमाजरा चंडीगढ़ उम्र 25 वर्ष को 2 फरवरी 2026 को बैकवार्ड लिंकेज के आधार पर मनीमाजरा चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया और इसके ठिकाने पर दबिश दी गई और आरोपी से करीब 7 ग्राम चिट्टा और बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### दंगों के केस में 5 आरोपी गिरफ्तार : पुलिस अधीक्षक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना सदर नाहन में पुलिस थाना नाहन द्वारा तत्परता से काम करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में विशाल पुत्र श्री मेवा राम निवासी गांव जैदर, डा. जैदरी तहसील व थाना छछरौली हरियाणा उम्र 29 साल (गिरफ्तारी दिनांक 29.01.26), आशिक पुत्र इस्लाम निवासी गांव जैदर, डा. जैदरी तहसील व थाना छछरौली, जिला यमुना नगर हरियाणा, उम्र 23 साल (गिरफ्तारी दिनांक 29.01.26), मुकेश ठाकुर पुत्र श्री मोहन लाल निवासी गांव रखनी, डा. शम्भुवाला, तहसील व थाना नाहन, जिला सिरमौर हि.प्र., उम्र 25 साल (गिरफ्तारी दिनांक 31.01.26), साबीर पुत्र वाहिद हसन निवासी गांव जैदर, डा. जैदरी तहसील व थाना छछरौली, जिला यमुना नगर, हरियाणा, उम्र 25 साल (गिरफ्तारी दिनांक 01.02.26), रवि पुत्र श्री पुर्ण चंद निवासी गांव जैदर, डा. जैदरी, तहसील व थाना छछरौली, जिला यमुना नगर, हरियाणा, उम्र 25 साल (गिरफ्तारी दिनांक 01.02.26) शामिल है। एसपी ने बताया कि उपरोक्त सभी आरोपी पुलिस हिरासत रिमांड पर हैं, जिनसे अभियोग में वांछित कार न. एचआर02एआर-7859 को रिकवर किया जा चुका है तथा वारदात में प्रयोग किए गए डंडों, हॉकियों व पिस्टल की रिकवरी की जा रही है। एसपी ने कहा कि इस वारदात में अन्य आरोपियों को भी शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### भाजपा-कांग्रेस को हिमाचल की जनता की परवाह नहीं : राजीव शर्मा

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजीव शर्मा ने कहा है कि भाजपा कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश की जनता की परवाह नहीं। कांग्रेस ने झूठे वादे करके सत्ता में आई और भाजपा अब कई गुटों में सियासी गोटियां बिठाने में लगी हैं। पंचायती राज संस्थाओं पंचायत, बीडीसी और जिला परिषद के चुनाव में देरी का जिक्र करते हुए प्रदेश पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि यह संस्थाएं लोकतंत्र की रीड हैं। प्रदेश सरकार ने इनके चुनाव टालने की पूरी कोशिश की। अप्रैल तक भी चुनाव न्यायालय के आदेश से संभव हो सकेंगे। उधर जन विरोधी नीतियों के कारण जो भाजपा प्रदेश की सत्ता से बाहर हुई वह आज कई गुटों में बंटी चुनाव मामले राजनीतिक रोटियां सेकने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब में समय पर पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव करवाएं और उसमे पार्टी की जीत हुई।

**सरोकार** अर्की में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत विधायक ने सुनी जन समस्याएं

# आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद हिमाचल के समान विकास के लिए प्रतिबद्ध प्रदेश सरकार: संजय अवस्थी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार विषम आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद भी हिमाचल के समान विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संजय अवस्थी आज 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत अर्की में जन समस्याएं सुनने के उपरांत उपस्थित जनसमूह के साथ विचार-विमर्श कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत प्रदेश को केन्द्र से नियमित आर्थिक सहायता मिलना आवश्यक है, किंतु गत दिवस केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट हिमाचल के जन-जन की अपेक्षाओं पर गहरा आघात है। उन्होंने कहा कि गत तीन वर्षों में नियमित प्राकृतिक आपदाओं, जीएसजी क्षतिपूर्ति समाप्त होने के कारण हुए नुकसान और अब राजस्व घाटा अनुदान को समाप्त कर केंद्र सरकार ने हिमाचल के हितों पर कुठाराघात किया है। संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में समाज के हर वर्ग को राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जहां प्राकृतिक उत्पादों एवं दूध के समर्थन मूल्य निर्धारित किए गए हैं, वहीं किसानों-बागवानों की उपज को बेहतर मूल्य दिलावाने के लिए विपणन अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक रूप से उगाए गए गेहूं को 60 रुपए, मक्की को 40 रुपए व कच्ची हल्दी को 90 रुपए प्रति किलोग्राम के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। इससे जहां प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिल रहा है। किसानों और पशुपालकों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार ने गाय व भैंस के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य में आशातीत वृद्धि की है। इस निर्णय से पशुपालकों की आर्थिक स्थित सुदृढ़ हो रही है। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश और प्रदेश में जरूरमंद व्यक्तियों का सहारा बनी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गांरटी योजना (मनरेगा) का केंद्र सरकार द्वारा केवल नाम ही नहीं बदला गया है अपितु उसमें किए गए बदलाव जन विरोधी हैं। प्रदेश सरकार ने मनरेगा के तहत दिहाड़ी को 73 रुपए की वृद्धि के साथ 247 से बढ़ाकर 320 रुपए किया है।

जिला कांग्रेस सोलन के अध्यक्ष सुभाष चंद बरमानी, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश कश्यप, अनुज गुप्ता, रमेश ठाकुर, राजेंद्र रावत, कपिल ठाकुर, कमलेश शर्मा, सुरेंद्र पाठक, धनीराम ठाकुर, कृषि उपज मंडी विपणन समिति सोलन के निदेशक प्यारे लाल, जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक के निदेशक रोशन वर्मा, बाघल लैंड लूजर समिति के प्रधान जगदीश ठाकुर, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा क्षेत्रवासी इस अवसर पर उपस्थित थे।



जन समस्याएं सुनते विधायक संजय अवस्थी। अनंत ज्ञान

## जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक में राज्यस्तरीय महिला दिवस आयोजन का बना खाका

अनंत ज्ञान

**नाहन।** उपायुक्त कार्यालय सभागार में विधायक अजय सोलंकी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें जिला में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित जिला विकास अधिकारी द्विज गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के अंतर्गत 462 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि 238 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण का कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि जिला में सामुदायिक स्वच्छता परिसरों के निर्माण के तहत 22 कार्य प्रगति पर हैं तथा 38 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला विकास अधिकारी ने अवगत करवाया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत सामुदायिक स्तर पर 07 कम्पोस्ट पिट्स का निर्माण किया जा चुका है, जबकि 04 कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि ग्रे वाटर मैनेजमेंट सामुदायिक परिसंपत्तियों के तहत 18 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं और 06 कार्यों पर कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों की स्थापना के अंतर्गत शेड निर्माण की स्थिति की समीक्षा की गई, जिसमें बताया गया कि जिला सिरमौर में 02 इकाइयां कार्यशील हैं, जबकि 04 इकाइयों को शीघ्र आरंभ किया जाएगा। इससे पूर्व विधायक अजय सोलंकी की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह को लेकर भी एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 8 मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, कार्यक्रम की रूपरेखा तथा विभागीय सहभागिता को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया, ताकि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन गरिमामय एवं सफल बनाया जा सके।



बैठक की अध्यक्षता करते विधायक अजय सोलंकी। अनंत ज्ञान





# तीन दिन की गिरावट के बाद चांदी 17 हजार बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

गोल्ड और सिल्वर मार्केट में लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद आज 3 फरवरी को तेजी है। चांदी के दाम में करीब 17 हजार रुपए (7%) की बढ़त है। 1 किलो चांदी का भाव 2.53 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

इससे पहले तीन दिनों में चांदी की कीमत 1.60 लाख रुपए कम हो चुकी है। सोने में भी करीब 5 हजार रुपए (3%) की तेजी है। 10 ग्राम सोना 1.45 लाख रुपए पर आ गया है। बीते 3 कारोबार दिन में इसकी कीमत 26 हजार कम हुई थी। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, बाजार में चांदी 2,55,372 रुपए प्रति किलो बिक रही है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,50,708 रुपए है। बीते 3 दिनों मुनाफा वसूली के कारण सोने-चांदी की कीमत में गिरावट आई थी। सेबी रजिस्टर्ड कमोडिटी एक्सपर्ट अनुज गुप्ता ने कहा कि शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज ने कॉपर के बाद अब सोने और चांदी पर भी मार्जिन मनी बढ़ा दी है। सोने पर मार्जिन 6% से बढ़ाकर 8% कर दिया है। वहीं, चांदी पर इसे 11% से बढ़ाकर 15% कर दिया गया है। मार्जिन बढ़ने से कीमतों पर दबाव बने रहने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)





◆ **10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,50,708 रुपए**

# आई-पैक रेड विवाद: ममता बनर्जी पर ईडी याचिका की सुनवाई 10 फरवरी को

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में आई-पैक रेड मामले को नया मोड़ देते हुए ममता बनर्जी और राज्य सरकार के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई 10 फरवरी तक टाल दी है।

यह मामला कोलकाता स्थित राजनीतिक परामर्श फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के दफ्तर और सह-संस्थापक प्रतीक जैन के आवास पर छापेमारी के दौरान राज्य प्रशासन द्वारा केंद्रीय एजेंसी में बाधा डालने के आरोपों से जुड़ा है। ईडी का दावा है कि तलाशी के दौरान पश्चिम बंगाल पुलिस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इशारे पर हस्तक्षेप किया, अधिकारियों को धमकाया व जांच को रोका। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला करार दिया था तथा सीएम, डीजीपी व कोलकाता पुलिस आयुक्त के खिलाफ एफआईआर की मांग की थी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने एफआईआर पर रोक लगाई, छापेमारी स्थलों के सीसीटीवी और डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने का आदेश दिया तथा संबंधित अधिकारियों को हलफनामा दाखिल करने का समय दिया। राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिका को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि यह फोरम शॉपिंग है, क्योंकि कलकत्ता हाईकोर्ट में समान याचिकाएं लंबित हैं। आज की कार्यवाही में मेहता ने बताया कि राज्य का जवाब अभी मिला है, इसलिए जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय चाहिए। कोर्ट ने सहमति जताते हुए अगली तारीख 10 फरवरी तय की। यह फैसला केंद्र-राज्य संबंधों में जांच एजेंसियों की स्वायत्तता पर बहस को तेज कर सकता है। राजनीतिक हलकों में इसे आगामी सुनवाई का बेसब्री से इंतजार है, जो कई बड़े सवालों का जवाब देगी। (अनंत ज्ञान)

# विश्व बैंक नेपाल के उद्यमों को देगा 9.5 लाख अमेरिकी डॉलर सहायता

**एजेंसी, काठमांडू।** विश्व बैंक ने नेपाल के छोटे तथा मझोले उद्यमों (एसएमई) की वित्तीय मदद करके रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए 9 करोड़ 50 लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इस परियोजना से एक लाख से अधिक एसएमई के लाभान्वित होने की उम्मीद है। मालदीव, नेपाल व श्रीलंका के लिए विश्व बैंक के देशीय निदेशक डेविड सिस्लेन ने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से वित्तीय पहुंच को सरल बनाकर व व्यावसायिक बाधाओं को कम करके वित्तीय समावेशन के विस्तार में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा, 'यह परियोजना जमा व ऋण सुरक्षा कोष को सुदृढ़ करने, जोखिम-साझेदारी का विस्तार करने, वित्तीय स्थिरता बढ़ाने और महिलाओं द्वारा संचालित व्यवसाय जैसे कम वित्तीय पहुंच वाले क्षेत्रों के लिए सहायक सिद्ध होगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा के 121 युवा मुख्य धारा में हुए शामिल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने संगठित अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क के विस्तार पर प्रहार करते हुए राज्यभर में 121 युवाओं को मुख्य धारा में शामिल किया है। ये युवा विभिन्न माध्यमों से राज्य की प्रमुख आपराधिक गैंगों के संपर्क में थे। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने मंगलवार को चंडीगढ़ में जारी एक बयान में कहा कि आज की सबसे बड़ी चुनौती युवाओं को सही दिशा देना है, जहां से वे या तो राष्ट्र निर्माण का हिस्सा बन सकते हैं या फिर अपराध के दलदल में फंस सकते हैं। एसटीएफ हरियाणा द्वारा 121 युवाओं की समय रहते पहचान कर उन्हें परामर्श के माध्यम से संगठित अपराध से दूर रखना पुलिस की बड़ी पहल है। साइबर पुलिस एवं जिला स्तर की पुलिस इकाइयां भी इस दिशा में सकारात्मक प्रयास कर रही हैं। सिंघल ने बताया कि एसटीएफ की तकनीकी एवं फील्ड-स्तरीय निगरानी में सामने आया कि यह युवक गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय थे और गैंग गतिविधियों के प्रति आकर्षित हो रहे थे। गैंगस्टर और उनके सहयोगी युवाओं को लोभ और लालच के माध्यम से अपने जाल में फंसाते थे। उन्हें सोशल मीडिया और निजी संपर्कों के जरिए अपराध की एक झूठी चमक-धमक भरी दुनिया दिखाई जाती थी, जहां जल्दी पैसा, डर के सहारे बनाई गई पहचान और रुतबे को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया जाता था। कई मामलों में गैंगस्टर युवाओं की पुरानी रंजिशों, व्यक्तिगत विवादों अथवा भावनात्मक कमजोरियों का फायदा उठाते थे।

### पशु पालकों पर हरियाणा सरकार करेगी धनवर्षा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** कुरुक्षेत्र में छह फरवरी से शुरू होने जा रहे राज्य स्तरीय पशु मेले में 53 नस्लों के करीब डेढ हजार दुधारू पशु भाग लेंगे। मेले की तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए हरियाणा के कृषि एवं पशु पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंगलवार को चंडीगढ़ में बताया कि यह प्रदर्शनी न सिर्फ राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाने को तैयार है। तीन दिनों की इस मेगा प्रदर्शनी में लगभग 1500 उत्कृष्ट नस्लों के पशु अपनी दमखम, बनावट और उत्पादन क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। 6 फरवरी को मेले का शुभारंभ हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। सात फरवरी को केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मुख्यातिथि होंगे। 8 फरवरी को समापन समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विजेता पशुपालकों को पुरस्कार वितरित करेंगे। इस बार पशुओं की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में अधिक है, जिससे प्रतिस्पर्धा और रोचक होने की उम्मीद है। प्रदर्शनी में विभिन्न श्रेणियों - गाय, भैंस, बैल, बकरी, भेड़ और अन्य पशुधन में जीतने वाले पशुओं के मालिकों को कुल लगभग 50 लाख रुपए की नकद पुरस्कार राशि दी जाएगी। पशु पालन विभाग के निदेशक डॉ.प्रेम सिंह के अनुसार यह पुरस्कार राशि पशुपालकों के उत्साह को बढ़ाने के साथ-साथ बेहतर नस्ल और वैज्ञानिक तरीकों से पशुपालन करने की प्रेरणा भी देगा। प्रदर्शनी में 'पशु रैम्प शो' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें चुनी हुई श्रेष्ठ नस्लों के पशु बिलकुल फैशन शो की तरह रैम्प पर अपनी चाल, बनावट और सुंदरता का प्रदर्शन करेंगे। यह रैंप शो पशुपालकों और दर्शकों दोनों के लिए नया अनुभव होगा और मेले का सबसे बड़ा आकर्षण बनने जा रहा है। मेले में प्रदेशभर से लगभग एक लाख पशुपालक, किसान, उद्यमी और वैज्ञानिक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इसके तहत प्रत्येक दिन 200 निशुल्क बसें जो प्रदेश के हर जिले से पशुपालकों और दर्शकों को मेले तक लेकर आएंगी और उन्हें वापस उनके गांव/शहर छोड़कर जाएंगी।

### यमुनानगर सिविल अस्पताल में वाटर टैंक फटे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यमुनानगर के सिविल अस्पताल परिसर में स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की इमारत में बीती रात अचानक हुए तेज धमाके से अफरा-तफरी मच गई। धमाका इतना शक्तिशाली था कि इमारत की ऊपरी मंजिलों की खिड़कियों के शीशे चकनाचूर हो गए, जबकि छत की रेलिंग का एक बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे खड़े सरकारी वाहन पर आ गिरा। इस दौरान भवन के अंदर लगी टाइलें और सीलिंग का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। यह घटना सोमवार देर रात्रि की है। संयोगवश उस समय कार्यालय परिसर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। धमाके की आवाज सुनते ही अस्पताल परिसर में मौजूद स्टाफ और मरीजों के तीमारदार घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। मौके पर चारों ओर कांच के टुकड़े बिखरे हुए थे। अस्पताल परिसर में मौजूद एक व्यक्ति महेश ने बताया कि वह रात के समय बाहर टहल रहा था, तभी अचानक जोरदार आवाज सुनाई दी। कुछ ही क्षणों में लोगों को सीएमओ कार्यालय की ओर भागते देखा गया, जब वह मौके पर पहुंचा तो छत से टूटा भारी हिस्सा एक वाहन पर गिरा हुआ था और आसपास का दृश्य डराने वाला था। घटना की सूचना मिलते ही सीएमओ जितेंद्र तरंत तत्काल अस्पताल पहुंचे और पूरी इमारत का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में छत पर लगे सोलर सिस्टम के पास स्थापित तीन वाटर हीटर टैंकों में से दो टैंक क्षतिग्रस्त पाए गए हैं।

### ताइक्वांडो चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** दूसरी एशियन सिख गेम्स ताइक्वांडो चैंपियनशिप तालकटोरा इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस चैंपियनशिप में टीम कोच मोहन लाल के मार्गदर्शन में बीबी भानी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, और अपनी उपलब्धियों से कॉलेज का नाम रोशन किया। प्रिंसिपल किरणदीप कौर ने सभी खिलाड़ियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन पर बधाई दी और उन्हें आगे की सफलता और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के साथ साझेदारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) भारत का सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक है और एक दशक से ज्यादा समय में यूनिवर्सल बैंक में ट्रांजिशन के लिए इन-प्रिंसिपल मंजूरी पाने वाला पहला बैंक है। एयू एसएफबी ने होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सहयोग पूरे भारत में होंडा टू-व्हीलर्स खरीदने के लिए ग्राहकों को किफायती और सुविधाजनक फाइनेंसिंग विकल्प देगा। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के ईडी और डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा, 'होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के साथ साझेदारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की देश भर में मोबिलिटी फाइनेंस का विस्तार करने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। होंडा भारत में सबसे भरोसेमंद और प्रतिष्ठित टू-व्हीलर ब्रांड्स में से एक है, और यह सहयोग लाखों ग्राहकों को उच्च-गुणवत्ता वाली मोबिलिटी तक आसान पहुंच प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। जैसे-जैसे हम एक यूनिवर्सल बैंक बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, ऐसी साझेदारियाँ हमारी राष्ट्रीय वितरण शक्ति, ग्राहक-केंद्रित फिलॉसफी और बड़े पैमाने पर पारदर्शी और नवीन वित्तीय समाधान प्रदान करने की हमारी क्षमता को मजबूत करती हैं।' होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर श्री योगेश माथुर ने कहा, 'फाइनेंसिंग इकोसिस्टम को मजबूत करना एचएमएसआई के कस्टमर-सेंट्रिक अप्रोच का मुख्य हिस्सा है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ इस कोलैबोरेशन का मकसद पूरे भारत में एचएमएसआई डीलरशिप पर कस्टमर्स को दिए जाने वाले क्रेडिट सॉल्युशंस को बेहतर बनाना है। यह खरीदारी के सफर को आसान बनाएगा और हमें कस्टमर्स को किफायती और सुविधाजनक फाइनेंसिंग ऑप्शन देने में मदद करेगा।

# मणिपुर में जल्द सरकार बनने की संभावना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भाजपा ने मणिपुर में नई सरकार बनाने की कवायद शुरू कर दी है। भाजपा संसदीय बोर्ड ने पार्टी के नेशनल जनरल सेक्रेटरी तरुण चुग को मणिपुर में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए सेंट्रल ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। मणिपुर से एमडीए के करीब 20 विधायक रविवार रात को दिल्ली पहुंचे। अन्य विधायक सोमवार को केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर राजधानी पहुंचे। दिल्ली पहुंचे नेताओं में पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत सिंह, पूर्व मंत्री वाई खेमचंद सिंह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ए. शारदा देवी शामिल हैं। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच मई 2023 में हिंसा की शुरुआत हुई थी। इसमें अब तक करीब 260 लोगों की मौत हुई है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

◆ **भाजपा ने विधायक दल नेता चुनाव के लिए तरुण को सेंट्रल ऑब्जर्वर बनाया**

# एयर इंडिया ड्रीमलाइनर के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली**



एयर इंडिया ने अपने सभी 787 ड्रीमलाइनर विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की दोबारा जांच कर दी है। यह फैसला लंदन के हीथ्रो से बेंगलुरु विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच में गड़बड़ी के बाद लिया गया है।

विमान में 200 यात्री सवार थे। एयर इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मनीष उप्पल ने बोइंग 787 के पायलटों को ईमेल भेजकर यह जानकारी दी। फिलहाल एयर इंडिया के बेड़े में 32 बोइंग 787 विमान हैं। सोमवार को एक पायलट ने बोइंग 787 विमान में फ्यूल कंट्रोल स्विच से जुड़ी खराबी की रिपोर्ट दी थी। उसने बताया कि स्विच लॉक हो गया है। यह विमान रविवार को लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से रवाना होकर सोमवार सुबह बेंगलुरु पहुंचा था। रिपोर्ट के बाद विमान की उड़ान पर पाबंदी लगा दी गई है। फ्यूल कंट्रोल स्विच पर खास ध्यान इसलिए भी दिया जा रहा है, क्योंकि जून में अहमदाबाद में 787-8 प्लेन क्रैश की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में बताया गया था कि टेक-ऑफ के तुरंत बाद ईंधन आपूर्ति कट गई थी। उस दुर्घटना में 260 लोगों की मौत हुई थी। एयर इंडिया ने उस हादसे के बाद भी पिछले साल फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच कराई थी।

फ्यूल कंट्रोल स्विच विमान के कॉकपिट में थ्रस्ट लीवर के पास होते हैं। ये इंजन में फ्यूल की सप्लाई को कंट्रोल करते हैं। इसका मुख्य काम इंजन में फ्यूल की सप्लाई को शुरू करना (रन पोजिशन) या बंद करना (कटऑफ पोजिशन) है। हर इंजन के लिए अलग-अलग फ्यूल कंट्रोल स्विच होता है। उदाहरण के लिए, बोइंग 787 में दो इंजन हैं, तो दो स्विच होंगे- एक बाएं इंजन के लिए, एक दाएं के लिए। जब स्विच 'रन' पर होता है, तो फ्यूल वाल्व खुलता है और इंजन में फ्यूल की सप्लाई शुरू हो जाती है। इससे इंजन चालू रहता है और विमान को थ्रस्ट मिलता है, जब स्विच को 'कटऑफ' पर किया जाता है, तो फ्यूल वाल्व बंद हो जाता है और इंजन में फ्यूल की सप्लाई रुक जाती है। इससे इंजन तुरंत बंद हो जाता है। फ्यूल कंट्रोल स्विच स्प्रिंग-लोडेड होते हैं और इनमें डिटेंट (एक तरह का लॉक) होता है, जो इन्हें अपनी पोजिशन में स्थिर रखता है। स्विच को हिलाने के लिए तीन स्टेप्स चाहिए पकड़ना, डिटेंट से बाहर निकालना और रिलीज करना। ये कोई नॉर्मल स्विच नहीं है, जो गलती से धक्का लगने से दब जाए। (अनंत ज्ञान)

# 7वीं के छात्र ने घर की अलमारी कर दी खाली 85 लाख रुपए के गहने चुराकर खाए मोमोज

**एजेंसी, देवरिया**

देवरिया में 14 साल का एक लड़का 85 लाख के मोमोज खा गया। वह तीन महीने से घर में चोरी कर रहा था। हर दिन वह एक जेवर अलमारी से निकालता और दुकानदार को थमा देता।

दुकानदार गहने लेकर रोज उसे मोमोज खिलाता रहा। मोमोज खाने की लत में लड़का हार, अंगूठी, बिछिया, बाली आदि जेवर तीन दुकानदारों को दे आया। परिजनों ने जब अलमारी खोली और जेवर नहीं पाए तो उनके होश उड़ गए। बच्चे से पूछा तो उसने पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजनों ने थाने में नाबालिग बेटे और तीन आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने सोमवार शाम को नाबालिग और तीन युवकों पर केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। मामला रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र का है। भगवानपुर तिवारी गांव निवासी विमलेश मिश्र पुत्र रामायण मिश्र वाराणसी के एक मंदिर में पुजारी हैं। उनका नाबालिग बेटा गांव में रहकर पढ़ाई करता है। विमलेश मिश्र के अनुसार उनके बेटे को मोमोज खाने की आदत थी। इसी कमजोरी का फायदा उठाते हुए देवरिया-कसया मार्ग स्थित डुमरी चौराहे पर मोमोज की दुकान लगाने वाले तीन युवकों ने उसे अपने झांसे में ले लिया। आरोप है कि युवकों ने लालच देकर बेटे को बहकाया। जिससे बेटा घर की अलमारी से जेवर निकाल-निकालकर उन्हें देता रहा। रविवार को विमलेश मिश्र की बहन अपना जेवर लेने घर पहुंची, जैसे ही अलमारी खोली गई, उसमें रखा सारा जेवरात गायब मिला।

यह देख परिवार के लोग सन्न रह गए, जब लड़के से पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि वह मोमोज खाने के लिए डुमरी चौराहे के दुकानदारों को जेवर दे चुका है। यह सुनकर परिजन चौंक गए और तत्काल थाने पहुंचे। विमलेश मिश्र ने अपने बेटे समेत 3 युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। तहरीर में बताया गया कि घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण धीरे गायब होते रहे, जिसकी भनक परिवार को काफी देर बाद लगी। (अनंत ज्ञान)

# गुरुग्राम के यूट्यूबर को लग्न में 71 लाख कैश व 21 तोला सोना भी दिया

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में गुरुग्राम के रहने वाले मशहूर यूट्यूबर अरुण पंवार की शादी है। उनकी शादी एक वीडियो से चर्चा में है, जिसमें उन्हें लग्न टीके में 71 लाख रुपए कैश दिया गया। साथ ही परिवार के सदस्यों को 21 तोले सोने के जेवरात भी दिए। अरुण ने इस वीडियो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। अरुण सोहना के इंदरी गांव के रहने वाले हैं। उनका लग्न टीका 30 जनवरी को आया था।

अरुण पंवार जिस लड़की के साथ शादी के बंधन में बंध रहे हैं, उनका नाम डॉ. तिथि है। तिथि का परिवार पलवल में रहता है। अरुण और तिथि की शादी नेशनल हाईवे नंबर 19 स्थित ग्रीनलैंड 44 फॉर्म हाउस में होगी। तिथि मूल रूप से हथीन के गहबल गांव की रहने वाली हैं। काफी टाइम से उनका परिवार पलवल शहर में रह रहा है। वह एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद जयपुर से एमडी की पढ़ाई कर रही हैं। उनका भाई रोहतक पीजीआई में डॉक्टर है। पिता गोपाल सिंह सोनी एक कंपनी में बड़े पद पर कार्यरत हैं। मूल रूप से वह हथीन के गांव गहलब के रहने वाले हैं। परिवार पिछले काफी समय से पलवल में रह रहा है।

**पिता से लेकर भाभी तक को जेवरात मिले**

**अरुण** ने अपने इंस्टाग्राम पर जो रील अपलोड की है, उसमें एक व्यक्ति हाथ में पेज लेकर बता रहा है कि दहेज नहीं, बल्कि दान में क्या-क्या दिया गया है। वह व्यक्ति कह रहा है: 'लड़के को साढ़े 5 तोले की चेन, 4 तोले का ब्रेसलेट, दो सोने की अंगूठी-एक सगाई की और एक लग्न की, कुल 5 सोने की चीजें, लड़के के पापा को चेन और अंगूठी, लड़के के ताऊ की अंगूठी, लड़के के भाई दिनेश और आकाश को अंगूठी, लड़के की माता को कानों के झुमके, पजेब और चुटकी, लड़की की बहन के कानों के झुमके और भाभी के लिए कानों के झुमके दिए गए हैं। इसके साथ ही कुल 21 तोला सोना और 71 लाख रुपए कैश भी दिया गया।

◆ **तिथि के पिता बड़ी कंपनी में कार्यरत**

# सांसदों, विधायकों के लंबित केसों पर हाईकोर्ट ने सेशन कोर्ट से मांगी रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व तथा मौजूदा सांसदों, विधायकों के विरूद्ध लंबित मामलों की सुनवाई में हो रही देरी पर हाईकोर्ट सख्त हो गया है। हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान की सुनवाई के दौरान करनाल और नूंह (मेवात) के जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को 15 दिन के भीतर सभी लंबित मामलों की विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को रजिस्ट्रार जनरल को आदेश दिया कि वह तत्काल दोनों न्यायाधीशों से रिपोर्ट तलब करें और तय समय सीमा में उसे रिकार्ड पर लाएं। अदालत ने स्पष्ट किया कि इससे पहले भी 10 नवंबर 2025 और फिर 16 दिसंबर 2025 को ऐसे ही निर्देश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन लगभग दो महीने बीत जाने के बावजूद संबंधित जिलों से कोई रिपोर्ट दाखिल नहीं हुई, जिसे कोर्ट ने न्यायिक आदेशों की गंभीर अवहेलना की श्रेणी में माना। सुनवाई के दौरान पीठ को बताया गया कि आदेशों के बाद भी कोई ठोस प्रगति सामने नहीं आई, जिससे उच्च न्यायालय की निगरानी प्रक्रिया बाधित हो रही है।

# ग्रेटर नोएडा में 17वां हिमाचली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया



**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में रह रहे हिमाचलियों की अहम सामाजिक संस्था हिमाचल जन कल्याण समिति द्वारा नववर्ष एवं हिमाचल दिवस के शुभ अवसर पर 17वां हिमाचली मिलन समारोह हर वर्ष की भांति राम- ईश ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभागार में बड़ी धूमधाम व हर्षउल्लास से मनाया गया। इसमें विशेष रूप से हिमाचल के जाने माने लोक गायकों व समिति से जुड़े स्थानीय कलाकारों एवं महिलाओं ने हिमाचली लोकगीतों, एवं पहाड़ी गानों से ऐसा समां बांधा कि हर कोई झूमने पर मजबूर हो गया और कुछ समय के लिए माहौल हिमाचलमयी हो गया। एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इस समारोह में विशेष रूप से सामाजिक क्षेत्र, कला, संस्कृति एवं व्यवसायिक क्षेत्र में विशेष योदगान के लिए मुखतिथि समाजसेवी केके सकलानी ने प्रमुख लोगों को विशेष रूप से हिमाचली टोपी, शाल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही मेधावी छात्रों अन्य क्षेत्रों में विशेष योगदान के लिए अन्य विभूतियों को भी सम्मानित किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे 'दिल्ली हिमाचल स्टूडेंट एसोसिएशन के बच्चों व हिमाचल कला मंच के कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक रंगारंग एवं सांस्कृतिक हिमाचली कार्यक्रम पेश किए। समारोह में विशेष रूप से हिमाचल से आए रसोईयों द्वारा तैयार स्वादिष्ट कांगड़ी धाम का मेहमानों ने आनंद लिया। इस समारोह में राम-ईश इस्टिट्यूट के संस्थापक रमेश शर्मा, हिमाचल सोशल बॉडीज फेडरेशन के अध्यक्ष केआर वर्मा, पालमपुर सुधार सभा के अध्यक्ष विजय, कर्नल राहुल, गांधी राणा, राकेश, अमी चंद जस्वाल, कृष्ण शर्मा,विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया कोटक सर्विसेज फंड

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़/लुधियाना।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने कोटक सर्विसेज फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो सर्विस सेक्टर पर आधारित है। नया फंड ऑफर 4 फरवरी से 18 फरवरी तक खुलेगा। इस फंड के जरिए निवेशकों को भारत के मुख्य ग्रोथ इंजन यानी सर्विस सेक्टर में निवेश करने का मौका मिलेगा। सर्विस सेक्टर भारत की स्त्रह्य4 अर्थव्यवस्था में लगभग 55% योगदान देता है और देश की 31.5% आबादी को रोजगार प्रदान करता है। कंज्यूमर सर्विसेज, टेलीकॉम, हेल्थकेयर, लॉजिस्टिक्स, फाइनेंशियल सर्विसेज, आईटी, पावर और ऑयल एंड गैस जैसे सेक्टर तेजी से बढ़ रहे हैं। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा, 'भारत की सर्विस आधारित अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव हो रहा है।' फंड मैनेजर रोहित टंडन ने बताया, 'सर्विस सेक्टर में खर्च और एक्सपोर्ट दोनों तरह के बिजनेस शामिल हैं, जिससे इसमें स्थिरता और ग्रोथ दोनों मिलती हैं।

**आनंद** | एक बड़ा फील्ड व कड़ा मुकाबला पीजीएल 2026 के लिए बड़ा प्लेटफॉर्म तैयार

# पंचकूला गोल्फ लीग का दूसरा सीजन आज से

**अनंत ज्ञान**

**पंचकूला।** पहले सफल सीजन के बाद, पंचकूला गोल्फ लीग (पीजीएल) अपने दूसरे सीजन के लिए वापसी कर रही है।

इस बार पीजीएल में कड़ी टक्कर, ज्यादा खिलाड़ी व एक बेहतर लीग एक्सपीरियंस मिलेगा और खिलाड़ियों के साथ ही दर्शकों को भी आनंद आएगा। 4 से 22 फरवरी 2026 तक पंचकूला गोल्फ क्लब में खेले जाने वाले इस नए सीज़न से साफ है कि लीग एक शानदार शुरुआत से क्षेत्र के गोल्फिंग कैलेंडर पर एक मजबूत स्पोर्ट्स इवेंट के तौर पर डेवलप हुई है। अपने पहले सीजन की गति को आगे बढ़ाते हुए, 2026 के एडीशन में 16 टीमें होंगी, जिनमें से प्रत्येक में 16 खिलाड़ी होंगे, जो लीग के 2 फेज के दौरान दो अलग-अलग फॉर्मेट में मुकाबला करेंगे। 16 टीमों को 8-8 टीमों के 2 ग्रुप में बांटा गया है। लीग का पहला फेज, राउंड रॉबिन फेज, 4 से 17 फरवरी तक खेला जाएगा और खिलाड़ियों को व्यक्तिगत स्टेबलफोर्ड फॉर्मेट पर स्कोर किया जाएगा। इसमें उनके स्कोर उनकी टीम के कुल स्कोर में गिने जाएंगे। राउंड रॉबिन फेज के दौरान अपने सभी राउंड से हासिल किए गए स्टेबलफोर्ड प्वाइंट्स के आधार पर प्रत्येक ग्रुप की टॉप 4 टीमें नॉक आउट फेज के लिए क्वालीफाई करेंगी जो फोर बॉल बेटर बॉल मैचप्ले फॉर्मेट में खेला जाएगा। फाइनल और तीसरे स्थान के प्लेऑफ 22 फरवरी को खेले जाएंगे और उसी दिन ग्रैंड फिनाले सनडाउनर प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन समारोह होगा। जो चीज पंचकूला गोल्फ लीग को सबसे अलग बनाती है, वह है इसका सोच-समझकर डिजाइन किया गया टीम स्ट्रक्चर और प्लेइंग फॉर्मेट जो कई मैच के दिनों में निरंतरता, स्ट्रेटिजी और टीम वर्क की मांग करता है, जबकि व्यक्तिगत प्रतिभा के बजाय ग्रुप परफॉर्मेंस की भावना को मजबूत करता है। अपनी फाउंडिंग फिलॉसफी के प्रति समर्पित, पीजीएल लीग कम्पटीटिव फ्रेमवर्क में इनक्लूसिविटी पर जोर देती है। प्रत्येक टीम में अनिवार्य रूप से एक महिला गोल्फर, 70 वर्ष से अधिक उम्र का एक सीनियर खिलाड़ी और डिफाइंड हैंडीकैप कैटेगिरीज में प्रतिनिधित्व शामिल है, जो कम्पटीटिव बैलेंस सुनिश्चित करता है। वहीं लीग के इस विश्वास को मजबूत करता है कि गहराई, विविधता और टीम वर्क हाई क्वालिटी गोल्फ पर फोक्सड है। लीग को लेकर लगातार बढ़ती दिलचस्पी के बारे में बात करते हुए, बी चंद्र सेखर, को-चेयरमैन, ऑर्गेनाइजिंग कमेटी, पंचकूला गोल्फ लीग ने कहा कि 'पंचकूला गोल्फ लीग की कल्पना एक ऐसे प्लेटफॉर्म के रूप में की गई थी जो प्रतिस्पर्धी गोल्फ को मजबूत करे और साथ ही भाईचारे और खेल भावना को बढ़ावा दे। दूसरा एडिशन एक स्वाभाविक प्रगति को दर्शाता है, जिसमें ज़्यादा गहराई, व्यापक भागीदारी और एक ऐसा फॉर्मेट है जो कौशल, अनुशासन और टीम वर्क की टेस्टिंग करता है। हम इस लीग को रीजन के खेल इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण कॉन्ट्रीब्यूटर के तौर पर देखते टूर्नामेंट डायरेक्टर दिगराज सिंह, जो पहले एडिशन की सफल आयोजन के बाद एक बार फिर से तैयार हैं, उन्होंने कहा, 'फॉर्मेट को निरंतरता, रणनीति और ग्रुप परफॉर्मेंस को अवॉर्ड करने के लिए डिजाइन किया गया है।



# चंडीगढ़ में आयोजित हुआ दुबई यूनिफेस्ट छात्रों को मिले वैश्विक शिक्षा के अवसर



**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में दुबई यूनिफेस्ट 2026 का आयोजन किया गया, जहां छात्रों व अभिभावकों को दुबई में उच्च शिक्षा से जुड़े विविध अवसरों की जानकारी दी गई।

इस अंतरराष्ट्रीय शिक्षा मेले में दुबई स्थित 15 से अधिक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य दुबई को एक उभरते हुए वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में प्रस्तुत करना था, जहां अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त डिग्री, इंडस्ट्री-अलाइंड कोर्स और मजबूत करियर विकल्प उपलब्ध हैं। छात्रों ने सीधा विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों से बातचीत कर प्रवेश प्रक्रिया, स्कॉलरशिप, वीज़ा और भविष्य की करियर संभावनाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष सत्र 'अकादमिक लाउंज-हाई टी एंड डायलॉग्स' भी आयोजित किया गया। इसमें स्कूल लीडरशिप, काउंसलर्स व विश्वविद्यालय विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस चर्चा का मुख्य विषय 'वैश्विक उच्च शिक्षा व करियर डेस्टिनेशन के रूप में दुबई की बदलती भूमिका' था। पैनल चर्चा में शिक्षा के अंतरराष्ट्रीय रुझानों, करियर-आधारित अकादमिक योजना और छात्र मोबिलिटी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए गए।

## स्पोर्ट्स विंडो

## आदर्श शर्मा ने टग ऑफ वॉर नेशनल सब जूनियर अंडर-17 में जीता कांस्य

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** ईस्ट प्वाइंट पब्लिक स्कूल सुलगवान के 10+1 के छात्र आदर्श शर्मा ने टग ऑफ वॉर नेशनल सब जूनियर (अंडर-17) प्रतियोगिता में एंकर के रूप में बेहतरीन भूमिका निभाकर प्रदेश के लिए कांस्य पदक जीता।



आदर्श शर्मा मूल रूप से गांव मनवी भोरंज के रहने वाले हैं। उन्होंने अपनी कामयाबी का श्रेय दादा-दादी और माता-पिता को दिया। आदर्श शर्मा ने नेशनल से पहले इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कांपलेक्स शिमला में स्टेट व नेशनल के कैंप में भाग लिया। नेशनल के लिए उनका चयन श्रीगांव बीच, पालघर, महाराष्ट्र में हुआ और उन्होंने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया।

## बेंजेमा अल हिलाल से जुड़े, रोनाल्डो की उम्मीदों पर फेर सकते हैं पानी

**एजेंसी, रियाद।** फ्रांस के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी करीम बेंजेमा सऊदी अरब के एक क्लब अल इत्तिहाद को छोड़कर दूसरे क्लब अल हिलाल से जुड़ गए हैं जो क्रिस्टियानो रोनाल्डो की खिताब जीतने की उम्मीदों के लिए बुरी खबर हो सकती है।

पूर्व बैलोन डीओर विजेता बेंजेमा सऊदी प्रो लीग के अग्रणी क्लब अल हिलाल में शामिल हो गए हैं, जो रोनाल्डो के क्लब अल नासर से लीग तालिका में एक अंक आगे है। रोनाल्डो को 2022 में सऊदी अरब के क्लब से जुड़ने के बाद से अब भी अपने पहले लीग खिताब का इंतजार है। अल हिलाल उनके क्लब का मुख्य प्रतिद्वंद्वी है जिसने पांच बार के चैंपियंस लीग विजेता बेंजेमा को टीम में शामिल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। रियाल मैड्रिड के पूर्व स्ट्राइकर बेंजेमा ने पिछले साल अल इत्तिहाद को लीग के खिताब के साथ-साथ किंग्स कप का चैंपियन बनाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। अल हिलाल सऊदी अरब की सबसे सफल टीम है, जिसने 21 लीग खिताब और चार एशियाई चैंपियनशिप जीती हैं। पिछले साल अल हिलाल ने क्लब विश्व कप में मैनचेस्टर सिटी को 4-3 से हराकर सभी को चौंका दिया था। (अनंत ज्ञान)

## भारत को टी20 विश्व कप में हराना बेहद मुश्किल होगा: क्लिंगर

**एजेंसी, वडोदरा।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और अब कोच माइकल क्लिंगर ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया सीरीज में भारत के प्रदर्शन से पता चलता है कि सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में आखिर क्यों गत चैंपियन को हराना बहुत मुश्किल होगा। डब्ल्यूपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात जाइंट्स के मुख्य कोच क्लिंगर के अनुसार भारत का आक्रामक शीर्ष क्रम उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत टीम बनाता है। क्लिंगर ने कहा, ''जिस फॉर्म में वे हैं और मैंने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ जो देखा उससे भारत को हराना बहुत मुश्किल होगा। उन्हें हराने के लिए किसी टीम को शायद फाइनल में उनके खराब दिन का फायदा उठाना होगा।'' क्लिंगर ने कहा कि अभिषेक शर्मा का उभरना शीर्ष क्रम में भारत के आक्रामक रवैये की खास बात रही है। ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन टी20 के अलावा 182 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले क्लिंगर ने कहा, ''अभिषेक शर्मा शायद मेरे नए पसंदीदा खिलाड़ी हैं। मैं उन्हें पिछले कुछ समय से देख रहा हूं। आईपीएल में ट्रेविस हेड के साथ पारी का आगाज करना और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसा करना, वह निडर हैं और उन्हें देखना शानदार है।' (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में लॉरेन बेल

**लॉरेन** बेल इंग्लैंड की एक तेज गेंदबाज हैं, जिन्हें अक्सर दुनिया की सबसे खूबसूरत क्रिकेटरों में गिना जाता है। उनका जन्म 2 जनवरी 2001 को विल्टशायर के स्विंडन में हुआ। बेल हैम्पशायर और सदर्न ब्रेव के लिए खेलती हैं। वह अपने ग्लैमरस लुक से बड़ी से बड़ी अभिनेत्रियों को मात देती नजर आती हैं।



## अंडर-19 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ छठे खिताब की ओर नजर

# सेमीफाइनल में भारत का पलड़ा भारी

**एजेंसी, हरारे**



अब तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम बुधवार को यहां आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी।

इस प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम है। उसने पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) खिताब जीते हैं। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है जिसने चार बार ट्रॉफी जीती है। इस तरह से भारत रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीतने की दिशा में बुधवार को एक कदम और आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा।

भारत ने अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अपने सभी पांच मैच आसानी से जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की जीत भी शामिल है। भारतीय टीम हालांकि, अफगानिस्तान को कम करके आंकने की गलती नहीं करेगी। अफगानिस्तान का भी टूर्नामेंट में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उसने अपने पांच मैचों में से चार जीते हैं। उसे एकमात्र हार श्रीलंका से मिली थी, लेकिन खिलाड़ियों की फॉर्म और खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी नजर आता है। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अब तक पांच मैचों में दो अर्द्धशतकों की मदद से 199 रन बनाए हैं।

बड़े-बड़े शॉट खेलने में माहिर सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (पांच मैचों में दो अर्द्धशतकों सहित 196 रन) भी अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह अपने अर्द्धशतकों को शतकों में तब्दील करें।

ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा (पांच मैचों में 172 रन) एक और भारतीय बल्लेबाज हैं जिन पर सभी की नजर रहेगी। उन्होंने ग्रुप चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक (109 नाबाद) लगाया था।

कप्तान आयुष म्हात्रे ने गेंदबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच मैचों में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से छह विकेट लिए हैं, लेकिन उनकी बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने पांच मैचों में सिर्फ 99 रन बनाए हैं जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 53 रन है। सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज की फॉर्म भी भारत के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि दाएं हाथ का यह बल्लेबाज तीन पारियों में केवल 46 रन ही बना सका है।

**मैच : दोपहर 1 : 00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उधव मोहन, किशन सिंह।

**अफगानिस्तान:** महबूब खान (कप्तान), अजीजुल्लाह मियाखिल, फैसल शिनोजादा, खालिद अहमदजई, उस्मान सादात, उजैरुल्लाह नियाजई, अब्दुल अजीज, अकील खान, खातिर स्टानिकजई, नाजीफुल्लाह अमीरी, नूरिस्तानी उमरजई, रूहुल्लाह अरब, सलाम खान, वहीदुल्लाह जादरान, जैतुल्लाह शाहीन।

भारतीय गेंदबाजी की कमान दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल और आरएस अंबरीश के हाथ में है। इन दोनों तेज गेंदबाजों को स्पिनर खिलन पटेल का भी अच्छा सहयोग मिला है, जिन्होंने पांच मैचों में आठ विकेट लिए हैं। म्हात्रे और मल्होत्रा गेंदबाजी में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। मल्होत्रा ने अभी तक टूर्नामेंट में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से पांच विकेट लेने के अलावा भारत की तरफ से एकमात्र शतक भी लगाया है। (अनंत ज्ञान)

## ईएफआई ने अंतरराष्ट्रीय गेम्स में बिना ट्रायल के राइडर्स को एनओसी की जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए बिना किसी चयन ट्रायल्स के चार घुड़सवारों को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने को लेकर जांच के दायरे में आ गया है। इस फैसले से महासंघ में हितों के टकराव और पारदर्शिता की कमी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

सूत्रों के अनुसार, ईएफआई ने दो जनवरी 2026 को 61 कैवलरी के चार अधिकारियों को 'सक्रिय घुड़सवारी खिलाड़ी' के रूप में प्रमाणित करते हुए यूरोप में एफईआई द्वारा मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति दी। इनमें लेफ्टिनेंट कर्नल डी अपूर्वा, मेजर अनंत राज पुरोहित, मेजर यशदीप अहलावत और कैप्टन अनंत कुमार शामिल हैं।

यह एनओसी ईएफआई के उपाध्यक्ष (तकनीकी) और कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नल जगत सिंह (सेवानिवृत्त) द्वारा हस्ताक्षरित है, जिसमें कहा गया है कि महासंघ को यूरोप में किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ियों या टीमों के प्रतिनिधित्व पर कोई आपत्ति नहीं है। ईएफआई के महासचिव कर्नल जयवीर सिंह ने इस प्रक्रिया पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि एनओसी बिना किसी ट्रायल्स या पारदर्शी चयन प्रक्रिया के जारी की गई, जबकि महासंघ के पास 11 अक्तूबर 2023 का मसौदा चयन मानदंड मौजूद है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन को अनिवार्य बताया गया है। मामला तब और गंभीर हो गया जब यह सामने आया कि चयनित राइडर्स में शामिल मेजर यशदीप अहलावत, ईएफआई की कार्यकारी समिति के सदस्य मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) दीप अहलावत के बेटे हैं।

इससे हितों के टकराव के आरोप और तेज हो गए हैं। विश्व घुड़सवारी की सर्वोच्च संस्था एफईआई के नियमों के अनुसार, किसी निर्वाचित अधिकारी के करीबी रिश्तेदार को चयन या प्रतिनिधित्व से जुड़े फैसलों में प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ नहीं मिलना चाहिए। कर्नल जयवीर सिंह के अनुसार, 'बिना ट्रायल्स और तय चयन मानदंडों का पालन किए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए एनओसी जारी करना पूरी तरह गलत है। इससे पक्षपात के आरोप लगते हैं और महासंघ की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचता है।' (अनंत ज्ञान)

## टी20 विश्व कप में विदेशी टीमों की जर्सी में उतरेंगे 30 से ज्यादा भारतीय मूल के क्रिकेटर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टी20 विश्व कप में इस बार विदेशी टीमों में भारतीय मूल के क्रिकेटरों की उल्लेखनीय मौजूदगी देखने को मिलेगी। सात फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में 20 भाग लेने वाली टीमों में तीन दर्जन से अधिक भारतीय मूल के खिलाड़ी शामिल हैं, जो अपनी 'घरेलू धरती' पर प्रभाव छोड़ने के लिए बेताब होंगे।

इन टीमों में कनाडा और अमेरिका सबसे आगे हैं। कनाडा की टीम में भारतीय मूल के 11 खिलाड़ी शामिल हैं, जबकि अमेरिका (09), ओमान (07) और संयुक्त अरब अमीरात (07) भी इस सूची में प्रमुख हैं। मेजबान भारत जहां अपने खिताब का बचाव करेगा, वहीं कई अन्य टीमों में भी 'भारतीय दबदबा' साफ नजर आएगा। मुंबई में जन्मे अमेरिका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर के लिए भारत के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेलना भावनात्मक क्षण होगा। भारत के लिए अंडर-19 क्रिकेट खेल चुके नेत्रवलकर पिछले विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं और अमेरिका को पाकिस्तान जैसी टीम को हराकर सुपर आठ तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा चुके हैं।

सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करने वाले 34 वर्षीय नेत्रवलकर सात फरवरी को अपने पूर्व मुंबई टीम के साथी सूर्यकुमार यादव के खिलाफ उतरेंगे, जहां उन्हें अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना होगा। अमेरिका की कप्तानी आनंद में जन्मे मोनांक पटेल करेंगे। 32 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने पिछले विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच विजेता अर्द्धशतक जमाकर पहचान बनाई थी। वह भारत के खिलाफ मुकाबले में अपने बचपन के साथी और दुनिया के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का सामना करने को लेकर उत्साहित हैं। इटली के लिए खेलने वाले फगवाड़ा में जन्मे तेज गेंदबाज जसप्रीत सिंह ने टेप-बॉल क्रिकेट से शुरुआत की और 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। कभी उबर ड्राइवर के रूप में काम कर चुके इस खिलाड़ी के लिए विश्व कप में खेलना सपने के सच होने जैसा है। (अनंत ज्ञान)

## ओलंपिक कार्यक्रम बदलाव से कुछ हो सकते हैं असहज : आईओसी अध्यक्ष

**एजेंसी, मिलान।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की अध्यक्ष किर्स्टी कोवेंट्री ने कहा है कि ओलंपिक खेलों और स्पर्धाओं के कार्यक्रम में बदलाव कुछ लोगों के लिए असहज हो सकते हैं। अपने पहले शीतकालीन ओलंपिक से पहले उन्होंने यह चेतावनी आईओसी की वार्षिक बैठक में दी। कोवेंट्री ने कहा कि समय के साथ ओलंपिक खेलों को आधुनिक और प्रेरणादायक बनाए रखना जरूरी है, जिसके लिए कठिन फैसले और चर्चाएं आवश्यक होंगी। 'फिट फॉर द फ्यूचर' पहल के तहत खेलों और पदक स्पर्धाओं की समीक्षा का नतीजा इस साल के अंत तक घोषित होने की संभावना है।



## सभी टेस्ट खेलने की इच्छा के कारण टी20 विश्व कप से हुआ बाहर : पैट कमिंस

**एजेंसी, मेलबर्न**



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने कहा कि चोटिल होने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर होने का उनका फैसला आगामी टेस्ट सत्र के लिए पूरी तरह से फिट होने की इच्छा से भी प्रेरित था, जिसमें वह सभी मैच खेलना चाहते हैं।

ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट और वनडे के कप्तान कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए। उनकी जगह बेन ड्वार्शियस को टीम में शामिल किया गया है। टी20 विश्व कप सात फरवरी से शुरू होगा।

कमिंस ने 'ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस' से कहा, ''यह वाकई दुर्भाग्यपूर्ण था। मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, बस एक मामूली सी परेशानी हुई और उससे उबरने के लिए समय कम पड़ गया। मैं कुछ हफ्तों तक आराम करूंगा और फिर आगे की योजना बनाऊंगा।''

उन्होंने कहा, ''एडिलेड टेस्ट मैच के बाद हमें पता था कि चोट को पूरी तरह से ठीक होने में चार से आठ सप्ताह का समय लगेगा। शुरू में हमें लगा था कि इसमें चार सप्ताह ही लगेंगे, क्योंकि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन अभी-अभी एक स्कैन करवाया है और चिकित्सकों का मानना है कि इसे पूरी तरह ठीक होने में कुछ सप्ताह और लगेंगे। इसलिए समय की थोड़ी कमी पड़ गई।''

ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट मैचों का व्यस्त कार्यक्रम अगस्त से शुरू होगा, जब वह डार्विन और मैकाय में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलेगा। इसके बाद वह सितंबर में टेस्ट और वनडे के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। (अनंत ज्ञान)

## हार के बावजूद सबालेंका शीर्ष पर बरकरार

**एजेंसी, मेलबर्न**



### जोकोविच तीसरे स्थान पर पहुंचे

कार्लोस अल्काराज से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में हारने वाले 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

अल्काराज ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं।

डब्ल्यूटीए टूर पर एरीना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना रयबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। रयबाकिना रैंकिंग में दो स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर हैं।

डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान पर तीन अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ और जेसिका पेगुला हैं। सेमीफाइनल में हारने वाली एलिना स्वितोलिना दो पायदान चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गई हैं। (अनंत ज्ञान)

## हमारा ध्यान पूरी तरह से टी20 विश्व कप जीतने पर केंद्रित : मार्श

**एजेंसी, लाहौर**

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श को पाकिस्तान के भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार करने और बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बारे में सवालों का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने इन दोनों मसलों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उनका पूरा ध्यान इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने पर है।



मार्श कल रात यहां मेजबान टीम के हाथों टी20 सीरीज में 0-3 से मिली हार के बाद पाकिस्तान के मीडिया से रू-ब-रू थे। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान से टीम के प्रदर्शन के अलावा मैदान से बाहर चल रही गतिविधियों के बारे में भी सवाल पूछे गए जिनके कारण भारत और श्रीलंका में सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। मार्श से जब 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले मैच का पाकिस्तान द्वारा बहिष्कार करने के संबंध में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''इस समय मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। हम विश्व कप में सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने जा रहे हैं। बाकी चीजें अपने आप सुलझ जाएंगी।''

पत्रकारों ने उनसे बांग्लादेश को 'सुरक्षा चिंताओं' के कारण भारत आने से इनकार करने पर प्रतियोगिता से बाहर किए जाने के बारे में भी सवाल पूछा गया जिस पर उनकी प्रतिक्रिया पहले जैसी ही थी। उन्होंने कहा, ''मेरी पिछली प्रतिक्रिया भी यही थी। हम विश्व कप जीतने की कोशिश करने जा रहे हैं और हमारा पूरा ध्यान इसी पर केंद्रित है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के रूप में हमें वहां के लोगों पर भरोसा है कि वे हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। मैं बस इतना ही कहूंगा।'' (अनंत ज्ञान)

## मोहित और सरगम अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में देश का करेंगे प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान**




**सरकाघाट।** दिल्ली में 4 से 8 फरवरी तक पांचवीं वाको इंडिया ओपन इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन इंदिरा गांधी स्टेडियम में होने जा रहा है। जिसमें विश्व की लगभग 15 देशों के खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे। जिसमें हिमाचल प्रदेश के सरकाघाट के अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग रेफरी मोहित राणा भारत के रेफरी पैनल में शामिल रहेंगे।

इसके साथ इनकी किक बॉक्सिंग खिलाड़ी सरगम ठाकुर लो किक ओल्डर जूनियर के 65 किलोग्राम भार वर्ग में भारत की टीम का हिस्सा रहेंगी। सरकाघाट की मार्शल आर्ट अकादमी से संबंध रखने वाले मोहित राणा पिछले 10 वर्षों से किक बॉक्सिंग जैसे खेलो के साथ साथ समाज में लड़कियों के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देकर क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे हैं। उनका उद्देश्य समाज के हर युवा को मार्शल आर्ट खेलो के जुड़कर अपने समाज को जोड़ने का प्रयास रहा है। हिमाचल प्रदेश एमेच्योर किक बॉक्सिंग संघ के उपाध्यक्ष व वाको इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट परशुराम अवॉर्डी डॉ. संजय कुमार यादव गुरु जी का आभार व्यक्त है। संजय यादव के नेतृत्व में हिमाचल किक बॉक्सिंग अपने नए आयामों को छू रहा है।

## भारत अगले साल एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग निशानेबाजी चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत अगले साल दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी, क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है। एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफल/ पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे।

एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की। एनआरएआई ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने पत्र में कहा, ''हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।'' उन्होंने ''हमें पूरा विश्वास है कि आपके (एनआरएआई) नेतृत्व में चैंपियनशिप का



आयोजन उच्चतम मानकों के अनुरूप होगा और यह एक सफल प्रतियोगिता साबित होगी।''

एनआरएआई के महासचिव पवन कुमार ने कहा, ''यह ऐतिहासिक अवसर होगा जबकि भारत दो ओलंपिक कोटा प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा और हमें इस पर बहुत गर्व है। हम नई दिल्ली में करणी सिंह रेंज में आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन (21-30 अप्रैल) और राइफल एवं पिस्टल में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''एशियाई चैंपियनशिप की तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी, लेकिन हमें बहुत खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने प्रमुख प्रतियोगिताओं की सफल मेजबानी करने की हमारी क्षमताओं पर भरोसा दिखाया है।'' (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट**

## अनुभवी कोचिंग स्टाफ और विदेशी अनुभव से बढ़ा टीम का आत्मविश्वास

# अपने पहले टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए इटली तैयार

**एजेंसी, बेंगलुरु**

फुटबॉल के दीवाने इटली में क्रिकेट की शुरुआत 18वीं शताब्दी में हो गई थी, लेकिन यह खेल हमेशा वहां हाशिये पर ही रहा, लेकिन दो सदियों के बाद अब लगता है कि इस देश में क्रिकेट गुमनामी से बाहर निकल आएगा। वेन मैडसन की अगुवाई वाली इटली की टीम आगामी टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार है और यह सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं है।

पिछले महीने आयरलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में चार विकेट से मिली जीत टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ इटली की पहली जीत थी। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि इस ऐतिहासिक जीत के सूत्रधारों में से एक सहायक कोच केविन ओब्रायन थे जो आयरलैंड के मशहूर पूर्व ऑलराउंडर हैं। इटली ने ओब्रायन के अलावा कनाडा के पूर्व बल्लेबाज जॉन डेविसन को मुख्य कोच के रूप में अपने सहयोगी स्टाफ में शामिल किया है।



इंग्लैंड के लिए 25 वनडे और दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच तथा वारविकशर के लिए 209 प्रथम श्रेणी के मैच खेलने वाले डौगी ब्राउन टीम के दूसरे सहायक कोच हैं। इटली क्रिकेट महासंघ (आईसीएफ) की अध्यक्ष लोरिया हाज़ पाज़ ने पीटीआई से कहा, ''हमारे सहयोगी स्टाफ के पास अंतरराष्ट्रीय अनुभव है और वे जानते हैं कि विश्व कप में खेलने के लिए क्या जरूरी होता है। यह हमारे लिए वास्तव में बेहद महत्वपूर्ण है। हमारे युवा खिलाड़ी उनसे इस तरह की बड़ी प्रतियोगिताओं में दबाव झेलने के लिए काफी कुछ सीख सकते हैं। उम्मीद है कि हमारी टीम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेगी।''

पिछले साल 11 जुलाई को आईसीसी के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करना इटली क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक क्षण था। लेकिन वह इस सफलता पर संतुष्ट होकर बैठने को तैयार नहीं था। आईसीएफ ने पिछले साल नवंबर से खिलाड़ियों के कौशल को निखारने के लिए दुबई और श्रीलंका में शिविरों का आयोजन किया।

डेविसन ने कहा, ''सबसे अहम बात यह स्वीकार करना था कि काम अभी पूरा नहीं हुआ है। इन शिविर से टीम को काफी फायदा हुआ क्योंकि यहां की परिस्थितियां भारतीय परिस्थितियों से काफी हद तक मिलती-जुलती थीं। इससे खिलाड़ियों को यह पता चला कि विश्व कप में उनसे क्या उम्मीद की जा रही है। इससे उन्हें विश्व कप जैसी बड़ी प्रतियोगिता के लिए मानसिक रूप से तैयार होने में भी मदद मिली।''

इटली की टीम को उम्मीद है कि वह ग्रुप सी के अपने पहले दो मैचों में स्कॉटलैंड (जिसने बांग्लादेश की जगह ली है) और नेपाल के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करेगी। इसके बाद उसे पूर्व चैंपियन इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)